जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in
जयपुर, गुरुवार, 3 अप्रेल, 2025 ▸▸ वर्ष 16 ▸▸ अंक 332 ▸▸ पृष्ठ 12 ▸▸ मूल्य 1.50 रु.



रानी की तरह जिंदगी जीती सिकंदर की रश्मिका मंदाना

पेज: 10

## न्यूज ब्रीफ

### कुणाल कामरा को अग्रिम जमानत

**चेन्नई।** कॉमेडियन कुणाल कामरा को तमिलनाडु की एक कोर्ट से राहत मिल गई है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर किए गए एक मजाक के कारण कानूनी मामले झेल रहे कामरा को तमिलनाडु के वनूर में जिला मुंसिफ-सह-न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत ने ट्रांजिट अग्रिम जमानत दे दी है। कुणाल कामरा ने मंगलवार को मद्रास उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, जिसमें अग्रिम जमानत मांगी गई थी।

### पाक में महंगाई की मार, प्याज- टमाटर, सब महंगा

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में महंगाई को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। दुकानदार और खरीदार दोनों परेशान हैं, रमजान खत्म हो गए लेकिन सामान के दाम में कटौती नहीं हुई है। टमाटर 60 से बढ़कर 180 रुपए किलो हो गए। सरकारी रेट की बजाए चीनी 170 से बढ़कर 180 रुपए किलो में बेची जा रही है। प्याज 40 से बढ़कर 60 रुपए किलो वहीं अचार की मिर्च 110 से बढ़कर 200 रुपए किलो में बेची जा रही है। नींबू के दाम में भारी इजाफा हुआ है। सेब 400 रुपए किलो और केला 200 रुपए दर्जन में बेचा जा रहा है।

# वंदे भारत एक्सप्रेस से महज तीन घंटे में पहुंचें कश्मीर

## पीएम मोदी दिखाएंगे हरी झंडी, एफिल टावर से भी ऊंचे पुल पर दौड़ेंगी ट्रेन



फाइल फोटो





### कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक ट्रेन का सपना पूरा हो जाएगा

**जम्मू।** उत्तरी रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय के अनुसार उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक प्रोजेक्ट के पूरा होने कटड़ा और श्रीनगर के बीच यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा।

मौजूदा समय में कटड़ा से श्रीनगर जाने में 6 से 7 घंटे लगते हैं। लेकिन नई वंदे भारत एक्सप्रेस से यह रास्ता महज 3 घंटे का हो जाएगा। हिमांशु शेखर ने बताया,वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन से कटड़ा-श्रीनगर की यात्रा मात्र 3 घंटे में पूरी हो जाएगी, जबकि सड़क मार्ग से यात्रा का समय मौजूदा 6 - 7 घंटे है। वर्तमान में श्रीनगर और संगलदान के बीच ट्रेन सेवाएं चलती हैं। संगलदान से कटड़ा तक रेलवे लाइन चालू होने के बाद इन ट्रेनों को कटड़ा तक बढ़ाया जा सकता है। यूएसबी-आरएल परियोजना काजीगुंड-बारामूला खंड वर्ष 2009 में शुरू किया गया था।

### कटरा से संचालित होगी वंदे भारत एक्सप्रेस

जम्मू-कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू में कटरा से संचालित होगी क्योंकि जम्मू रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण कार्य चल रहा है। अधिकारियों के अनुसार रेल संपर्क परियोजना पिछले माह पूरी हो गयी। कटरा-बारामूला मार्ग पर ट्रेन का परीक्षण सफलतापूर्वक हो चुका है। उन्होंने कहा कि रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने जनवरी में कटरा और कश्मीर के बीच रेल सेवा को मंजूरी दी थी।

# लोस. में वक्फ संशोधन बिल पर चर्चा जारी

## अखिलेश यादव ने ली चुटकी, बोले, इतनी बड़ी भाजपा, अध्यक्ष नहीं चुन पा रही

## शाह ने कहा, हमारे करोड़ों मेंबर्स, आपको देर नहीं लगेगी, जाओ 25 साल अध्यक्ष रहो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में बुधवार को वक्फ संशोधन बिल पर चर्चा के दौरान समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा अध्यक्ष के चुनाव में हो रही देरी पर तंज कसा। अखिलेश यादव ने कहा भाजपा में एक मुकाबला चल रहा है कि कौन बड़ा है। जो पार्टी यह कहती हो कि वह दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है, वह यह नहीं तय कर पा रही कि पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा। इस पर गृह मंत्री अमित शाह अपनी सीट से उठे और हंसते हुए कहा सामने जितनी पार्टियां हैं, उनका राष्ट्रीय अध्यक्ष सिर्फ 5 लोगों को चुनना है, परिवार को। हमारे यहां करोड़ों लोग हैं। समय तो लगेगा ही। अखिलेश जी ने यह बात हंसते हुए कही, इस वजह से मैं भी हंसते हुए कह रहा हूं। आपके यहां जरा भी देर नहीं लगेगी। मैं कहता हूं आप 25 साल तक अध्यक्ष हो.. जाओ..।

▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर





### बिरला बोले अखिलेश जी, वक्फ के मुद्दे पर भी आ जाओ

*संसद में अखिलेश यादव अपनी बात रखते कभी महाकुंभ तो कभी नोटबंदी पर बोलने लगे। इसके बाद महंगाई, गंगा सफाई और किसानों की समस्याएं बताने लगे। उन्हें इन मुद्दों पर बोलते-बोलते 5 मिनट हो गया, तभी स्पीकर ओम बिरला को टोकना पड़ा। कहा, अखिलेश जी, वक्फ के मुद्दे पर भी आ जाओ।*

### ध्यान से सुनिएगा... सरकारी संपत्ति का दान नहीं किया जा सकता

### वक्फ बिल पर अमित शाह का बड़ा बयान

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन विधेयक पर लोकसभा में चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि दान अपनी संपति का कर सकते हैं, सरकारी जमीन का नहीं। उन्होंने कहा कि वक्फ एक प्रकार का चैरिटेबल एंडोरमेंट है। इसमें व्यक्ति पवित्र दान करता है। दान उसी चीज का किया जा सकता है जो हमारा है। मैं सरकारी संपति या किसी दूसरे की संपति का दान नहीं कर सकता। ये सारी बहस इसी बात पर है।

▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

# लक्ष्यराज सिंह को कुलगुरु ने गद्दी पर बैठाया

## मंत्रोच्चारण और शंखनाद के बीच रस्म निभाई

## घोड़े की आरती उतारी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**उदयपुर।** मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ को कुलगुरु डॉ. वागीश कुमार गोस्वामी ने बुधवार को गद्दी पर बैठाया। मंत्रोच्चारण और शंखनाद के बीच यह रस्म निभाई गई। इसके बाद लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने अपने कुलगुरु समेत तमाम संत महात्माओं का आशीर्वाद लिया। गद्दी की पूजा-अर्चना कर विराजमान होने के बाद लक्ष्यराज सिंह ने श्रीएकलिंग नाथजी की तस्वीर पर फूल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद धूणी दर्शन किए। अश्व पूजन भी किया। शाम को एकलिंगजी मंदिर में दर्शन करने गए।



### सिटी पैलेस में अश्व पूजन की परंपरा निभाई

उदयपुर में सिटी पैलेस के शंभू निवास में दोपहर करीब 3 बजे लक्ष्यराज सिंह बेटे हरितराज के साथ अश्व पूजन किया। पंडितों ने मंत्रोच्चार के साथ पूजन करवाया। मेवाड़ में राजतिलक या फिर गद्दी पर विराजने की रस्म के साथ ही अश्व पूजन की परंपरा भी निभाई जाती है। मान्यता है कि अश्व को स्वामी भक्ति का प्रतीक माना जाता है। युद्ध के समय अश्व भी अपने राजा को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण महाराणा प्रताप का घोड़ा चेतक था, जिसने हल्दीघाटी युद्ध में घायल होकर भी महाराणा प्रताप को युद्ध भूमि से सुरक्षित बाहर निकाला था। इसलिए मेवाड़ का पूर्व राजपरिवार विशेषकर राजतिलक या गद्दी विराजने के अलावा विशेष त्योहारों पर भी अश्व पूजन करता है।

#### 1500 साल से भी पुरानी है परंपरा

घोड़ा मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार का ही होता है। पूर्व राजपरिवार की अश्वशाला यानी अस्तबल सिटी पैलेस और शिकारबाड़ी में है। महाराणा करण सिंह ने 1620-1628 ईस्वी में घोड़ों का अस्तबल बनाया था। हालांकि मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार में अस्तबल की परंपरा 1500 साल से भी पुरानी है।

# अवैध खनन रोकथाम की समीक्षा

## अवैध खनन पर राज्य सरकार सख्त

## आकस्मिक संयुक्त अभियान से होगी अब अवैध खनन पर रोकथाम

## मुख्यालय स्तर पर भी संयुक्त टीम बनाकर करें औचक निरीक्षण

# कार्मिक राज्यहित को दें सर्वोच्च प्राथमिकता: सीएम शर्मा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अवैध खनन की रोकथाम के लिए प्रतिबद्ध है। अब राज्य सरकार इस पर सख्त एवं प्रभावी कार्यवाही के लिए आकस्मिक संयुक्त अभियान चलाएगीजिससे खनन माफियाओं पर पूरी तरह लगाम लग सके। उन्होंने कहा कि कार्मिकों का यह दायित्व है कि अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूर्ण समर्पण भाव से करें तथा राज्यहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर अवैध खनन गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए की गई कार्यवाही की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में खनिज संसाधनों की अपार संभावनाएं हैं तथा लाखों लोगों को खनन से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिल रहा है। राज्य के राजस्व में भी खनन क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

# जापान में 'मेगा भूकंप' की चेतावनी जारी

| तीन लाख से ज्यादा मौतों की आशंका | थाईलैंड-म्यांमार के बाद अब जापानी दहशत में | चेतावनी ने पूरी दुनिया में मचा दी खलबली |
|---|---|---|

**टोकियो।** थाईलैंड और म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद अब जापान में धरती के सबसे भयानक महाभूकंप की चेतावनी जारी की गई है। इससे सिर्फ जापान ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में हड़कंप मच गया है। म्यांमार और थाईलैंड के भूकंप में अब तक 2000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। धरती के सबसे मेगा भूकंप में तीन लाख से ज्यादा लोगों की मौत होने की आशंका भी जाहिर की गई है। इससे आप भूकंप की भयावहता का अंदाजा लगा सकते हैं। जापान में आने वाले इस महाभूकंप से दो ट्रिलियन डॉलर से अधिक की आर्थिक क्षति होने के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। जापान प्रशांत महासागर के बाहरी किनारों पर स्थित है, जिसे 'रिंग ऑफ फायर' के रूप में जाना जाता है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार दुनिया के सबसे बड़े भूकंपों में से लगभग 81 प्रतिशत यहीं आते हैं।

## सीएम-डिप्टी सीएम को धमकी के बाद....

# बड़ा एक्शन: सेंट्रल-जेलों से हटाई जाएगी आरएसी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश की सेंट्रल जेल से सीएम और डिप्टी सीएम को धमकियां मिलने के बाद प्रदेश की जेलों की सिक्योरिटी को लेकर बड़ा बदलाव किया है। जेल की सुरक्षा और चेकिंग के लिए तैनात आरएसी टीम को जेल से बाहर कर दिया है। अब आरएसी टीम केवल जेल के मैन गेट पर ही तैनात रहेगी। दरअसल, हाल ही में सीएम भजनलाल शर्मा को बीकानेर सेंट्रल जेल और डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा को जयपुर सेंट्रल जेल से धमकी मिली थी।

सीएम को अब तक चार बार जेल से धमकी मिल चुकी है। इसके बाद डीजी जेल गोविंद गुप्ता की ओर से मामले की जांच की तो सामने आया कि आरएएसी की टीम जेल प्रहरियों के साथ मिलकर कैदियों की भी जांच करती है। ऐसे में कैदी, जेल प्रहरी और आरएसी टीम में तैनात जवान मिलकर अंदर तक सामान पहुंचा रहे है। इसके बाद डीजी ने आदेश जारी कर मैन गेट के अलावा जेल में बैरिकेट तक तैनात आरएसी की टीम को हटाने के लिए कहा है। सीएम और डिप्टी सीएम को धमकी मिलने के बाद जेल विभाग के अधिकारियों की मीटिंग हुई। इसमें सामने आया कि आरएएसी टीम जिनकी तैनाती मुख्य गेट तक थी वह जेल सिक्योरिटी के तीसरे बैरक तक पहुंच गई। यहां आने वाले कैदियों के सामान, कैदियों और उनके परिजनों की जांच भी जेल प्रहरी की जगह ये करने लगे। जेल अधिकारियों का मानना था कि जेल बैरक के गेट तक आरएएसी के जवानों की जांच के बाद जेल प्रहरी और कैदियों की मिलीभगत बढ़ गई। कैदी, जेल प्रहरी से मिलीभगत करता है और इसके बाद जेल प्रहरी आरएएसी के जवान से, क्योंकि कैदियों के लिए आने वाला सामान भी वहीं जांचने लगा था।

### भरतपुर में सेवर कस्बे की सब्जी मंडी में तीन सिलेंडर फटे, 10 दुकानें खाक

**भरतपुर।** भरतपुर जिले के सेवर कस्बे की सब्जी मंडी में एक अप्रेल की देर रात अचानक भीषण आग लग गई। इस आग में लगभग 10 लकड़ी की दुकानें जलकर खाक हो गईं। आग लगने के दौरान तीन गैस सिलेंडरों के विस्फोट होने से जबरदस्त धमाके हुए, जिससे आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। आग इतनी तेज थी कि स्थानीय लोगों द्वारा किए गए प्रयासों के बावजूद उस पर काबू नहीं पाया जा सका, जिसके बाद दमकल विभाग को सूचना दी गई। रात करीब 10.30 बजे सब्जी मंडी में स्थित एक दुकान में अचानक आग लग गई।

## सेना ने 5 घुसपैठियों को मार गिराया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सेना ने 4-5 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया। हालांकि, इसे लेकर सेना का आधिकारिक बयान नहीं आया है। घटना मंगलवार शाम को पुंछ में नियंत्रण रेखा पर कृष्णा घाटी सेक्टर के फॉरवर्ड एरिया में हुई। एलओसी से सटे इलाके में 3 माइन ब्लास्ट हुए और पाकिस्तान की ओर से फायरिंग भी हुई थी। दावा है कि इसी समय आतंकियों ने घुसपैठ की कोशिश की थी। भारतीय सेना ने जवाबी फायरिंग की थी। जिसमें 4 से 5 घुसपैठियों मारे गए। सेना के एक प्रवक्ता ने कहा- एक अप्रैल को एलओसी के उस पार से पाकिस्तानी सेना ने घुसपैठ की कोशिश की। इसके कारण कृष्णा घाटी सेक्टर में एक माइन ब्लास्ट हुआ। पाकिस्तानी सेना ने बिना उकसावे के फायरिंग की और संघर्ष विराम का उल्लंघन किया गया। उन्होंने बताया कि हमारे सैनिकों ने फायरिंग का जबाव दिया। स्थिति नियंत्रण में है और इस पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

### पाकिस्तानी राष्ट्रपति जरदारी की तबीयत खराब



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की तबीयत खराब होने के बाद उन्हें एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बुखार और इन्फेक्शन की शिकायत के बाद 69 साल के जरदारी को कराची से 600 किमी. दूर नवाबशाह से अस्पताल लाया गया था। उनके कई टेस्ट कराए गए हैं और डॉक्टर उनकी हालत पर नजर बनाए हुए हैं। 23 मार्च को जब जरदारी ने पाकिस्तान दिवस पर भाषण दिया था, तो कई बार उनकी जुबान लड़खड़ा गई थी। भाषण में देखा गया था कि जरदारी एक शब्द को मुश्किल से पढ़ पा रहे है।

# राजलदेसर में पंचायत समिति बनाने को लेकर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** कस्बे में लंबे समय से पंचायत समिति बनाने की मांग जन प्रतिनिधियों द्वारा उठाई जा रही है। इसी के तहत बुधवार को राजलदेसर तहसील में आने वाले ग्रामीण क्षेत्र के सरपंचों ने एवं सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारी व सामाजिक संगठनों ने चूरू जिला मुख्यालय पर जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा को ज्ञापन सौंपकर अवगत करवाया कि राजलदेसर कस्बे की सबसे महत्वपूर्ण मांग है एवं पंचायत के अधीन जितनी भी गाइडलाइन आती है उनको फॉलो कर रही है। साथ ही चूरू जिले के अंदर सबसे अच्छी पंचायत समिति अगर नए सिरे से गठन होकर बनेगी तो राजलदेसर एक नंबर की होगी। जिला कलेक्टर ने कहा आपके ज्ञापन पर ध्यान पूर्वक विचार करके आगे भेजा जाएगा । इसी प्रकार भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं परिसीमन अभियान के प्रदेश संयोजक राजेंद्र सिंह राठौड़ को ज्ञापन उनके प्रतिनिधि के तौर पर भाजपा जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा को ज्ञापन देकर अति शीघ्र पंचायत समिति राजलदेसर में बनाने की मांग की जिस पर भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि 7 अप्रैल तक आवेदन लिए जा रहे हैं उसके बाद राजलदेसर को पंचायत मुख्यालय बनाने के लिए पूरी कोशिश की जाएगी एवं जो भी नियम फॉलो करती है तो उस पर प्रमुखता के साथ विचार किया जाएगा। इस अवसर आलसर सरपंच भानीराम मेघवाल ने कहा राजलदेसर कस्बे में पंचायत समिति बनने के बाद ग्रामीण क्षेत्र के सरपंचों को अपने छोटे-मोटे कार्यों के लिए रतनगढ़ नहीं जाना पड़ेगा। भरपालसर सरपंच दातारसिंह ने कहा कि राजलदेसर में पंचायत बनने पर आसपास ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए बहुत बड़ी सौगात होगी। सरकार को ग्रामीण क्षेत्र की महत्वपूर्ण मांग को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द राजलदेसर में पंचायत समिति बनाने का प्रस्ताव जारी करना चाहिए। वहीं लाछड़सर सरपंच प्रतिनिधि जगदीश सहू ने कहा ये बहुत महत्वपूर्ण मांग है। इस पर सरकार को विचार करना चाहिए एवं अति शीघ्र राजलदेसर में पंचायत समिति की घोषणा होनी चाहिए। वहीं युवा नेता सांवरमल ढाका ने कहा राजलदेसर तहसील में जो नियम आते हैं सभी तरह के नियम पंचायत समिति बनाने में फॉलो करती है एवं ग्रामीण क्षेत्र की मांग एवं कस्बे की मांग को देखते हुए पंचायत समिति कार्यालय अति शीघ्र खोलना चाहिए। इसी प्रकार समाजसेवी पुरुषोत्तम पारीक ने कहा राजलदेसर में आसपास के अनेकों ग्रामीण क्षेत्र हैं उन लोगों की लंबे समय से मांग चल रही है एवं जो परिसीमन हो रहा है उसके तहत राजलदेसर में हर हालत में पंचायत समिति बननी चाहिए। किसान नेता भादर भांमू ने कहा किसानों को छोटे-मोटे कार्य के लिए रतनगढ़ जाना पड़ता है। साथ ही समय के साथ-साथ आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। यह राजलदेसर कस्बा सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों की महत्वपूर्ण मांग है। इस पर सरकार को निर्णय लेना चाहिए। भाजपा नेता शंकरलाल खडोलिया ने कहा कि राजलदेसर में पंचायत समिति हर हालत में बनी चाहिए। पंचायत समिति बनने के बाद राजलदेसर कस्बा और अधिक प्रगति करेगा। राजलदेसर युवा विकास समिति के मंत्री मदन दाधीच ने कहा कि पंचायत समिति बनने के बाद अनेकों अधिकारी गण यहां पर पद स्थापित होंगे जिससे छोटे-मोटे कार्य यहीं पर शुरू हो जाएंगे एवं कस्बे में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

# 'महिलाओं का तकनीकी रूप से समृद्ध होना विकसित समाज की आधारशिला'

## विधायक हरलाल सहारण ने महिलाओं के लिए निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण बैच का किया उद्घाटन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** चूरू विधायक हरलाल सहारण ने बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित एक्सीलैंट कंप्यूटर सेंटर में महिला अधिकारिता विभाग द्वारा चयनित महिलाओं के लिए निःशुल्क कंप्यूटर कोर्स के नए बैच का उद्घाटन किया। एक्सीलैंट कंप्यूटर सेंटर की संचालिका मंजू प्रजापत व मुकेश जांगिड़ ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि महिलाओं का तकनीकी रूप से समृद्ध होना विकसित समाज की आधारशिला है। महिलाएं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगी तो निस्संदेह भावी पीढ़ी अधिक कौशल, मानसिक व तार्किक रूप से समृद्ध होगी। उन्होंने कहा कि सरकार महिला उत्थान के लिए समग्र प्रयास कर रही है। महिलाओं को तकनीकी प्रशिक्षण देना सराहनीय पहल है। एक्सीलैंट कंप्यूटर सेंटर द्वारा चूरू में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य प्रशंसनीय हैं। उन्होंने बालिकाओं व महिलाओं को प्रोत्साहित किया। उपस्थित सभी ने इस पहल की सराहना की और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताया। निदेशक मंजू प्रजापत ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार के जनकल्याणकारी प्रयासों के अंतर्गत महिला अधिकारिता विभाग द्वारा चयनित 99 महिलाएं वर्तमान में 90 दिनों का कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। इस दौरान आरिफ भालेरी, पवन गुर्जर, आरकेसीएल से डीपीओ कैलाश, जिला समन्वयक पंकज पारीक, सुरेश कुमार सहित महिलाएं मौजूद रहीं।

# न्यूज ब्रीफ

## जिले में 14 मई तक चलेगा मलेरिया क्रैश कार्यक्रम

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले में 14 मई तक मलेरिया क्रैश कार्यक्रम का प्रथम चरण चलाया जाएगा। कार्यक्रम की सफल क्रियान्वित को लेकर सभी खंड मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को निर्देश जारी किए गए है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.धर्मसिंह मीणा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मलेरिया सहित अन्य मच्छर जनित मौसमी बीमारियों से बचाव, रोकथाम की प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया आदि मौसमी बीमारियों से बचाव, रोकथाम व जागरूकता सबंधी गतिविधियां की जाएगी। इस संबंध में उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतराम मीणा ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम चरण के दौरान बायोलॉजिकल कंट्रोल के तहत हैचरी क्रियाशील करने व स्थाई जल स्त्रोतों में लार्वा भक्षी गम्बूशिया मछली डालने के भी निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम में घर-घर जाकर बुखार के मरीजों का सर्वे कर रक्त पट्टिका ली जाएगी। त्वरित जांच कर पॉजिटिव पाए जाने पर उपचार किया जाएगा। पॉजिटिव मरीजों के घरों के आसपास मच्छरों के प्रजनन स्थलों की पहचान कर लार्वा रोधी गतिविधियां की जाएगी। सभी चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को प्रत्येक शनिवार अपने अधीन समस्त एएनएम की टीम गठित कर स्वास्थ्य केंद्र मुख्यालय पर से एन्टीलार्वल, सोर्स रिडक्शन तथा आमजन में जागरूकता पैदा करने के साथ ही क्षेत्र के प्रत्येक सरकारी, निजी विद्यालयों में भ्रमण कर विद्यार्थियों को मलेरिया, डेंगू चिकनगुनिया से बचाव हेतु शिक्षा प्रदान करने के निर्देश दिए। प्रत्येक चिकित्सा संस्थान पर मलेरिया, डेंगू आईईसी कॉर्नर स्थापना करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## परिवहन विभाग की मेहनत लाई रंग

### परिवहन विभाग ने गत वर्ष से 115 प्रतिशत अधिक राजस्व किया अर्जित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** परिवहन विभाग ने इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में गत वित्तीय वर्ष 2023-2024 के राजस्व लक्ष्य के विरुद्ध समस्त फील्ड स्टाफ एवं कार्यालय स्टाफ की कड़ी मेहनत की वजह से एवं सख्त प्रवर्तन कार्यवाही कर 149 करोड़ राजस्व का अर्जन किया है, जो कि गत वर्ष की तुलना में 115 प्रतिशत है। साथ ही सख्त प्रवर्तन कार्यवाही कर इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में गत वित्तीय वर्ष 2023-2024 की तुलना में 14 करोड़ प्रशमन राशि के विरुद्ध 20 करोड़ प्रशमन राशि अर्जित की जो कि गत वर्ष से 138 प्रतिशत है। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि मार्च 2025 में बिना कर चुकाए वाहनों के विरूद्ध कडी कार्यवाही की वजह से जिले में अब तक का सबसे अधिक कर 16 हजार 800 वाहनों से 50 करोड़ प्राप्त किया, जो कि गत वर्ष 14 हजार 800 वाहनों से 37 करोड़ था, जो कि गत वर्ष का 135 प्रतिशत है। साथ ही मार्च 2025 में कुल 59 करोड राजस्व अर्जित किया गया जो कि गत वर्ष का 126 प्रतिशत है। विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु जिले के नागरिकों में जागरूकता पैदा करने हेतु वर्ष पर्यंत विभिन्न आयोजनों के माध्यम से निरंतर रूप से प्रसास किये गये, जो कि आगे भी जारी रहेंगे।

## ओपीडी सेवाओं में किया विस्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** पंखा रोड स्थित जीवन रेखा हॉस्पिटल में अब 1अप्रैल से जीवन रेखा हॉस्पिटल चूरू में ओपीडी सेवाएं शाम में भी होगी उपलब्ध समय 9:00 बजे से 2:00 बजे तक शाम 5:00 बजे से 7:00 बजे तक जिला मुख्यालय के पंखा रोड स्थित जीवन रेखा हॉस्पिटल में सभी मरीजों के लिए अब सुबह ओर शाम दोनों समय ओपीडी की सुविधाएं उपलब्ध होंगी जिसमें हृदय रोग-जनरल फिजिशियन-श्वास एवं दमा रोग-जनरल सर्जरी-हड्डी एवं जोड़ रोग-2डी ईको फिजियोथेरेपी और विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 24 घंटे इमरजेंसी एवं ट्रॉमा सेवाएं भी मिलेगी। निदेशक महेश गोयनका ने बताया कि मल्टीस्पेशलिटी सुविधा युक्त जीवन रेखा हॉस्पिटल में आयुष्मान योजना में हार्ट स्टेंटिंग, किडनी से संबंधित यूरोलॉजी के ऑपरेशन, हड्डियों के ऑपरेशन, डायलिसिस, सामान्य एवं दूरबीन द्वारा ऑपरेशन निशुल्क हो रहे है।

## सैन जयंती महोत्सव को लेकर बैठक आयोजित, समिति अध्यक्ष राजेश रक्षक ने सौंपी जिम्मेदारियां



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** सैन जयंती महोत्सव को लेकर सैन मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सैन जयंती पर तीन दिन होने वाले कार्यक्रमों को लेकर बैठक में चर्चा की। सैन सेवा समिति अध्यक्ष राजेश रक्षक ने बताया कि 25 अप्रेल को जिले में सैन जयंती महोत्सव मनाया जाएगा। जिसको लेकर चूरू सैन सेवा समिति की ओर से भी विभिन्न आयोजन करवाये जायेंगे। उन्हानें बताया कि जयंती महोत्सव पर 21, 22 व 23 अप्रेल क्रिकेट प्रतियोगिता होगी। जिनमें समाज के युवा अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। 24 अप्रेल को सैन मंदिर में चित्रकला व पेंटींग प्रतियोगिता होगी। इसी दिन दोपहर में महिलाएं भजन-कीर्तन करेगी। 25 अप्रेल की सुबह नौ बजे सैन मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। जिसमें समाज के महिला पुरूष शामिल होंगे। वहीं शाम को समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया जायेगा। समिति अध्यक्ष राजेश रक्षक ने बताया कि पहली बार कर्पूरी ठाकुर की जीवनी पर लेख प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जा रहा हैं। जिसमें 700 शब्दों की लिमिट रखी गयी है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी 21 अप्रेल को अपना लेख मंदिर में जमा करवाये। बैठक में ओमप्रकाश, कामेश सविता, राजेंद्र रक्षक, गोपाल, नरेंद्र भाटी, श्याम सुंदर भाटी, अशोक तंवर, लक्ष्मी नारायण, बसंत रक्षक, कपिल रक्षक, सूर्यप्रकाश, अर्जुन बशीर, कमल रक्षक, दीपक रक्षक, सुशील भाटी, रमेश, विद्याधर, जयप्रकाश व ओम जाड़ीवाल आदि मौजूद थे।

## चिड़ावा के राजकीय उप जिला अस्पताल में सोनोग्राफी की सुविधा शुरू

**चिड़ावा।** राजकीय उप जिला अस्पताल में अब मरीजों को सोनोग्राफी जांच की निःशुल्क सुविधा मिलने लगेगी। इससे पहले मरीजों को बाहर निजी लेब से महंगी दर पर सोनोग्राफी करवानी होती थी। भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया के प्रयास से राज्य सरकार द्वारा अस्पताल को 22 लाख रुपये की लागत से नई सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध करवाई है, जिसका उद्घाटन राजेश दहिया ने फीता काटकर किया। समारोह को संबोधित करते हुवे मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया ने कहा कि अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन की काफी समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी। जिसके फलस्वरूप मरीजों को सोनोग्राफी बाहर करवानी होती थी। सरकार द्वारा अस्पताल में अब मशीन उपलब्ध करवाई जाने से क्षेत्रवासियों को आर्थिक बचत के साथ अस्पताल के अंदर ही सोनोग्राफी की सुविधा आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। जिससे समय ओर अर्थ दोनो की बचत होगी।

# ढिगारलावाले मित्तल परिवार के सौजन्य से नैत्रहीन गौवंश के आवास हेतु शेड निर्माण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** श्री मोक्ष भूमि गौशाला, राजगढ़ मे सेठ स्व. गजानन्द मित्तल ढिगारलावाला शंकरलाल मित्तल व प्रेम कुमार मित्तल पुत्रगण सेठ स्व.मंगतुराम मित्तल ढिगारलावाले श्रवण कुमार अग्रवाल, सुभाष चन्द्र अग्रवाल सीए, डॉ. रमेश अग्रवाल, हरिश चन्द्र अग्रवाल सीए घनश्याम अग्रवाल पुत्रगण सेठ स्व. सत्यनारायण मित्तल ढिगारलावाले सरपंच डॉ. जेके मित्तल पुत्र सेठ स्वगीय भगवानदास मित्तल ढिगारलावाले (सरेश कुमार व नरेश कुमार मित्तल पुत्रगण) की स्मृति में उनके सुपुत्रों द्वारा नैत्रहीन गौवंशों के आवास हेतु चारा, पानी खैल व सिंलिंग फेन सहित शेड का निर्माण अनुमानित कीमत 5,00,000/- करवाकर ढिगारलावाले मित्तल परिवार के सानिध्य में पाखी मित्तल व ईशिटा मित्तल द्वारा फीटा काटकर भेंट किया। गौशाला परिवार द्वारा ढिगारलावाले मित्तल परिवार का दुपट्टे व गाय माता का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया । सम्मान कार्यक्रम में प्रेम कुमार मित्तल व डॉ जे.के.मित्तल की ओर से 2-2 लाख आजीवन ट्रस्टी की राशि श्री मोक्ष भूमि व गौ सेवा समिति चेरिटेबल ट्रस्ट, राजगढ़ को प्रदान की गई।

# सिद्धमुख तहसील कार्यालय का घेराव किया, कलेक्टर के नाम दिया ज्ञापन



**सादुलपुर।** सिधमुख तहसील कार्यालय का किसानों द्वारा धेराव किया गया। तहसील कमेटी सदस्य हनुमान शर्मा की अध्यक्षता में तहसीलदार के नाम कलेक्टर चूरू के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसान रेंडम प्रणाली से क्रॉप कटिंग करवाने की मांग को लेकर तहसील क्षेत्र के किसानों द्वारा सिद्धमुख तहसील कार्यालय का घेराव किया। तहसील क्षेत्र में रबी फसल की स्मार्ट क्रॉप कटिंग पर किसानों ने एतराज जताया था किसानों का कहना है कि स्मार्ट क्रोप कटींग में नियमों की अनदेखी हो रही है जिससे असंतुष्ट किसानों द्वारा को स्मार्ट सैम्पलिंग प्रणाली को हटाकर रेंडम प्रणाली से क्रॉप कटिंग करवाने की मांग को लेकर सिधमुख तहसीलदार कार्यालय का घेराव किया। रण सिंह मूड, दलवीर ज्याणी, शक्ति सिंह चैनपुरा बड़ा, नरेंद्र सिंह ढाका, मोहनलाल शर्मा, राम अवतार रेजड़ी, गौरी शंकर प्रजापत, नूर मोहम्मद, विकास लेगा, विनोद छापोला, सुभाष जांगिड़, अकबर खान, निहालसिंह छापोला,महेंद्र बिरमी छोटी, हनुमान शर्मा चैनपुरा छोटा, कृष्ण कड़वासरा, सुरताराम भीमसाना, रामनिवास लाम्बा, सोनू जलेवा, चिमनाराम सहित कई गांव के किसान मौजूद रहे।

# सादुलपुर कृषि मंडी में 88.87 लाख रुपये के विकास कार्यों की स्वीकृति



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सादुलपुर कृषि मंडी में बिजली, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं को सुधारने के लिए 88 लाख 87 हजार रुपये की स्वीकृति जारी की है। सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुमित्रा पूनिया ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सादुलपुर की अनाज मंडी में तीन हाई मास्क लाइट मंडी परिसर में लगाई जाएंगी। इसके अलावा पूरी मंडी में छोटी स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी, जिससे रात में भी बेहतर रोशनी उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि पीने के पानी की व्यवस्था सुधारने के लिए नई पाइपलाइन बिछाई जाएगी। अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी विस्तार किया जाएगा ताकि किसानों को अधिक सहूलियत मिल सके। सादुलपुर से भाजपा प्रत्याशी सुमित्रा पूनिया ने मुख्यमंत्री से इन विकास कार्यों की मांग की थी, जिसके बाद सरकार ने इसे मंजूरी दी। इस निर्णय से मंडी में व्यापारियों और किसानों को सुविधाएं मिलेंगी और मंडी का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा।

# नेत्र अस्पताल को तीन ए सी व एक ऑप्थाल्मोस्कोप भेंट




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** स्थानीय सामाजिक संस्था लाइंस क्लब चूरू द्वारा जीवन ज्योति नेत्र, कान नाक गला वह दंत रोग अस्पताल को तीन एयर कंडीशनर एवं एक आप्थअलमोस्कोप भेंट किया गया। क्लब के एडमिनिस्ट्रेटर डॉक्टर कमल वशिष्ठ ने बताया कि क्लब अध्यक्ष आर्किटेक्ट अनुराग शर्मा के अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर महेश पुकार थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भामाशाह गणेश गोयंका, लायन राजीव चाहर, महेंद्र राजगढ़िया एवं बुगालिया मंचासीन थे। कार्यक्रम अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने बताया विगत क्लब द्वारा आयोजित किए गए निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण शिविर के समापन समारोह में वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शशिधर शर्मा के आग्रह पर भामाशाह राजीव चाहर एवं महेंद्र राजगढ़िया ने अस्पताल को एयर कंडीशनर देने की घोषणा की साथ ही विगत कैंप के दानदाता श्री गणेश प्रसाद गोयंका ने अस्पताल की मांग पर रोगियों के नेत्र के पर्दे की जांच करने के लिए आप्थलमोस्कोप देने की घोषणा की थी जिसको आज एक शानदार समारोह में अस्पताल प्रशासन को भेंट किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर महेश पुकार ने लाइंस क्लब को साधुवाद देते हुए उनके कार्यों की सराहना की।

# धरा से अम्बर तक राम ही राम है : डॉ. कृष्णा आचार्य



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** नव वर्ष प्रतिपदा पर काव्य गोष्ठी अखिल भारतीय साहित्य परिषद की नवगठित इकाई श्रीडूंगरगढ़ द्वारा आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय के सभागार में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में बीकानेर संभाग की वरिष्ठ कवियत्री कृष्णा आचार्य 'धरा से अंबर तक राम ही राम है' काव्यपाठ किया तो श्रोत्रा उनके साथ गुनगुना उठे। आचार्य ने राम को राष्ट्र रक्षा से जोड़ते हुए कहा कि भारत के कण कण में बसता सत्य सनातन राम है। उन्होंने राजस्थानी भाषा मे नववर्ष का गीत सुनाया और श्रोताओं की मांग पर अपनी प्रसिद्ध रचना 'जोगिया रा दोहा' की प्रस्तुति भी दी। प्रसिद्ध कवि राजाराम स्वर्णकार ने मां की महिमा की भावभरी प्रस्तुति देकर सभी के ह्रदय में मां के प्रति आदर का भाव भर दिया। उन्होंने माँ को कुम्भ समान बताया। स्वर्णकार ने राजस्थान दिवस पर मायड़ भाषा की बात भी उठाई। राजू शर्मा ने राष्ट्र आराधना करते हुए ओज गुण का संचार किया। शर्मा ने शहीद के गौरव को गाया और सोशल मीडिया पर प्रचार करने वाला नहीं बल्कि कर्म के प्रति कर्मठ बनने की प्रेरणा दी। कवियत्री बसंती हर्ष ने 'नारी शक्ति अनीति हटाएगी इस धरा की' कविता का पाठ कर महिला शक्ति को अपना अस्तित्व दृढ़ बनाने, स्व गुणों से धरती महकाने व नारी सम्मान की प्रेरणा दी। काव्य गोष्ठी का संचालन करते हुए कवि छैलूदान चारण 'छैल' ने 'वतन को जिंदाबाद लिखता हूं' कविता के माध्यम से देशभक्ति का जोश व उत्साह का संचार सभा में किया। उन्होंने गीत सुनाते हुए वर्तमान स्थितियों पर व्यंग्य किया और किसान के त्याग, बलिदान, तप, धीरशीलता को मीठे प्यार से ठगे जाने की बात कही। छैल ने अपनी प्रसिद्ध रचना 'जयवंता रे जायेड़ा ने मायड़ भोम बुलावे है।' पर खूब दाद बटोरी। समिति उपाध्यक्ष सरोज शर्मा ने नववर्ष पर प्रभावी कविता सुना कर खूब सराहना बटोरी। शर्मा ने आज की महिला को संबोधित करते हुए 'कृष्ण ही नहीं राधा बने रक्षक यही चाहती हूं।' की बात कही। ऊपनी के सीताराम 'सितारा' ने भारतीय नववर्ष प्रकृति में मानवीय अलंकार से सजी सुदंर कविता का मायड़ भाषा में पाठ किया। उन्होंने राजस्थान दिवस पर भी कविता सुनाते हुए युवाओं को अपने कंफर्ट जॉन से बाहर निकलकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। कवियत्री सपना मीणा ने 'बिन बाप की बेटी बोझ बन जाती है' कविता में बेटी के भावों को पढ़ा। मीणा ने वीरांगनाओं पर भाव भरी कविता सुना कर श्रोताओं को भावुक कर दिया। श्रीडूंगरगढ़ की नव कवियत्री मनीषा सोनी ने रूठी राणी पर अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। वहीं मोमासर के बाल कवि कमल प्रजापत ने राम भदावर की ओज गुण से भरी कविता की प्रस्तुति दी। अखिल भारतीय साहित्य परिषद की नवगठित इकाई श्रीडूंगरगढ़ द्वारा आयोजित काव्य गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में मंच पर उपखंड अधिकारी उमा मित्तल शामिल हुई।

# 'मोबाइल एक व्यसन है इसका कम से कम प्रयोग करें'

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** सम्पूर्ण भारतीय खत्री समाज के सभी नौ घटकों ( सिख,सिंधी, तैलीय, मुल्तानी, भाटिया, अरोड़ा, मोदी, पंजाबी व ब्रह्म खत्री) को साथ लेकर जयपुर में आयोजित 12वें राष्ट्रीय अधिवेशन और 17वें युवक-युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन की अपार सफलता से अभिभूत होकर अखिल भारतीय खत्री -मोदी -अरोड़ा समन्वय समिति और माता हिंगलाज़ एंड वरुणदेव चेरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट खत्री राजेन्द्र मोदी ( सूर्यवंशी ) ने टीम के साथ गढ़ गणेशजी व मोती डूंगरी गणेशजी मंदिर में साष्टांग धोक लगा कर उन्हें इस सफलता का श्रेय देते हुए युवाओं को संदेश दिया कि मोबाइल एक व्यसन है इसका कम से कम प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज एश आईश के दौर में जॉब का ट्रेंड बदल रहा है इसलिए अपने करियर को रफ्तार देने के लिए उन्हें स्किल की स्टीयरिंग को मजबूती से पकड़ना होगा। राजस्थान रत्नश्री की उपाधि से विभूषित हिन्दू रत्न राजेन्द्र मोदी ने सम्पूर्ण भारतीय खत्री समाज को जात पात की करो विदाई-खत्री हम सब भाई भाई का संदेश देते हुए कहा कि जिस दिन एक खत्री परिवार को मुसीबत में देख कर स्वत: ही 40-50 खत्री भाई पहुंचने लगेंगे, तब समझना खत्री सब एक हो रहे हैं और जब सभी बीस करोड़ खत्री संगठित दिखाई देंगे तभी सरकारें उन्हें उनका अधिकार देगी। एयर कंडीशन में बैठ कर नित नई संस्थाएं बना लेने और पद बांट देने से कुछ नहीं मिलने वाला है। हमें धरातल पर काम करना होगा।

## मुख्यमंत्री ने ली सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक

### अन्त्योदय के संकल्प को साकार करने में सहकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका

# सहकार से समृद्धि की भावना के साथ कमजोर वर्ग का सशक्तिकरण राज्य सरकार की प्राथमिकताः सीएम



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार के अन्त्योदय के संकल्प को साकार करने में सहकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका है। सहकार से समृद्धि की भावना के साथ समाज के कमजोर वर्ग को सशक्त बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हमारे गांवों को समृद्ध और खुशहाल बनाने के लिए राज्य सरकार प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम सेवा सहकारी समितियों की स्थापना कर रही है।

शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों को सशक्त एवं समृद्ध बनाए जाने में सहकार आन्दोलन की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस हेतु राज्य सरकार राजस्थान सहकारिता अधिनियम 2001 को वर्तमान परिपेक्ष्य में प्रासंगिक बनाने के लिए नवीन कॉपरेटिव कोड लेकर आएगी। इसके लिए गठित एक समिति ने सहकारी आंदोलन में अग्रणी महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश और केरल जैसे राज्यों का दौरा कर वहां के सहकारी कानूनों का व्यवहारिक अध्ययन भी किया है। शर्मा ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने बजट 2024-25 की अनुपालना में 23 हजार करोड़ रुपये से अधिक का ब्याज मुक्त अल्पकालीन फसली ऋण वितरित किया है। इससे राज्य के 35 लाख से अधिक किसान लाभान्वित हुए हैं। बजट 2025-26 में भी25 हजार करोड़ रुपये के ऋण वितरण की घोषणा की गई है।

**बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन हो सुनिश्चितः-** शर्मा ने सहकारिता विभाग से संबंधित बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को इनका समयबद्ध रूप से प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सहकारी संस्थाओं के भण्डारण की क्षमता में वृद्धि करने के लिए 150 ग्रामसेवा सहकारी समितियों में 100 से 500 मेट्रिक टन क्षमता के गोदामों का निर्माण कराया जा रहा है। इन गोदामों में कृषि उत्पादों का योजनाबद्ध ढ़ंग से भण्डारण सुनिश्चित हो, ताकि इनका अधिकतम उपयोग लिया जा सके। शर्मा ने कहा कि राज्य के 1 लाख गोपालक परिवारों को गोपाल क्रेडिट कार्ड के तहत 1 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। बजट 2025-26 में इन परिवारों की संख्या बढ़ाकर 2 लाख 50 हजार कर दी गई है। साथ ही, इस बजट में पीएम किसान सम्मान निधि के तहत दी जाने वाली राशि को भी बढ़ाकर आगामी वर्ष से 9 हजार प्रतिवर्ष करने की घोषणा की गई है।

**खरीफ-2024 में दलहन और तिलहन की 4700 करोड़ रुपये से अधिक की खरीदः-** मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान राज्य सहकारी क्रय विक्रय संघ लि0 की ओर से खरीफसीजन 2024 में दलहन और तिलहन जैसे मूंग, उड़द, मूंगफ्ली, सोयाबीन की 4 हजार 700 करोड़ रुपये से अधिक की खरीद की गई, जिसमें मूंगफ्ली की 4 लाख 38 हजार 800 मेट्रिक टन से भी अधिक की रिकॉर्ड खरीद की गई।साथ ही, रबी सीजन 2025-26 के लिए सरसों और चने की खरीद हेतु रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ हो चुका है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पर्याप्त प्रचार-प्रसार कर किसानों को केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जाए। पात्र किसानों को सहकारी बैंकों के द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसानों और ग्रामीणों के अधिक से अधिक बचत खाते सहकारी बैंकों में खुलें।

## चिकित्सा मंत्री ने समीक्षा कर दिए निर्देश

# मौसमी बीमारियों से बचाव की हो पुख्ता तैयारियां

### अलर्ट मोड में रहें अधिकारी, नियमित रूप से करें निरीक्षण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि मौसम विभाग के अनुसार इस वर्ष भी राजस्थान सहित देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी एवं हीटवेव की चेतावनी दी गई है। इसे देखते हुए सभी जिलों में अधिकारी अलर्ट मोड में रहते हुए जल्द से जल्द आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें। किसी भी चिकित्सा संस्थान में जांच, दवा एवं उपचार से संबंधित व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं रहे। किसी भी स्तर पर लापरवाही सामने आई तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

चिकित्सा मंत्री बुधवार को स्वास्थ्य भवन में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आगामी गर्मियों में मौसमी बीमारियों से बचाव की तैयारियों सहित अन्य विषयों पर समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर से मौसमी बीमारियों से बचाव की तैयारियों की सतत मॉनिटरिंग की जाए। साथ ही, राज्य स्तर से अधिकारी नियमित रूप से फील्ड में जाकर निरीक्षण करें। साथ ही, संभाग एवं जिला स्तर के अधिकारी भी अपने—अपने क्षेत्र में आवश्यक रूप से निरीक्षण करें ताकि चिकित्सा व्यवस्थाएं चाक—चौबंद रहें।

**जहां स्टाफ की कमी, वहां तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करें:-** खींवसर ने सभी जिलों में चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जहां भी डॉक्टर्स या नर्सिंग स्टाफ पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं है, वहां वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। स्थानीय स्तर पर नियमानुसार संविदा आधार पर चिकित्सक या अन्य चिकित्साकर्मियों की सेवाएं ली जाएं। उन्होंने गुरूवार दोपहर तक सभी जिलों से चिकित्सा संस्थानों में मानव संसाधन की स्थिति की विस्तृत जानकारी भिजवाने के निर्देश दिए।

**जरूरी संसाधनों की खरीद एवं मेंटीनेंस समय पर हो:-** चिकित्सा मंत्री ने कहा कि किसी भी चिकित्सा संस्थान में पंखे, कूलर, एसी आदि की कमी की शिकायत नहीं आए। समय रहते जरूरी संसाधनों की खरीद एवं मेंटीनेंस सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए तात्कालिक आवश्यकतानुसार आरएमआरएस में उपलब्ध राशि का नियमानुसार उपयोग किया जाए। साथ ही, दानदाताओं, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं भामाशाहों से भी सहयोग लिया जा सकता है। खींवसर ने कहा कि जिलों में कंट्रोल रूम स्थापित कर उनका सुचारू संचालन किया जाए। सभी अस्पतालों में आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्थाएं पुख्ता हों। एम्बुलेंस की क्रियाशीलता एवं उसमें सभी जीवन रक्षक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित हो। आमजन को मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक करने के निर्देश भी दिए।

**ट्रोमा सेंटर व एफआरयू के रिक्त पदों को जल्द भरेंगे:-** खींवसर ने सभी जिलों में ट्रोमा सेंटर्स एवं एफआरयू के सुचारू संचालन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि लोगों का जीवन बचाने में ट्रोमा सेंटर्स की भूमिका महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार इन सेंटर्स में आवश्यक मानव संसाधन एवं उपकरण उपलब्ध करवाकर इनकी क्रियाशीलता सुनिश्चित कर रही है। जहां भी आवश्यक मानव संसाधन एवं उपकरणों की कमी के कारण ट्रोमा सेंटर व एफआरयू का संचालन प्रभावित हो रहा है, वहां जल्द से जल्द रिक्त पदों को भरा जाएगा।

**प्रो-एक्टिव एप्रोच के साथ तैयारियां जारी:-**चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि विभाग प्रो—एक्टिव एप्रोच के साथ समय रहते आगामी गर्मियों में मौसमी बीमारियों से बचाव एवं उपचार की जरूरी तैयारियां सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन चिकित्सा संस्थानों में चिकित्सक या अन्य स्टाफ की कमी है, वहां जल्द से जल्द वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित कर पदों को भरा जाए, ताकि स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित नहीं हों। दवाओं की समयबद्ध रूप से समुचित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और अधिकारी नियमित रूप से व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग करें।

बैठक में चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीश कुमार, आरएमएससीएल की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि, राजस्थान स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रियंका गोस्वामी, अतिरिक्त मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. टी. शुभमंगला, निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा, निदेशक अराजपत्रित राकेश शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्य, अधीक्षक, संयुक्त निदेशक जोन, सीएमएचओ, पीएमओ सहित अन्य अधिकारी भी वीसी से जुड़े।

# 17 हजार रूपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, पांच केन्टर सामान जब्त

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में बुधवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में जयपुर विकास प्राधिकरण के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए नारायण सिंह सर्किल व गणेश मन्दिर तथा झोटवाड़ा जोन के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए चित्रकुट स्टेडियम के चारों तरफ, 200 फीट बाईपास अजमेर रोड़ से अस्थाई अतिक्रमण को करने वालों के विरूद्ध 17 हजार रूपये का कैरिंग चार्ज कर 05 केन्टर सामान जब्त किया गया।

उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में जयपुर विकास प्राधिकरण के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए नारायण सिंह सर्किल व गणेश मन्दिर तथा झोटवाड़ा जोन के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए चित्रकुट स्टेडियम के चारों तरफ, 200 फीट बाईपास अजमेर रोड़ से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 05 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व मौके पर अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 17 हजार रूपये का केरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाईश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# 11 अप्रेल 2025 तक दर्ज कराएं आपत्तियां

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** स्वायत्त शासन विभाग के निर्देशों की पालना मे जिला कलक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जयपुर द्वारा नगर परिषद् शाहपुरा, चौमू एवं नगर पालिका सांभरलेक, फुलेरा, नरायना, बगरू, वाटिका, मनोहरपुर, फागी, चाकसू, बस्सी, जोबनेर, किशनगढ़-रेनवाल, दूदू, जमवारामगढ़ के वार्डों के परिसीमांकन एवं पुनर्गठन प्रस्तावों पर जनसाधारण से आपत्ति/ सुझाव 11 अप्रेल 2025 तक आमंत्रित किए है। आपत्तियां जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय एवं संबंधित उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में दर्ज कराई जा सकती हैं।

# जेडीए ने नारायण सिंह सर्किल से त्रिमूर्ति सर्किल तक रोड़ सीमा को कराया अतिक्रमण मुक्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-1 के क्षेत्राधिकार नारायण सिंह सर्किल से त्रिमूर्ति सर्किल तक रोड़ सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन-01 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित नारायण सिंह सर्किल से त्रिमूर्ति सर्किल तक रोड़ सीमा पर अस्थाई रूप से कब्जा-अतिक्रमण कर लगाये गये थड़ी, ठेलें, त्रिपाल, होर्डिंग साईन बोर्ड, इत्यादि को नगर निगम के साथ सामूहिक अभियान के तहत आज जोन-01 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। नगर निगम के जाप्ते द्वारा सामान जप्त किया गया।



उक्त कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-01 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

**लोक सूचना** **जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**

क्रमांक : LU2012/JDA/2025-26/104238 दिनांक : 02.04.2025

श्री ADITYA MODI पुत्र श्री SITARAM MODI जाति MODI निवासी 154 LAXMI NAGAR PAOTA C ROAD JODHPUR, श्री BABU LAL पुत्र श्री MORI LAL जाति YADAV निवासी B-1, BURA PATAL NAGAR SHIV MANDIR KA PASS AJMER ROAD JAIPUR, श्री DINESH CHAND SHARMA पुत्र श्री SHANKAR LAL SHARMA जाति SHARMA निवासी 64 MAL WALI DHANI GOLYAWAS MANSAROVAR JAIPUR, ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का अन्य आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात्:-

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रामचन्द्रपुरा, सांगानेर (जयपुर) | DINESH CHAND SHARMA S/O SHANKAR LAL SHARMA ADD 64 MAL WALI DHANI GOLYAWAS MANSAROVAR JAIPUR, ADITYA MODI S/O SITARAM MODI ADD 154 LAXMI NAGAR PAOTA C ROAD, JODHPUR, BABU LAL YADAV ADD B-1, BURA PATEL NAGAR SHIV MANDIR KA PASS AJMER ROAD JAIPUR | 35/336 | 1300 | 0.13 |
| | | | 36/368 | 500 | 0.05 |
| | | | 524/37 | 10600 | 1.06 |
| | | | 523/37 | 7500 | 0.75 |
| | | | | कुल | 1.99 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते हैं। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 02.04.2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी जोन-12

# विधानसभा अध्यक्ष देवनानी से महाराष्ट्र विधान सभा अध्यक्ष ने की मुलाकात

### दोनों विधानसभाओं की संसदीय परंपराओं और व्यवस्थाओं पर हुई चर्चा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से महाराष्ट्र विधान सभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने बुधवार को विधान सभा में मुलाकात की। देवनानी ने नार्वेकर का पुष्प गुच्छ भेंट कर, दुपट्टा पहना कर अभिनंदन किया। देवनानी ने नार्वेकर को राजस्थान विधानसभा में नवाचारों का एक वर्ष पुस्तक की प्रति भेंट की।



देवनानी ने नार्वेकर को हिंदू विजय प्रवर्तक पुस्तक की प्रति और राजस्थान विधानसभा का स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने महाराष्ट्र विधान सभा अध्यक्ष नार्वेकर को विधानसभा का सदन और सदन में की गई ऑनलाइन व्यवस्था के साथ ही राजस्थान विधान सभा स्थित म्यूजियम का अवलोकन कराया।

देवनानी ने बताया की नेवा प्रोजेक्ट के तहत राजस्थान विधानसभा के सदन को डिजिटल किया गया है साथ ही सदन को नये कलेवर में तैयार कराया गया है। नार्वेकर ने देवनानी का आभार जताते हुए कहा कि सदन को डिजिटल कराया जाना सराहनीय पहल है। उन्होंने म्यूजियम को उत्कृष्ट बताते हुए कहा कि विधान सभा की कार्यप्रणाली और महान जनप्रतिनिधियों के बारे में यह म्यूजियम बहुत अच्छी जानकारी देता है।

# विभिन्न छात्रवृति योजनाओं की अंतिम तिथि में बढ़ोतरी

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने छात्र-छात्राओं की सुविधा और मांग के आधार पर विभाग द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृति योजनाओं की अंतिम तिथि में बढ़ोतरी की है। निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव बचनेश अग्रवाल ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में राजस्थान राज्य के मूल निवासियों के लिए विभिन्न छात्रवृति योजनाओं में अनुसूचित जाति/अनु. जनजाति/अति पिछड़ा वर्ग/अन्य पिछडा वर्ग/आर्थिक पिछड़ा वर्ग/विमुक्त, घुमन्तू एवं अर्धघुमंतू समुदाय/मिरासी एवं भिश्ती समुदाय तथा मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजनाओं में राज्य की राजकीय/निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं एवं राज्य के बाहर संचालित राष्ट्रीय/राजकीय स्तर की शिक्षण संस्थाओं के पाठ्यक्रमों में प्रवेशित/अध्ययनरत (कक्षा 11 व 12 के अतिरिक्त) शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई है।

अग्रवाल ने बताया कि शिक्षण संस्थाओं के छात्रवृति पोर्टल पर पंजीयन/नवीनीकरण, कोर्स मैपिंग, मान्यता एवं पाठयक्रमवार फीस स्ट्रक्चर आदि को अद्यतन (अपडेट) करने के लिए अन्तिम तिथि 21 अप्रैल 2025 निधारित की गई है। साथ ही उत्तर मैट्रिक छात्रवृति के लिए विद्यार्थियों द्वारा पेपरलेस आनलाइन आवेदन पत्र पंजीकरण कर आनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए अंतिम तिथि/पोर्टल बन्द करने की तिथि को बढ़ाकर 30 अप्रेल, 2025 किया गया है। विभाग द्वारा यह भी निर्णय लिया गया है कि यदि छात्रवृति आवेदन विद्यार्थी के स्तर पर 45 दिनों से अधिक व शिक्षण संस्थानों के स्तर पर 30 दिनों से अधिक लंबित रहता है तो ऐसे आवेदनों को पोर्टल द्वारा स्वतः ही निरस्त कर दिया जाएगा। निदेशक ने बताया कि अभ्यर्थी विभाग के वेब पोर्टल www.sjmsnew. rajasthan.gov.in/ scholarship अथवा एसएसओ पोर्टल पर स्कॉलरशिप एसजेई एप अथवा मोबाइल ऐप एसजेईडी एप्लीकेशन के माध्यम से ऑनलाइन पेपरलेस छात्रवृत्ति आवेदन कर सकते हैं।

**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd., JAIPUR.**

No. NIT/2024-25/07-16 Date : 01.04.2025

ई-निविदा सूचना संख्या 535/2024-25

निम्नलिखित कार्य के लिये केन्द्र/राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है:

| कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत ( रु. ) |
|---|---|
| Rehabilitation work of High and Medium Level of Criticality at Rajasthan High Court Building, Jodhpur. UBN: RRC2425WLOB00973 | 1457.79 Lakh |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईटः http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

महाप्रबंधक

**कार्यालय ग्राम पंचायत चितौरा, पंचायत समिति सैपऊ ( धौलपुर )**

क्रमांक/ग्रा.पं./ई.नि.नि.सा./2025/102 दिनांकः-01.04.2025

**ई-निविदा सूचना 01/2025-2026**

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में ग्रामीण विकास तथा पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यो में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 50.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मो से ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 11.04.2025 को समय 10:00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका **UBN No. ZDH2526GLRC00001** है। विस्तृत विवरण **https://sppp.rajasthan.gov.in** व **https://eproc.rajasthan.gov.in** पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

प्रशासक
ग्राम पंचायत चितौरा
पं. स. सैपऊ ( धौलपुर )

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत चितौरा

**राजस्थान आवासन मण्डल**

**अन्तिम सूचना**

मण्डल की प्रताप नगर योजना सांगानेर, जयपुर/दौसा/सवाईमाधोपुर के निम्नलिखित सूची में सम्मिलित आवंटियों को मण्डल द्वारा किराया क्रय पद्धति/नकद भुगतान पद्धति/खुली बिक्री द्वारा विक्रित आवासों/आवासीय एवं वाणिज्यिक भूखण्डों के अन्तर्गत सम्पत्ति निस्तारण नियम 1970 के प्रावधानों एवं शर्तों के अधीन आवटिंत किये गये थे। इन आवंटियों द्वारा आवंटन की शर्तों एंव प्रावधानों का उल्लंघन करते हुये निम्नांकित आवासों का हस्तान्तरण/विक्रय अन्य व्यक्तियों को कर दिया है। अतः इनका आवंटन निरस्त किये जाने योग्य है तथा सम्पत्ति क्रय करने वाले व्यक्तियों ने सम्पत्ति को अपने पक्ष में नियमितिकरण करने हेतु वांछित प्रपत्रों सहित आवेदन किया है।

अतः मण्डल द्वारा उक्त आवासों का मूल आवंटी के नाम से निरस्तीकरण करते हुये उनका नियमितिकरण सम्पत्ति के अन्तिम क्रेता के पक्ष में किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। इस हेतु प्रस्तावित निरस्तीकरण/नियमितिकरण के विरूद्ध यदि कोई हितधारी अपना पक्ष प्रस्तुत करना चाहे तो 15 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रमाण/साक्ष्य सहित अपना आक्षेप प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बिना किसी अन्य सूचना के मूल आवंटी के नाम से आवंटन निरस्त कर दिया जायेगा तथा अन्तिम क्रेता के पक्ष में नियमितिकरण किये जाने की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जावेगी।

| क्र. | आवास संख्या | मूल आंवटी का नाम | अन्तिम क्रेता का नाम |
|---|---|---|---|
| योजना का नाम :— वाटिका, जयपुर | | | |
| 1. | 1/2 | रमेश चन्द परमार | दीपा ग्वालानी |
| 2. | 2/212 | नन्द किशोर मीना | हासानन्द डियालानी |
| योजना का नाम :— प्रताप नगर, जयपुर | | | |
| 3. | 51/459 | राजेन्द्र कुमार तोषनीवाल | प्रहलाद दास गुप्ता |
| 4. | 82/455 | महेश शर्मा | कल्याण सहाय मीणा |
| 5. | 84/428 | हरीराम गोड़ | भावना लालवानी एवं पलक लालवानी |
| 6. | 160/89 | सत्यनारायण सांखला | त्रिलोचन सिंह |
| 7. | 261/488 | शम्भु दयाल गुप्ता | रामभजन मीणा |
| 8. | 266/78 | चन्द्र प्रकाश | किशोर कुमार गुरनानी |
| 9. | 28/E/812 (8-F) | लोकेश कुमार मीणा | धनेश्वरी शर्मा |
| 10. | 28/E/817 (8-F) | रक्षिता कंवर | रामश्री मीणा |
| 11. | 28/F/506 (5-F) | पिंकी जैन | प्रेमराज मीणा |
| 12. | 28/F/521 (5-F) | रामलाल शर्मा | आर.एम. कन्स्ट्रक्शन जरिये श्री निशान्त केडिया |
| 13. | SHOP NO.-37/SECT.3 | पुरूषोत्तम लखवानी | वीना चारण |

राज.संवाद/सी/25/163 उप-आवासन आयुक्त, वृत्त-प्रथम, जयपुर

**जागरूक टाइम्स**
संपर्क करें
विज्ञापन देने के लिए
+91-9819170710
+91-9587022840
+91-8696111716
प्रति के लिए
9057203837
कार्यालय :- 0141-2743001
Email :- jtjaipur@gmail.com

# जिले में मलेरिया क्रैश कार्यक्रम, 2025 प्रारम्भ

### सोर्स रिडक्शन, एन्टीलार्वल और जागरूकता गतिविधियां होंगी आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जिले में गत 01 अप्रैल से मलेरिया क्रैश कार्यक्रम, 2025 की शुरुआत हुई। इसके अंतर्गत जिले में सोर्स रिडक्शन, एन्टीलार्वल, एन्टीअडल्ट व जागरूकता के लिए आईईसी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मलेरिया क्रैश कार्यक्रम का संचालन आगामी 14 मई तक किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि मलेरिया क्रैश कार्यक्रम के अंतर्गत मौसमी बीमारियों के नियंत्रण व बचाव के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।



साथ ही स्वास्थ्य कार्मिकों के माध्यम से सोर्स रिडक्शन, एन्टीलार्वल, एन्टीअडल्ट व जागरूकता के लिए आईईसी गतिविधियाँ संपादित की जाएंगी। साथ ही जिले के सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिए इस संबंध में व्यापक स्तर पर जागरूकता प्रसारित की जाएगी।

उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, स्वास्थ्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार गोयल ने बताया कि मलेरिया क्रैश कार्यक्रम के अंतर्गत लार्वा प्रदर्शन व ड्राई डे के माध्यम से समुदाय को जागरूक कर समय पूर्व आमजन को मच्छर जनित रोगों से बचाव के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही मच्छरों के बायोलोजिकल कंट्रोल के लिए हैचरी को क्रियाशील कर मच्छरों के लार्वा पनपने से रोकने के लिए जलस्त्रोतों में गम्बुशिया मछली डाली जाएगी।

राजस्थान में शिक्षा विभाग का नवाचार 'एक प्रदेश एक परीक्षा'

# पहली बार 'बोर्ड' की तर्ज पर 9वीं व 11वीं की परीक्षाएं, पूरे राजस्थान में होगा एक जैसा पेपर, एक जैसा टाइम टेबल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** देश में वन नेशन वन इलेक्शन की बात हो रही है। तो प्रदेश में वन स्टेट वन इलेक्शन की चर्चा है। इन चर्चाओं के बीच शिक्षा विभाग ने भी एक प्रदेश एक परीक्षा की तर्ज पर पहली बार कक्षा नौंवीं और 11वीं की परीक्षाएं एक साथ और एक जैसे पेपर से ही कराने का फैसला लिया है। अब तक जिला समान परीक्षा के तहत नौंवीं और 11वीं के पेपर के लिए जिला स्तर पर पेपर तैयार होते थे। जिला स्तर पर ही टाइम टेबल तैयार होता था। लेकिन शिक्षा विभाग ने इस शैक्षणिक सत्र में पहली बार अर्धवार्षिक परीक्षा के लिए ना केवल राज्य स्तर पर पेपर तैयार करवाया। बल्कि टाइम टेबल जारी किया। यह कदम सराहा भी गया और सफल भी रहा। जिसके बाद अब नौंवी और 11वीं की परीक्षा बोर्ड परीक्षाओं की तर्ज पर होगी। एडीईओ उम्मेद महला ने बताया कि राजस्थान माध्यमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा नौंवी और 11वीं का टाइम टेबल जारी किया गया है। वहीं पेपर भी तैयार होकर निदेशालय की तरफ से भेजे जाएंगे। पहले सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों को पेपर बांटने का कार्य नोडल स्कूल को दिया जाता था। लेकिन अब इस परीक्षा में पीईईओ स्कूल से परीक्षा से आधे घंटे पहले पेपर सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों को दिए जाएंगे। इससे पहले सभी स्कूलों के पेपर एक साथ थानों में रखे जाएंगे। जिन्हें परीक्षा के दिन परीक्षा शुरू होने से पहले पीईईओ स्कूल तक उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी संबंधित पीईईओ की होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा के समय में भी परिवर्तन किया गया है। पहले जब वार्षिक परीक्षा के लिए टाइम टेबल जारी किया गया था। तो पहली पारी का पेपर सुबह 9.30 से 12.45 बजे का समय निर्धारित किया था। वहीं दूसरी पारी का समय 1.15 से 4.30 का निर्धारित किया गया था। लेकिन गर्मी को देखते हुए अब समय परिवर्तित किया गया है। पहली पारी की परीक्षा अब 7.45 बजे से 11 बजे तक तथा दूसरी पारी की परीक्षा 11.30 से 2.45 बजे तक होगी। आपको बता दें कि झुंझुनूं में नौंवी और 11वीं की परीक्षा कुल 561 सरकारी स्कूलों में तथा 635 गैर सरकारी स्कूलों में होनी है। दोनों परीक्षाओं में कुल 61 हजार 216 परीक्षार्थी पंजीकृत किए गए है। इनमें कक्षा नौ के 30 हजार 818 तथा कक्षा 11 के 30398 परीक्षार्थी शामिल है।

**पहले होती थी एक फ्लाईंग, अबकी बार 14 होगी :** नौंवी और 11वीं परीक्षा को चैक करने के लिए पहले डीईओ के नेतृत्व में सिर्फ एक फ्लाईंग होती थी। लेकिन अबकी बार परीक्षा पूरी सतर्कता के साथ होगी। परीक्षा के सह संयोजक रामावतार खटकड़ ने बताया कि निदेशालय से मिले निर्देशों के अनुसार डीईओ सैकंडरी और डीईओ एलीमेंट्री की दो फ्लाईंग बनाई जाएगी। इसके अलावा सीडीईओ और जिले के सभी 11 सीबीईओ को भी परीक्षा के दौरान मॉनेटरिंग करने के निर्देश दिए गए है। जिसके चलते लगभग 14 टीमें परीक्षाओं को चैक करेगी।

**संशोधन में 30 अप्रेल अक्षय तृतीया का अवकाश, इसलिए टाइम टेबल आंशिक परिवर्तित :** शिक्षा निदेशालय ने पहले जो टाइम टेबल जारी किया था। उसमें 30 अप्रेल के भी दोनों पारियों में नौंवी और 11वीं की परीक्षाएं थी। लेकिन जब परीक्षा समय में बदलाव किया तो 30 अप्रेल को अक्षय तृतीया होने के कारण परीक्षाएं नहीं होगी। इसके कारण परीक्षाओं के टाइम टेबल में भी आंशिक परिवर्तन हुआ है। जिसके अनुसार 30 अप्रेल को होने वाली परीक्षाएं अब एक मई को, एक मई को होने वाली दो मई को, दो मई को होने वाली परीक्षाएं तीन मई को, तीन मई को होने वाले पेपर अब पांच मई को, पांच मई को होने वाले पेपर अब छह मई को पूर्व निर्धारित पारियों में ही होंगे। वहीं छह मई को सुबह की पारी में होने कक्षा 11 का समाजशास्त्र का पेपर अब सात मई को सुबह की पारी में होगा। वहीं सात मई को सुबह की पारी में कक्षा 11 का होने वाला कंप्यूटर विज्ञान का पेपर अब सात मई को दूसरी पारी में होगा। आठ मई के कक्षा 11 के अंग्रेजी साहित्य के पेपर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इस बदलाव के कारण पहले कक्षा नौ की परीक्षा पांच मई को समाप्त होने वाली थी। लेकिन अब वो छह मई को समाप्त होगी। वहीं कक्षा 11 की परीक्षा पूर्व की तरह आठ मई को ही समाप्त होगी। दोनों ही कक्षाओं की परीक्षाएं 24 अप्रेल से शुरू होगी।

**कुछ पेपर बनाने होंगे स्कूल स्तर पर :** कुछ ऐसे विषय भी है। जो टाइम टेबल में शामिल नहीं किए गए है। जिन्हें लेकर निदेशालय की तरफ से निर्देश मिले है कि जो विषय टाइम टेबल में नहीं है। उनके पेपर स्कूल स्तर पर ही बनाए जाएंगे। इनमें एक जीवन कौशल विषय है। जिसका टाइम टेबल में उल्लेख नहीं किया। जीवन कौशल को लेकर निर्देश दिए गए है कि 30 अंक का सतत मूल्यांकन, 30 अंक का प्रोजेक्ट और 40 अंक की लिखित परीक्षा होगी। लेकिन टाइम टेबल में जीवन कौशल का उल्लेख नहीं है। ऐसे में तय है कि 40 अंकों का पेपर स्कूल को ही बनाना होगा। इसके लिए जिले की एक—दो स्कूलों में संगीत विषय भी 11वीं चलता है। जिसको भी टाइम टेबल में शामिल नहीं किया है।

## स्कॉलरशिप परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आज

**झुंझुनूं।** जिला मुख्यालय स्थित एसीआई ग्रुप ऑफ एजुकेशन के तहत संचालित एसीआई उमावि एवं फाउंडेशन क्लासेज द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली स्कॉलरशिप परीक्षा 6 अप्रेल को आयोजित होगी। स्कॉलरशिप परीक्षा संयोजक व फाउंडेशन हैड विजय कुमार सैनी ने बताया कि अभी तक प्राप्त आवेदनों से पता लग रहा है कि इस स्कॉलरशिप परीक्षा को लेकर अभिभावकों एवं विद्यार्थियों में जबरदस्त उत्साह है। स्कॉलर परीक्षा कक्षा 8, 9, 10 व 11 और 12 विज्ञान वर्ग में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए आयोजित हो रही है। जिसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि तीन अप्रेल निर्धारित है। आवेदन संस्थान में व्यक्तिगत उपस्थित होकर या संस्थान की वेवसाइट www.acijjn.com के माध्यम से ऑनलाइन कर सकते है। परीक्षा समय सुबह 10 से अपराह्न 11.30 बजे तक रहेगा। इस परीक्षा के माध्यम से लगभग है एक करोड़ रुपए की स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। अब तक इस स्कॉलरशिप के माध्यम से 250 से अधिक मेधावी एवं जरूरतमंद विद्यार्थी लाभान्वित हो चुके है।

## ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर बौद्धिक दिव्यांग व मूक बधिर बच्चों के साथ कई गतिविधियां आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** विकासात्मक दिव्यांगता ऑटिज़्म जागरूकता दिवस पर स्वयंसेवी संस्था आशा का झरना द्वारा बौद्धिक दिव्यांग व मूक बधिर बच्चों के साथ कई गतिविधियां आयोजित की गई। सूचना केन्द्र झुंझुनू में ऑटिज़्म जागरूकता रैली को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्यधारा में शामिल करने का आह्वान किया। साथ ही उनकी प्रतिभाओं को समान अवसर एवं उचित मंच प्रदान करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। आशा का झरना नवलगढ़ स्थित समावेशी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान में सेमीनार के माध्यम से समन्वयक गायत्री शर्मा व लेक्चरर अवनीश यादव ने ऑटिज़्म की पहचान, निदान व सुधार की विकासात्मक गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। प्रशिक्षु विशेष शिक्षकों व दिव्यांग बच्चों ने चित्रकला के माध्यम से समुदाय को ऑटिस्टिक बच्चों के प्रति अधिक संवेदनशील होने का संदेश दिया। संस्था निदेशक डॉ. सुदीप गोयल ने बताया कि वर्तमान में ऑटिज़्म एक चुनौती बनकर उभर रहा है। भारत में लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार 70 बच्चों में एक को ये डिसऑर्डर होने की संभावना है। जिसमें बच्चे सामाजिक परिवेश से कटे कटे रहते हैं। स्पर्श और ध्वनि के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। उनकी भाषा का विकास भी नहीं होता। किसी वस्तु या खिलौने के प्रति अत्यधिक लगाव तथा बार बार एक बात को दोहराना भी इसके लक्षण है। निरंतर प्रशिक्षण के माध्यम से इन बच्चों के व्यवहार और वाणी में सुधार लाया जा सकता है। हर साल 2 अप्रैल को विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस मनाया जाता है। अगर आप ऑटिज्म शब्द को लेकर उलझन में हैं, तो यहां आपको बता दें कि ये एक तरह की बीमारी होती है। इसमें बच्चे के दिमाग का ठीक तरह से विकास नहीं हो पाता। ऐसे में हर साल 2 अप्रैल के दिन ऐसे बच्चों का जीवन बेहतर करने के लिए और उनमें सुधार लाने के लिए कई कदम उठाए जाते हैं। इसलिए हर साल इस दिन विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस मनाया जाता है।

## विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस मनाया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** पी एम श्री जवाहर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुचामन सिटी में बुधवार को दिव्यांग जागरूकता के लिए और तरह तरह की भ्रांतियों की जागरूकता के लिए विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस मनाया गया। पीएम श्री जवाहर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुचामन सिटी में संदर्भ व्यक्ति दयाराम ने ऑटिज्म के बारे में विस्तृत जानकारी दी। दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम 2016 के अंतर्गत निशक्तता के प्रकार में स्वलीनता को विकलांगता का दर्जा दिया गया, जिसमें व्यक्ति किसी कार्य पर ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, आंखे मिलाकर बात नहीं कर पाना, गुमसुम रहना आदि लक्षण पाए जाते है। प्रधानाचार्य मंजू चौधरी ने कहा कि ऑटिज्म ग्रसित बच्चों की समस्या तो होती है जागरूकता नहीं होने की वजह से छोटी सी बात को भी बड़ी बीमारी समझ लेते है। हमें जागरूक रहने और दिव्यांग जन की छड़ी का काम कर सकते है। प्राचार्य भंवरलाल बुरड़क ने ऑटिज्म बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार से रहने की बात कही। सुरज्ञान चौधरी विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों के साथ उपप्राचार्या कमला रुलानिया, उपप्राचार्या सुमन कुमावत, शारीरिक शिक्षक रामस्वरूप चौधरी, व्याख्याता हाकिम अली, प्रशासनिक अधिकारी संदीप जोशी, देवेंद्र सोनी, उमा सारस्वत, सुषमा राजावत, हंसा चौहान, डॉ. ईश्वर बेड़ा, मुकेश स्वामी, राजेश मुहाल आदि उपस्थित रहे।

## रामनवमी पर भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकलेगी

**झुंझुनूं।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 40वां श्रीराम जन्मोत्सव 6 अप्रेल रविवार पर भगवान मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम की विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक पार्षद विजय कुमार सैनी ने बताया कि शोभा यात्रा रामलीला मैदान, चूणा चौक, झुंझुनूं से सायं 3.15 बजे से प्रारंभ होकर छावनी बाजार, जोशियों का गट्टा, कपड़ा बाजार, चबूतरा चौक, शहीदान चौक होते हुए गांधी चौक में रात्रि को विसर्जित होगी। उन्होंने सभी सनात्तनी धर्मप्रेमियों से निवेदन किया है कि अपने-अपने घरों में दीप प्रज्ज्वलित करें एवं घर की छतों पर भगवा ध्वज भी लहराएं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में शहर की अनेक संस्थाओं व समाजों की सुंदर झांकिया, बंजारा नृत्य, कच्छी घोड़ी व अखाड़ा व्यायाम शाला, रामगढ़ शेखावाटी की चंग पार्टी एवं डीजे द्वारा अनेक सुंदर कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। इस बैठक में कार्यक्रम संयोजक पार्षद विजय कुमार सैनी, समिति के समिति के अध्यक्ष मोहनलाल पुरोहित, भंवरलाल चौधरी, वासुदेव बसावतिया, राधाकिशन माथुर, राधेश्याम सैनी, गोपीराम पुरोहित, दयाराम सोनी, सुनिल मोरवाल, विनय मोरवाल, जयराज जांगिड़, एडवोकेट नीरज शर्मा, एडवोकेट अविनाश शर्मा, सुनिल पुरोहित, देवेंद्र छक्कड़, पवन हलकारा, अमित पांडे, भंवरलाल योगी, मुकेश दाधीच, पूनम पुरोहित, पार्षद विनोद जांगिड़, अविनाश पुरोहित एवं विशाल पुरोहित आदि समिति के सदस्य मौजूद थे। शोभा यात्रा निकालने की समस्त तैयारियां पूर्ण की जा रही है।

## जिला कलेक्टर ने पौधरोपण कर मिनी सचिवालय को एनर्जी एफिसिएंट बिल्डिंग बनाने के नवाचार का किया शुभारम्भ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** जिला कलक्टर के निर्देशन में जिला प्रशासन के मिनी सचिवालय को ग्रीन बिल्डिंग अवधारणा के तहत एनर्जी एफिसिएंट बिल्डिंग बनाने के अभिनव नवाचार के तहत आज सीएसआर के सहयोग से मियावाकी पद्धति से भवन में पौधे लगाने के कार्य का शुभारंभ जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अगुवाई में हुआ।

जिला कलक्टर ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा आज अर्णिमा सोशल वेलफेयर सोसायटी के सहयोग एवं चैम्बर ऑफ कॉमर्स अलवर के सीएसआर सहयोग के तहत आज 400 पौधे लगाकर मिनी सचिवालय के भवन को एनर्जी एफिसिएंट बिल्डिंग बनाने के नवाचार कार्य का शुभारंभ हुआ। उन्होंने बताया कि इस नवाचार के तहत वन विभाग के तकनीकी सहयोग से मिनी सचिवालय परिसर में खाली पेचेज में सीएसआर के माध्यम से मियावाकी पद्धति से सघन पौधारोपण किया जाएगा, जिससे मिनी सचिवालय का स्वरूप ग्रीन इमारत के रूप में उभरेगा। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सीएसआर एवं कर्मचारियों के सहयोग से मिनी सचिवालय भवन में गैलरी आदि स्थानों पर गमलो में पौधे लगाए गए है। इस अवसर पर एडीएम शहर बीना महावर, उप वन संरक्षक अलवर राजेंद्र हुड्डा, अलवर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, यशवंत मीणा, सुधीर माथुर, क्षितिज माथुर, सतीश मोदी , नवीन सेन, अशोक पाठक, पं. नाथूराम शास्त्री, रोहित सिंह, आशीष गुप्ता, नवीन कुमार, आशीष रावत, मचरण शर्मा, राजेंद्र सिंह भाटी, भीम सिंह, नेतराम, राकेश वर्मा, अशीमा माथुर, माया गुप्ता, राजदीप शर्मा सहित गणमान्य नागरिक उपस्थिति रहे।

## बंधे के बालाजी में हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियां परवान पर, बड़ी संख्या में पहुंचेंगे प्रवासी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** चूरू बाईपास स्थित श्री बंधे का बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियों जोरों पर चल रही है। कार्यक्रम में ना केवल देश, बल्कि विदेशों से भी हनुमान भक्त प्रवासियों के आने की जानकारी मिल रही है। मंदिर ट्रस्ट के प्रवासी ट्रस्टी विनोद कुमार लाठ ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर बाबा के दरबार में धोक लगाने तथा मंदिर में चल रहे निर्माण का अवलोकन करने प्रवासियों में बड़ा उत्साह बना हुआ है। इस बार अमेरिका, आस्ट्रेलिया, दुबई, नेपाल समेत देशभर के बड़े शहरों प्रवास कर रहे बाबा के भक्त जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि विशेष रूप से काठमांडू प्रवासी राजकुमार गाडिया, हेमंत गाडिया, अमेरिका से संजय पुरिया, मुंबई प्रवासी सुशील रामस्वरूप गाडिया, विनोद कुमार गाडिया, अशोक गाडिया, विश्वंभर गाडिया, कमल मंडावावाले, सुरेश सिंगड़ोदिया, पवन केडिया, लक्ष्मीकांत लाठ, अशोक तुलस्यान, दीनबंधु जालान, अवस्थी फैमिली, सुरेका फैमिली, दिनेश टेलर, रवि गाडिया, बिंदू लाठ, किरण अग्रवाल, अजय गाडिया, दीपक गाडिया, आलोक गाडिया, सुरेश सौंथलिया, रविंद्र पाडिया, अंजनी गाडिया, नंदकिशोर अग्रवाल, सुरेंद्र गाडिया, देवेंद्र जालान, सूरत प्रवासी महेंद्र गाडिया, मधु केडिया, राजेंद्र गाडिया, मुरली बरोलिया, राजकुमार सर्राफ, आशीष गाडिया, प्रदीप अग्रवाल सांगानेरिया, प्रेमप्रकाश माखरिया, प्रदीप गाडिया, संतोष सर्राफ, रामाकांत गाडिया, संजय गाडिया, कोलकाता प्रवासी संजय गाडिया, लक्ष्मीनारायण चितलांगिया, दिल्ली प्रवासी सुरेश डालमिया, प्रदीप डालमिया, मनोज अग्रवाल, अश्विनी बंका, जगमोहन गुप्ता, मुरारीलाल गाडिया, रांची प्रवासी महेश अग्रवाल, पूना से बनवारीलाल बजाज, सामली से देवेंद्र, धनबाद से विनोद, फरीदाबाद से रविंद्र, बुरहानपुर से रतन गाडिया, जयपुर से सुधीर गाडिया, राजकुमार गाडिया, रमेश जगनानी आदि भक्तजन झुंझुनूं पहुंचेंगे।

## ज्योतिबा फुले व डॉ. अम्बेडकर जयंती पर रैली को लेकर हुई चर्चा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** जिले के मंडावा के समीप ग्राम टोडरवास में महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें 14 अप्रेल को भारत रत्न डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर साहेब की जयंती व महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती पर नगरपालिका चौक मंडावा से लेकर अंबेडकर भवन तक डीजे द्वारा विशाल रैली निकाली जाने को लेकर चर्चा हुई। साथ ही अम्बेडकर भवन में जयंती मनाने पर भी विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर सभी लोगों को निमंत्रण दिया गया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग रैली में पधारे एवं रैली को सफल बनाएं। सरपंच मुकेश झाझड़िया ने सभी का माल्यार्पण पहनाकर स्वागत किया। सभी गणमान्य लोगों ने निर्णय लिया कि 14 अप्रैल से पहले हर गांव में मीटिंग करके लोगों को जागरूक करेंगे। जिसमें पधारे बहादुरवास सरपंच बृजेश सेवदा, हनुमानपुरा सरपंच प्रतिनिधि विकास सेवदा, तेतरा सरपंच प्रतिनिधि मनोज घोटड़, सज्जन चूड़ी, जगदीश महरिया, अजय नूआं, परमेश्वरलाल, हरदयाल काला, राजेंद्र प्रसाद आर्य, अशोक किरोड़िया, रामकरण सिंह, ओमप्रकाश, रामचंद्र, अमरचंद, कमलेश, नरेंद्र कड़हायला, नथमल चोपड़ा, सीताराम, भागूराम, श्रवण, कालूराम, रोहित, सचिन, हरिराम नलवा, विजय, अजय, अनिल, पिंकेश, राकेश, बाबूलाल, रामप्रसाद, विजेंद्र नागर, रामकरणसिंह, नेमीचंद, सुनिल, नरोत्तम किलानिया, हरिओम, डूंगरमल मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजना में 30 अप्रैल तक करे आवेदन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 में राजस्थान राज्य के मूल निवासियों के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजनाओं एसटी, एससी, एमबीसी, ओबीसी, एबीसी, डीटीएंटी, मिरासी एवं मिश्ती में ऑनलाइन आवेदन करने कि अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है 7 ऑनलाईन आवेदन बेव पोर्टल www.sjmsnew.rajasthan.gov.in/scholarship अथवा एसएसओ पोर्टल पर स्कॉलरशिप एसजेई एप अथवा मोबाईल ऐप एसजेईडी एप्लीकेशन के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये जाएंगे।

### मुख्यमंत्री अनुप्रति कॉचिंग योजना में 12 अप्रैल तक करें आवेदन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** मुख्यमंत्री अनुप्रति कॉचिंग योजनान्तर्गत विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षाओं एवं सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उत्कृष्ट ढंग से कराने एवं समान अवसर प्रदान करने के लिए विभागों द्वारा ऑनलाईन पोर्टल पर सूचीबद्ध कोचिंग संस्थानों में निःशुल्क कोचिंग करने हेतु इच्छुअभ्यर्थियों से वर्ष 2024-25 के लिए ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है। सभी पात्र व्यक्ती व अभ्यर्थी मुख्यमंत्री अनुप्रति कॉचिंग योजनान्तर्गत आवेदन करने के लिए एसएसओ पोर्टल पर CM Anupriti coaching icon पर क्लिक कर 12 अप्रैल तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

### दुर्घटना दावाधिकरण के तीन प्रकरणों में 49 लाख 41 हजार 93 रूपये का अवार्ड पारित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** न्यायालय मोटरयान दावाधिकरण क्रम संख्या दो राजगढ़ की पीठासीन अधिकारी विद्वान न्यायाधीश लतिका दीपक पाराशर ने याचिका संख्या 35/20 में प्राथिगण के पक्ष में 15 लाख 58 हजार 1 सौ 58 रूपये का क्लेम पारित किया। राजगढ़ शहर के युवा विद्वान अधिवक्ता मनोज पचार ने बताया कि प्रकरण के अनुसार 7 नवंबर 2019 को संजय कुमार निवासी मीठड़ी पटा ददरेवा के उपर से पिकअप का टायर निकलने से मृत्यु हो गई थी जिसकी रिपोर्ट हत्या मानकर करवाई गई थी लेकिन बाद में अनुसंधान पुलिस ने मामला दुर्घटना का मानकर न्यायालय मे चलान पेश किया जिस पर मृतक की पत्नी, पुत्र गण व माता पिता ने क्लेम याचिका पेश की। याचिका संख्या 42/20 मे प्राथी गण क़े पक्ष में 16 लाख 33 हजार रूपये का अवार्ड पारित किया। तथा याचिका संख्या 43/20 मे प्रार्थी गण के पक्ष में 17 लाख उनचास हजार नो सौ 35 रूपये का अवार्ड पारित किया। दोनों प्रकरणों के अनुसार मृतक दीपक कुमार व अनुज कुमार अपने साथी विकास निवासीगण के साथ मोटर साइकल पर हिसार जा रहे थे 1 मार्च 2019 को रात्रि के 8 बजे लसेड़ी टोल नाका से पहले एनएच पर एक ट्रक सडक पर बिना पार्किंग की जगह पर खड़ा था जिसमें बाइक पीछे से टकरा गई जिसमें दीपक पर अनुज की मृत्यु हो गई जिन जिनके अविवाहित होने पर माता-पिता ने क्लेम याचिका पेश की। प्रार्थी गण की पैरवी तीनों प्रकरणों में युवा सेवाभावी विद्वान अधिवक्ता मनोज पचार ने की।

### कार्मिक बीमा व जीपीएफ पासबुक अपलोड करें

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** जिले के ऐसे राज्य कार्मिक जो 31 मार्च 2027 तक सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। उनके जीपीएफ एवं बीमा के खातों को अपडेट किया जाना हैं। सहायक निदेशक राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारी अपने अधीनस्थ कार्यरत ऐसे सभी कार्मिकों की जीपीएफ एवं बीमा की पासबुक तीन दिवस में आवश्यक रूप से एसआईपीएफ पोर्टल पर अपलोड कराएं। ताकि कार्मिकों के जीपीएफ एवं बीमा के खाते अपडेट किया जाकर समय पर पूर्ण भुगतान की कार्रवाई की जा सके।

### जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जिले में होगा जलग्रहण यात्रा का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** जल संरक्षण एवं जल संचय के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग द्वारा जलग्रहण यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत भारत सरकार द्वारा सुसज्जित विशेष रथ के द्वारा चार अप्रेल को पंचायत समिति मंडावा के ग्राम शेशू, पांच अप्रेल को पंचायत समिति चिड़ावा के ग्राम धतरवाला एवं छह अप्रेल को पंचायत समिति बुहाना के ग्राम बुहाना में जलग्रहण यात्रा का आयोजन किया जाएगा। वाटरशैड सेल के परियोजना प्रबंधक एसई महेंद्रसिंह सूरा ने बताया कि यह यात्रा लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के साथ ही उन्हें इस मुहिम से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगी। इस दौरान ग्रामवासियों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं राजीविका के स्वयं सहायता समूहों के सहयोग से श्रमदान, जल एवं भू संरक्षण शपथ, प्रभात फेरी, पौधारोपण, कलश यात्रा, जलग्रहण पंचायत, भूमि पूजन, लोकार्पण, निबंध प्रतियोगिता एवं कृषि विभाग द्वारा प्रदर्शनी व स्टॉल जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही जल संरक्षण व जल संचय पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई जाएगी।

### छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए आवेदन आमंत्रित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजना यथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, आर्थिक पिछड़ा वर्ग, विमुक्त, घुमंतु एवं अर्धघुमंतु समुदाय-मिरासी एवं भिश्ती समुदाय तथा मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना में जिले की राजकीय निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं एवं राज्य के बाहर संचालित राष्ट्रीय राजकीय स्तर की शिक्षण संस्थाओं के पाठयक्रमों में प्रवेशित-अध्ययनरत कक्षा 11 व 12 के अतिरिक्त शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों द्वारा वेब पोर्टल अथवा एसएसओ पोर्टल पर स्कॉलरशिप एसजेई एप अथवा मोबाइल एप एसजेईडी एप्लीकेशन के माध्यम से शैक्षणिक सत्रा 2024-25 के लिए आनलाइन पेपरलेस छात्रवृत्ति आवेदन पत्र भरने के लिए विभाग द्वारा तिथियां निर्धारित की गई है। विभाग के उप निदेशक डॉ. पवन पूनियां ने बताया कि शिक्षण संस्थाओं के छात्रवृत्ति पोर्टल पर पंजीयन-नवीनीकरण, कोर्स मैपिंग, मान्यता एवं पाठ्यक्रमवार फीस स्ट्रक्चर आदि अद्यतन करने के लिए अंतिम तिथि 21 अप्रेल तथा उतर मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए विद्यार्थियों के द्वारा पेपरलेस आनलाइन ओवदन पत्र पंजीकरण कर आनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए अंतिम तिथि-पोर्टल बंद करने की तिथि 30 अप्रेल निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में विभाग द्वारा आक्षेप पूर्ति का एक ही अवसर दिया गया है। इसलिए आवेदन करने से पूर्व छात्र-छात्रा अपने परिवार के जनआधार कार्ड में अपना समस्त विवरण यथा जनआधार में परिवार की कुल वार्षिक आय, विद्यार्थी का स्वयं का बैंक खाता संख्या एवं आईएफएससी कोड, विद्यार्थी के स्वयं के मूल निवास एवं जाति प्रमाण पत्र का जनआधार में अपडेशन करवाया जाना सुनिश्चित करें एवं आवेदन के साथ समस्त दस्तावेज आरिजिनल एवं क्लियर स्कैन कर अपलोड करने के पश्चात ही आवेदन सबमिट करें। यदि आनलाइन आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार की कमी पाई जाती है तो आवेदन पत्र रिजेक्ट होने के कारण छात्र-छात्रा छात्रवृत्ति के लाभ से वंचित रह जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### चैत्रीय नवरात्रा में नवदुर्गा महोत्सव मेला मंच पर भीम जागरण कार्यक्रम आयोजित

बाबा साहेब की जीवनी के साथ कलाकारों ने दिया मंच से महात्मा बुद्ध का संदेश



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर शहर में मां राज राजेश्वरी के मेले में नवरात्रा महोत्सव का आयोजन नगर पालिका प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। आठ दिन तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में मंगलवार की रात मेला मंच पर भीम जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रस्तुति देने आए समता म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने बाबा साहब और महात्मा बुद्ध को लेकर ऐसी प्रस्तुति दी की श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए। जागरण कार्यक्रम का आयोजन देर रात तक चला। समता म्यूजिकल ग्रुप के वरिष्ठ कलाकार शशि भूषण ने बताया कि वह बाबा भीमराव अंबेडकर के अनुयायी हैं और उनके बताएं मार्ग एवं महात्मा बुद्ध के उपदेशों को आम जनता तक पहुंचाने का काम करते हैं। जिसके लिए, उनकी टीम लगातार प्रयासरत है। बाड़ी नगर पालिका प्रशासन द्वारा आयोजित हो रहे नवदुर्गा महोत्सव मेला मंच पर उनके कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके लिए वे उनके आभारी हैं। इस दौरान सभी कलाकारों का मेला मंच से मेलाध्यक्ष अमर सिंह पोसवाल और नगर पालिका प्रशासन द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाड़ी नगर पालिका की चैयरमैन कमलेश देवी, वाइस चैयरमैन अहमद जमा खां, चैयरमैन प्रतिनिधि होतम सिंह,वरिष्ठ पार्षद राजकुमार भारद्वाज, राजवीर सिंह, राजवीर कौशल व कांग्रेस बाड़ी ब्लॉक अध्यक्ष रामेन्द्र मीणा सहित शहर के गणमान्य नागरिक और समाजसेवी मौजूद रहे।

### आज से झुंझुनूं में राजस्व अधिकारी रहेंगे हड़ताल पर, बिसाऊ तहसीलदार के कार्यभार को लेकर पनपा आक्रोश



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** जिले में गुरुवार से राजस्व कार्य ठप हो जाएंगे। क्योंकि तहसीलदार, नायब तहसीलदार, गिरदावर और पटवारियों ने हड़ताल की चेतावनी दे दी है। मामला झुंझुनूं जिले के बिसाऊ तहसीलदार के पद से जुड़ा है। दरअसल बिसाऊ तहसीलदार का पद काफी समय से खाली है। जिसका अतिरिक्त कार्यभार नायब तहसीलदार बिसाऊ को दिया हुआ था। लेकिन हाल ही में जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने बिसाऊ के नायब तहसीलदार से कार्यभार वापिस लेकर बिसाऊ तहसीलदार का कार्यभार कलेक्ट्रेट में कार्यरत एक अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सुरेंद्र सिंह को सौंप दिया। जिसके बाद राजस्व परिषद ने इसका विरोध शुरू कर दिया। बुधवार को कलेक्टर रामावतार मीणा से मुलाकात कर अपना विरोध दर्ज करवाया। साथ ही कहा कि राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 28 व 29 के साथ—साथ 2022 में सरकार के साथ हुए समझौते का उल्लंघन जिला कलेक्टर रामावतार मीणा द्वारा किया गया है। जिसका विरोध किया जाएगा। यदि वापिस किसी भी तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार को नहीं दिया गया तो गुरुवार से जिले के सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, गिरदावर और पटवारी हड़ताल पर चले जाएंगे। पटवार संघ के जिलाध्यक्ष होशियार सिंह खीचड़ ने बताया कि यदि गुरुवार से हड़ताल के बाद भी कलेक्टर ने अपना आदेश वापिस लेकर बिसाऊ तहसीलदार का कार्यभार किसी नायब तहसीलदार अथवा तहसीलदार को नहीं दिया तो प्रदेश स्तर पर भी आंदोलन के लिए प्रदेश नेतृत्व से बातचीत की जाएगी।

### जेल प्रहरी सीधी भर्ती परीक्षा-2024 का आयोजन 12 को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के द्वारा जेल प्रहरी सीधी भर्ती परीक्षा–2024 का आयोजन आगामी 12 अप्रेल को किया जाएगा। परीक्षा समन्वयक एवं एडीएम डॉ. अजय कुमार आर्य ने बताया कि यह परीक्षा जिला मुख्यालय पर स्थापित कुल 34 परीक्षा केंद्रों पर दो पारियों में आयोजित होगी। प्रथम पारी सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और द्वितीय पारी दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक चलेगी। इस परीक्षा में कुल 24 हजार 240 परीक्षार्थी भाग लेंगे। परीक्षा की तैयारियों के तहत केंद्राधीक्षकों, पर्यवेक्षकों और उप समन्वयकों के लिए प्रशिक्षण सूचना केंद्र सभागार में होगा। केंद्राधीक्षकों व अतिरिक्त केंद्राधीक्षकों के लिए प्रशिक्षण नौ अप्रेल को दोपहर दो बजे से वहीं उप समन्वयकों व पर्यवेक्षकों के लिए प्रशिक्षण 10 अप्रेल को दोपहर 2 बजे से होगा।

### गोपाल गौशाला में शैड बनवाने और दो गौदान की स्वीकृति दी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** श्री गोपाल गौशाला में लगातार गौसेवा के लिए भामाशाहों की मदद मिल रही है। गौशाला की गौसेवा पर विश्वास की मोहर लगाते हुए विकास के कार्य लगातार हो रहे है। अब झुंझुनूं निवासी दिल्ली प्रवासी स्व. मोहनलाल—सीतादेवी ढेडिया तथा स्व. उमाशंकर—मणिदेवी ढेडिया की स्मृति में उनके परिवार ने गोपाल गौशाला में एक शैड बनवाने और दो गायों का गौदान करने की स्वीकृति दी है। हाल ही में कुछ दिन पहले दानदाता परिवार के विनोद अग्रवाल गौशाला पहुंचे थे। उनके साथ झुंझुनूं के सोनू ढेडिया व मातादीन टीबड़ा भी थे। सभी ने गौसेवा की। विनोद अग्रवाल का गौशाला पहुंचने पर अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया ने स्वागत किया और दुपट्टा ओढाकर गौ माता का प्रतीक चिह्न भेंटकर गौशाला की ओर से अभिनंदन किया। गौशाला की सुंदर व्यवस्थाओं को देखकर उन्होंने इंदौर जाकर अपने परिवार से बात करके उक्त शैड बनाने तथा दो गौदान करने की स्वीकृति अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया को फोन पर दी है।

### भारत विकास परिषद की कार्यकारिणी का गठन

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर शहर में भारत विकास परिषद डॉ सूरज प्रकाश शाखा बाड़ी की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिसमें चुनाव पर्यवेक्षक जयंत मोदी द्वारा सर्वसम्मति से अध्यक्ष एवं अन्य कार्यकारिणी का गठन किया है। प्रांतीय प्रकल्प प्रभारी जयंत मोदी ने बताया कि–डॉ सूरज प्रकाश शाखा बाड़ी की नवीन कार्यकारिणी का गठन हुआ है। जिसमें सर्वसम्मति से पप्पूमल जिंदल के प्रस्ताव पर जगदीश पहाड़िया को अध्यक्ष चुना गया है।

# शोभायात्रा की व्यवस्थाओं और साइबर अपराध पर चर्चा को लेकर सीएलजी की बैठक आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी कोतवाली थाना परिसर में बुधवार को सीएलजी मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बाड़ी सर्किल ऑफिसर पुलिस उप अधीक्षक महेन्द्र कुमार मीणा ने की। इस मीटिंग का मुख्य उद्देश्य आगामी शोभायात्राओं के आयोजन में व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करना था, ताकि धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में कोई परेशानी ना हो। डिप्टी एसपी महेन्द्र कुमार मीणा और बाड़ी कोतवाली थानाधिकारी अमित कुमार शर्मा ने उपस्थित सभी लोगों से अपील की कि रामनवमी की शोभायात्रा को शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ निकाला जाए, ताकि शहर में एकता और सौहार्द का संदेश जाए। इसके साथ ही शोभायात्राओं में ढोलों और झांकियों के आकार को सीमित रखने की बात की गई, ताकि यातायात व्यवस्था सुगम हो और शोभायात्रा बिना किसी रुकावट के सुचारू रूप से संपन्न हो सके। मीटिंग में कैलादेवी मेला और आगामी अंबेडकर जयंती शोभायात्रा के बारे में भी विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि इन आयोजनों में सभी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से व्यवस्थित की जाए। साइबर अपराध के बढ़ते मामलों पर भी गंभीर चर्चा हुई। डिप्टी एसपी महेन्द्र कुमार मीणा ने लोगों को जागरूक किया कि वह अनजान नंबरों से आने वाली व्हाट्सएप कॉल्स को कम अटेंड करें और किसी भी प्रकार के धोखाधड़ी से बचने के लिए सतर्क रहें। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। सीताराम बाजार में हो रहे अस्थाई अतिक्रमण की समस्या पर भी सीएलजी सदस्यों ने पुलिस को अवगत कराया। इस पर पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर अतिक्रमण हटाने की दिशा में काम करने का आश्वासन दिया। पुलिस ने लोगों से अपील की कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो,तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। इस मीटिंग में वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजकुमार भारद्वाज,पूर्व पार्षद लाखन सिंह यादव,डॉ आशुतोष शर्मा, शिक्षक नेता राजेश शर्मा, सतीश प्रजापति, महेश भटेले, डॉ वीरेंद्र सिंह यादव,जीतेन्द्र शर्मा,राकेश दीक्षित, जुगनू खान, इसरार खान, शब्बीर बाबा, टीकम जाट, बलराज सिंह बाजबा, मुकेश विधौलिया, रशीद खां मास्टर, ज्वान सिंह मीणा और अनिल गोयल आरटीआई सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### विधायक जाखल ने लगाई करणी माता के धोक

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नवलगढ़।** विधायक विक्रम सिंह जाखल बीकानेर के दौरे पर रहे। उन्होंने करणी माता के धोक लगाई। उनके साथ चेयरमैन सुरेंद्र सैनी, पर्यावरण प्रेमी अजीतसिंह, रविंद्र सिंह, राकेश सारस्वत, नौरंगलाल शर्मा, महेंद्रसिंह, अशोक शिवरान, जगमालसिंह, संजीव शिवरान, सुमेरसिंह, नरपतसिंह डागरा, महावीरसिंह बारवा, ठेकेदार जितेंद्र राठौड़ आदि के साथ बीकानेर के देशनोक मंदिर पहुंच कर करणी माता के धोक लगाई और नवलगढ़ की खुशहाली की कामना की।

## टारगेट से अधिक बकाया राजस्व अर्जित करने पर विद्युतकर्मी सम्मानित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले में जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड शाखा सैंपऊ द्वारा सैंपऊ क्षेत्र में विद्युत विभाग का बकाया चल रहे बकाया को लेकर उच्च अधिकारियों के निर्देश पर राजस्व वसूली अभियान चलाया गया। राजस्व वसूली अभियान की टीम द्वारा 100 प्रतिशत से अधिक समय रहते राजस्व वसूली करने पर टीम के सदस्यों को कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया गया। सैंपऊ विद्युत विभाग द्वारा टारगेट से अधिक बकाया चल रहे राजस्व को अर्जित करने पर उमेश गुप्ता जोनल चीफ इंजीनियर के निर्देशन में राजेश कुमार अधीक्षण अभियंता द्वारा एक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम मंच से बकाया राजस्व वसूली अभियान में अच्छा सहयोग करने वाले बसई नवाब फीडर प्रभारी रवि शर्मा, कैंथरी फीडर प्रभारी अजय चौधरी एवं चित्तौरा फीडर प्रभारी रवि कुमार आदि को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम के मंचासीन अतिथियों द्वारा सैंपऊ विद्युत विभाग में कार्यरत रूप सिंह यादव को नेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप कोटा में सिल्वर मेडल जीतने पर सम्मान कर बधाई दी गई। जिससे सैंपऊ क्षेत्र में कार्यरत सभी कर्मचारी और अधिकारियों में खुशी की लहर देखने को मिली है।

# काकोड़ा गांव में जंगली जानवर का हमला, पांच बकरियों को बनाया शिकार



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सूरजगढ़।** थाना इलाके के काकोड़ा गांव में बीती रात को एक पशुपालक की पांच बकरियों को अज्ञात जंगली जानवर ने अपना शिकार बना लिया। प्रारंभिक तौर पर जिन बकरियों की मौत हुई है। उन पर हमले करने वाला श्वान बताया जा रहा है। लेकिन ग्रामीण इस बात को मानने से इंकार कर रहे है। मौके पर सभी विभागीय टीम पहुंची और अपनी अपनी रिपोर्ट तैयार की है। जानकारी के मुताबिक काकोड़ा गांव में पवन कुमार कुमावत मजदूरी करता है। उसके घर में पांच बकरियां थी। रात को 11 बजे वह सोया। तब तक सभी बकरियों को देखकर और उन्हें अलग—अलग बांधकर सोया था। सुबह जब पांच बजे उठा तो सभी बकरियां एक जगह पड़ी हुई और मृत हालातों में मिली। जिस पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए। मौके पर सूरजगढ़ पुलिस के अलावा पशुपालन विभाग की टीम, चिड़ावा से वन विभाग की टीम और हलका पटवारी भी पहुंचा। मौके पर मृतक बकरियों का पोस्टमार्टम किया गया। ग्रामीणों ने पवन कुमावत को मुआवजा दिलाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि वन विभाग इसे किसी श्वान के हमले से जोड़कर देख रहा है। लेकिन ऐसा नहीं हैं। क्योंकि पिछले माह 19 मार्च को भी गांव के एक मेघवाल परिवार के घर में बंधी तीन बकरियों को भी इसी तरह हमला कर मौत के घाट उतार दिया गया था। यह किसी जंगली जानवर के गांव में आ जाने से हो रहा है।

# अब बिजली निगम के दफ्तरों के नहीं काटने पड़ेंगे चक्कर

### बिजली मित्र एप से चक्कर काटने का झंझट खत्म, नए कनेक्शन से लेकर बिजली गुल तक की समस्या का होगा समाधान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** राजस्थान सरकार के बिजली महकमे ने अजमेर, जोधपुर और जयपुर डिस्कॉम में अब आनलाइन कार्य शुरू कर दिया है। जी, हां अब नया कनेक्शन लेना हो या फिर कनेक्शन का लोड बढाना हो। डिमांड नोटिस के पैसे जमा करवाने हो या फिर बिजली का बिल जमा करवाना हो। यहां तक की बिजली नहीं आ रही या फिर बिजली सप्लाई में कम वोल्टेज की शिकायत हो। इसके लिए सिर्फ एक एप अल्लादीन का चिराग साबित होगा और सभी समस्याओं का समाधान घर बैठे बैठे मोबाइल से होगा। दरअसल बिजली विभाग ने पूरे प्रदेश में बिजली मित्र एप लॉन्च कर दिया है। अजमेर डिस्कॉम झुंझुनूं के एसई महेश कुमार टीबड़ा ने बताया कि इस बिजली मित्र एप की जानकारी आमजन को दी जा रही है। उन्होंने बताया कि यह एक साधारण एप की तरह है। जो सिर्फ मोबाइल में डाउनलोड करना है। इसके बाद नए कनेक्शनों की फाइल, लोड बढाने की फाइल, कनेक्शन का नाम परिवर्तन करवाने की एप्लीकेशन आदि कार्यों के लिए



डिस्कॉम कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। ना केवल घर बैठे बैठे एप्लाई होगा। बल्कि अपडेट भी मिलेगा कि उपभोक्ता के आवेदन की क्या स्थिति है। उन्होंने बताया कि झुंझुनूं जिले समेत शेखावाटी के लोग बड़ी संख्या में बाहर भी रहते है। जिन्हें भी शेखावाटी में स्थित मकान, दुकान या फिर अन्य जगहों के बिजली कनेक्शन के लिए कई बार शिकायतें करनी होती है। या फिर कोई सुधार करवाना होता है। जिसके लिए उन्हें अपना काम छोड़कर झुंझुनूं आना पड़ता है। ऐसे प्रवासियों को इस एप का बड़ा फायदा मिलेगा। ऐसा ही फायदा उन किसानों को मिलेगा। जो खेतों में दूर—दूर बस गए है। बिजली निगम के कार्यालय तक आना और फिर वापिस जाना। लगभग किसानों का पूरा दिन खराब हो जाता है। उनके लिए भी यह एप काफी फायदेमंद रहेगा।

# बिजली कर्मचारियों का निजीकरण के खिलाफ फिर से कार्य बहिष्कार

### जिले भर में सभी उपखंडों पर धरना-प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन, अब सात को जिला स्तर पर प्रदर्शन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले बुधवार को सभी सहायक अभियंता कार्यालय पर निजीकरण के खिलाफ और नए कर्मचारियों की भर्ती करने के की मांगों को लेकर सभी संगठनों ने संयुक्त संघर्ष समिति बनाकर एक दिवस का कार्य बहिष्कार कर ज्ञापन सौंपा और उसके पश्चात उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने संबोधित किया। समिति के सुरेश शर्मा और आशीष पचार ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा उत्पादन वितरण ओर प्रसारण कंपनियों में अंधाधुंध निजीकरण किया जा रहा है। जबकि बिजली लोक कल्याणकारी योजनाएं में आती है। जिसको सरकार को बिना लाभ हानि के आमजन और कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए निजीकरण नहीं करना चाहिए। जबकि सरकार अपनी लोक कल्याणकारी भूमिका को छोड़कर लाभ हानि के संचालन की मंशा से आगे बढ़ रही और निजी हाथ में सौंपकर अपने कर्तव्य का पालन नहीं कर रही है। आज निगम प्रशासन जो कार्य निगम कर्मचारी आसानी से कर सकते है या कर रहे हैं। उनको ठेके पर दिए जा रहे है। जो कि गलत है। इससे निजीकरण को बढ़ावा मिल रहा है। जबकि निगम कर्मचारी काम करना चाह रहे हैं और निगम को चाहिए कि नए कर्मचारी भर्ती किए जाए और आमजन को भी निजीकरण से राहत दी जाए। निगम प्रशासन द्वारा हेम मॉडल, ज्वाइंट वेंचर के नाम पर लगातार ठेकदारी को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस अवसर आशीष पचार, सुरेश शर्मा, द्वारकाप्रसाद, सुनील शर्मा, सत्यप्रकाश शर्मा, राजवीर सामरिया, नरेश सुमन, सुनिल डूडी, राजेंद्र योगी, सोमेश स्वामी, अरविंद मीणा, नवीन डांगी, शीशराम सैनी, अनिल मीणा, अजय जांगिड़, शीशराम आलड़िया, संजय महला, अमित, सहीराम, अशोक, विकास नेहरा, चंद्रकांत पारीक, अनिल, सहीराम , विक्रम यादव, विजय डाबला, दलीप सैनी, विकास मोटासरा, वसीम, सुरेंद्र, कृष्ण, राजकुमार, सीताराम, नरोत्तम, दिनेश सैनी, संदीप शर्मा, राजेंद्र, राकेश सहित सैंकड़ों कर्मचारी उपस्थित थे। इसके अलावा वृत्त कैंपस अधीक्षण अभियंता कार्यालय मे मीटर्स विजिलेंस भंडारण शाखा में ज्ञापन देवकरण सैनी व वीरेंद्र तंवर की अगुवाई में दिया गया। इस मौके पर सुनिल बुगालिया, मूलचंद महला, शैलेश यादव, विकास कुमार, सुरेश कुमार, महेश शर्मा, गुरुदयाल, सुनिल कुमार, सुनिल सहित अन्य शामिल हुए।

### आयूष बसेरा ने जीता गोल्ड मैडल

**झुंझुनूं।** नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 07324 इंडिया ओपन कंपटीशन (एअर वेपन) नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया एट इन्फैंट्री स्कूल महू में 23 मार्च से 31 मार्च तक आयोजित हुई। जिसमें झुंझुनूं जिले के गांव किढ़वाना तहसील सूरजगढ़ हाल निवासी बसंत विहार झुंझुनूं के पैरा खिलाड़ी आयुष बसेरा पुत्र रोहिताश बसेरा ने द्वितीय स्थान पर रहजे हुए सिल्वर मैडल प्राप्त कर गांव व जिले का नाम रोशन किया है।

### पृष्ठ 1 का शेष....लोस. में वक्फ संशोधन

इसके बाद अखिलेश ने हंसते हुए फिर कहा अभी जो यात्रा हुई है नागपुर की और गुपचुप जो सोशल मीडिया पर चल रही है। वह 75 साल के एक्सटेंशन की यात्रा तो नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी 30 मार्च को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यक्रम में शामिल होने नागपुर गए थे। अखिलेश का इशारा इसी दौरे को लेकर था।

### अमित शाह का बड़ा बयान...

अमित शाह ने लोकसभा में कहा कि मैं अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगी द्वारा पेश किए गए बिल के समर्थन में खड़ा हुआ हूं। मैं दोपहर 12 बजे से चल रही चर्चा को ध्यान से सुन रहा हूं। मुझे लगता है कि या तो निर्दोष भाव से या राजनीतिक कारणों से कई भ्रांतियां कई सदस्यों के मन में है और सदन के माध्यम से कई सारी भ्रांतियां पूरे देश में फैलाने की कोशिश की जा रही है। मैं कुछ बातों को स्पष्ट करने का प्रयास करूंगा। शाह ने कहा कि वक्फ एक अरबी शब्द है। वक्फ का इतिहास कुछ हदीसों से जुड़ा हुआ मिलता है और आज कल जिस अर्थ में वक्फ का प्रयोग किया जाता है, इसका अर्थ है अल्लाह के नाम पर संपत्ति का दान... पवित्र धार्मिक उद्देश्यों के लिए संपत्ति का दान। वक्फ का समकालीन अर्थ, इस्लाम के दूसरे खलीफा उमर के समय अस्तित्व में आया। गृह मंत्री ने कहा कि एक प्रकार से आज की भाषा में व्याख्या करें तो वक्फ एक प्रकार का चेरिटेबल एनरॉलमेंट है। जहां एक व्यक्ति संपत्ति, भूमि धार्मिक और सामाजिक भलाई के लिए दान करता है, बिना उसको वापिस लेने के उद्देश्य से। इसमें जो दान देता है उसका बहुत महत्व है। दान उस चीज का ही किया जा सकता है जो हमारा है, सरकारी संपत्ति का दान मैं नहीं कर सकता, किसी और की संपत्ति का दान मैं नहीं कर सकता। अमित शाह ने कांग्रेस पर डायरेक्ट अटैक करते हुए कहा कि वक्फ बिल पर साल 2013 में जो संशोधन आया, वो अगर नहीं आया होता तो आज ये संशोधन लाने की नौबत नहीं आती। उस समय कांग्रेस सरकार ने दिल्ली में लुटियंस की 125 संपत्तियां वक्फ को दे दीं। उत्तर रेलवे की जमीन वक्फ को दे दी। हिमाचल में वक्फ की जमीन बताकर मस्जिद बनाने का काम हुआ। उन्होंने तमिलनाडु से कर्नाटक तक के उदाहरण दिए जिस पर विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया और सदन को भ्रमित करने का आरोप लगाया। अमित शाह ने आगे कहा कि मैं पूरे देश के मुस्लिम भाइयों को कहना चाहता हूं कि आपके वक्फ में एक भी गैर मुस्लिम नहीं आएगा। वक्फ बोर्ड में जो संपत्तियां बेच खाने वाले, सौ–सौ साल के लिए औने–पौने दाम पर किराए पर देने वाले लोग है। वक्फ बोर्ड और वक्फ परिषद उन्हें पकड़ने का काम करेगा। ये चाहते हैं कि इनके राज में जो मिलीभगत चली, वह चलती रहे, नहीं चलेगा।

### कार्मिक राज्यहित को दें प्राथमिकता...

ऐसे में राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि खनिज सम्पदा का समुचित दोहन हो तथा इस क्षेत्र के राजस्वमें बढ़ोतरी की जाए। उन्होंने अधिकारियों को लक्ष्य निर्धारित कर काम करने के निर्देश दिए।

**अवैध खनन के खिलाफहो प्रभावी कार्रवाई**–मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग अवैध खनन पर सख्ती से कार्रवाई करे जिससे आमजन को राहत पहुंचे। इसके लिए सभी को मिलकर सामूहिक प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि अवैध खनन को रोकने के लिए पुलिस, जिला प्रशासन, वन विभाग, परिवहन विभाग तथा खनन विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करें। उन्होंने सभीजिला कलक्टर से खनन माफियाओं पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जब सख्ती से कानून की पालना सुनिश्चित होगी, तभी अवैध खनन करने वालों में भय पैदा होगा। उन्होंने खनन विभाग को निर्देश दिए कि वे जिला स्तरीय एसआईटी की बैठक की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा प्रतिदिन बैठक की रिपोर्ट लें।

**ड्रोन सर्वे से करें पूरी निगरानी**–शर्मा ने कहा कि अवैध खनन पर निगरानी रखने के लिए ड्रोन तथा अन्य आधुनिक तकनीक की मदद ली जाए। ड्रोन से पूरे क्षेत्र की फोटोग्राफी तथा वीडियोग्राफी हो जिससे अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। साथ ही, अवैध खनन पर की जा रही कार्रवाई में अधिक से अधिक तकनीक का प्रयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि अवैध खनन के औचक निरीक्षण के लिए मुख्यालय स्तर पर संयुक्त टास्क फोर्स बनाई जाए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करें जिससे अवैध खनन के रोकथाम की प्रक्रिया में गति लाई जा सके।

**एम–सेंड को दिया जाए प्रोत्साहन**–मुख्यमंत्री ने कहा कि एम–सेंड नीति के तहत बजरी के विकल्प के रूप में एम–सेंड को प्रोत्साहन दिया जाए। प्रदेश में एम–सेंड इकाइयों की स्थापना और बजरी के सस्ते विकल्प के रुप में एम–सेंड के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए जिससे बजरी के दोहन में कमी आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि खान विभाग के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की जाएगी। उन्होंने टोंक, नागौर, भीलवाड़ा, सवाई माधोपुर, डीग, कोटपूतली, राजसमंद, चित्तौड़गढ़ कलक्टर से जिलों में चल रही अवैध खनन की कार्यवाही के बारे में जानकारी ली तथा उचित दिशा–निर्देश प्रदान किए। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि वैध खनन को बढ़ावा दिया जाए, अवैध खनन पर अंकुश लगे जिससे राजस्व में बढ़ोतरी हो तथा रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हो सकें। बैठक में प्रमुख शासन सचिव खान एवं पेट्रोलियम टी. रविकांत ने अवैध खनन के संभावित खनिज एवं संवेदनशील जिले, अवैध खनन के विरूद्ध कार्यवाही के प्रावधान, गत पांच वर्षों में अवैध खनन, निर्गमन, भंडारण के विरूद्ध की गई कार्यवाही, संस्थागत तंत्र, अवैध खनन को रोकने के लिए विभिन्न विभागों तथा जिलों की भूमिका सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर परपुलिस महानिदेशक यू आर साहू,अतिरिक्त मुख्य सचिव वन एवं पर्यावरण अपर्णा अरोड़ा,अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) शिखर अग्रवाल,अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण प्रवीण गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव राजस्व दिनेश, प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरिजीत बनर्जीसहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण तथा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी जिला कलक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं जिला स्तरीय अधिकारीगण बैठक में जुड़े।

## सुविचार

सपनों के पीछे भागना सीखे हार के डर से पीछे ना भागो।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## ट्रंप का टैरिफ

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का जवाबी टैरिफ लागू होने जा रहा है, जिसे लेकर कुछ कंपनी व सेक्टर की चिंताएं बढ़ गई हैं। क्योंकि इससे उन्हें आर्थिक नुकसान होने की संभावना है। भारतीय उत्पादों पर अमेरिका के जवाबी शुल्क लगाने से कृषि, बेशकीमती स्टोन, केमिकल, दवाइयां, मेडिकल इक्यूप्मेंट, इलेक्ट्रिकल व मशीनरी समेत अन्य सेक्टर के सामान प्रभावित हो सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इन क्षेत्रों में उच्च शुल्क अंतर के कारण अमेरिकी प्रशासन से अतिरिक्त सीमा शुल्क का सामना करना पड़ सकता है। 'उच्च शुल्क अंतर' किसी उत्पाद पर अमेरिका और भारत द्वारा लगाए गए आयात शुल्कों के बीच का अंतर है। व्यापक क्षेत्र स्तर पर भारत और अमेरिका के बीच संभावित शुल्क अंतर विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग है। रसायनों तथा औषधि पर यह अंतर 8.6 प्रतिशत; प्लास्टिक पर 5.6 प्रतिशत; वस्त्र व परिधान पर 1.4 प्रतिशत, हीरे-सोने तथा आभूषणों पर 13.3 प्रतिशत, लोहा, इस्पात व आधार धातुओं पर 2.5 प्रतिशत, मशीनरी व कंप्यूटर पर 5.3 प्रतिशत, इलेक्ट्रॉनिक पर 7.2 प्रतिशत और वाहन तथा उसके घटकों पर 23.1 प्रतिशत है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के विश्लेषण के अनुसार कृषि में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र मछली, मांस व प्रसंस्कृत समुद्री भोजन होगा। इसका 2024 में निर्यात 2.58 अरब अमेरिकी डॉलर था और इसे 27.83 प्रतिशत शुल्क अंतर का सामना करना पड़ेगा। झींगा जो अमेरिका का एक प्रमुख निर्यात है, अमेरिकी शुल्क लागू होने के कारण काफी कम प्रतिस्पर्धी हो जाएगा। भारत के प्रसंस्कृत खाद्य, चीनी तथा कोको निर्यात पर भी असर पड़ सकता है क्योंकि शुल्क अंतर 24.99 प्रतिशत है। पिछले साल इसका निर्यात 1.03 अरब अमेरिकी डॉलर था। इसी प्रकार अनाज, सब्जियां, फल तथा मसालों (1.91 अरब अमेरिकी डॉलर निर्यात) के बीच शुल्क अंतर 5.72 प्रतिशत है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि 18.149 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के दुग्ध उत्पादों के निर्यात पर 38.23 प्रतिशत के अंतर का 'गंभीर' असर पड़ सकता है, जिससे घी, मक्खन और दूध पाउडर महंगे हो जाएंगे और अमेरिका में उनकी बाजार हिस्सेदारी कम हो जाएगी। औद्योगिक वस्तुओं के क्षेत्र में अमेरिकी शुल्कों से औषधि, आभूषण और इलेक्ट्रॉनिक सहित कई क्षेत्र प्रभावित हो सकते हैं। भारत का सबसे बड़ा औद्योगिक निर्यातक औषधि क्षेत्र जो 2024 में 12.72 अरब अमेरिकी डॉलर का था, उसे 10.90 प्रतिशत शुल्क अंतर का सामना करना पड़ेगा। इससे जेनेरिक दवाओं और विशेष दवाओं की लागत बढ़ेगी। 11.88 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात वाले हीरे, सोने व चांदी पर शुल्क वृद्धि से आभूषणों की कीमतें बढ़ेंगी व प्रतिस्पर्धा कम होगी।

### चीन को खुश करने

# भारत से पंगा लेता बांग्लादेश..!!



लोकमित्र गौतम

हाल में अपनी चीन यात्रा के दौरान बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस ने जिस तरह से भारत के सात पूर्वोत्तर राज्यों को लैंड लॉक्ड (भूमि से घिरे हुए) और खुद को उनका एकमात्र समुद्री संरक्षक (गार्डियन) बताते हुए,चीन को आमंत्रित किया कि वह इस पूरे इलाके के आर्थिक दोहन के लिए आगे आए, वह आधुनिक कूटनीति का सबसे दयनीय चुटकुला है। जातक कथाओं के दौर में भले ऐसे चुटकुले किसी किस्म का रणनीतिक चातुरी समझे जाते रहे हों, आज के दौर में तो ऐसी हरकतों के लिए एक ही शब्द है 'आत्मघात'। मोहम्मद यूनुस सचमुच बांग्लादेश के लिए दुहस्वप्न बनते जा रहे हैं। सच कहा जाता है कि राजनीति में गैर राजनीतिक व्यक्ति अकसर बिग सिफर साबित होते हैं, कम से कम मोहम्मद यूनुस की हरकतों को देखकर तो ऐसा ही लगता है।

इमेज

वरना आज के दौर में भला कौन सा ऐसा देश है, जिसका मुखिया किसी देश को प्रस्ताव देगा कि वह उसकी अर्थव्यवस्था को अपना विस्तार बनाकर उसके समुद्री भूगोल का इस्तेमाल कर ले। गौरतलब है कि मोहम्मद यूनुस हाल ही में चीन की चार दिन की आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे थे। यहां उन्होंने चीन को बांग्लादेश में ज्यादा से ज्यादा निवेश हेतु राजी करने और कई तरह की ब्याज संबंधी छूट पाने के लिए, उसके सामने लगभग बिछ-बिछ जाते हुए उसे सुझाव दिया कि भारत के नॉर्थ-ईस्ट राज्य जिन्हें सेवन सिस्टर्स कहा जाता है, 'लैंड लॉक्ड' हैं, साथ ही नेपाल और भूटान में कई तरह के संसाधनों, विशेषकर हाइड्रो पावर की भरमार है, अतः वह यानी चीन बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था को अपना विस्तार बनाकर इस स्थिति का भरपूर दोहन करे। मोहम्मद यूनुस ने जिस तरह चीन को यह सुझाव दिया वह कोई जुबान फिसलने का नतीजा नहीं था बल्कि इसके लिए बांग्लादेश ने खुद को भी चीन के समक्ष किसी बलि के बकरे की तरह पेश करते हुए खुद को चीनी अर्थव्यवस्था का विस्तार मानने की बात कही और स्पष्ट शब्दों में ढाका को भारत के पूर्वोत्तर राज्यों, नेपाल और भूटान तक समुद्री मार्ग के रूप में चीन के चौकीदार के रूप में पेश किया। इसके पीछे बांग्लादेश की कोई बहुत महत्वाकांक्षी रणनीति भी नहीं है बल्कि कर्ज के बोझ से महज तात्कालिक राहत पाने के लिए की गई चापलूसी ही है। मालूम हो कि बांग्लादेश पर वर्तमान में लगभग 104 अरब अमेरिकी डॉलर का विदेशी कर्ज है। जनवरी 2025 तक, सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र का कर्ज 84.45 अरब डॉलर और निजी क्षेत्र का कर्ज 19.91 अरब डॉलर था। बांग्लादेश की विदेशी मुद्रा भंडार की स्थिति इतनी कमजोर हो गई है कि पाकिस्तान भी उसे देखकर खुद के मजबूत होने का एहसास कर सकता है। जो बांग्लादेश अभी कुछ सालों पहले भारतीय उपमहाद्वीप की सबसे तेज रफ़्तार आगे बढ़ रही अर्थव्यवस्था बनकर उभरा था, आज उसी बांग्लादेश के पास अपने कर्ज दायित्वों को पूरा करने के लिए ब्याज की किश्त भी समय पर चुका पाने की क्षमता



नहीं है। सितंबर 2024 में, बांग्लादेश की सरकार के पास भारतीय बिजली कंपनियों को 1 अरब डॉलर से अधिक का भुगतान करने में क्षमता नहीं थी। उसके पास पूरे विदेशी मुद्रा भंडार में 6 अरब डॉलर भी नहीं बचे थे जबकि इन आर्थिक चुनौतियों के समाधान के लिए, बांग्लादेश ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) सहित विभिन्न विकास भागीदारों से 8 अरब डॉलर की बजट सहायता की मांग की है। यह सहायता विदेशी कर्ज चुकाने और विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने के लिए आवश्यक है। लेकिन अभी तक उसे इन ब्रेटनवुड संस्थाओं से इतने बड़े कर्ज की प्राप्ति नहीं हुई इसलिए यूनुस किसी भी स्तर पर जाकर शी जिनपिंग के सामने गिडगिडा रहे हैं। हालांकि इस हद तक की चापलूसी के बावजूद चीन ने अभी तक कर्ज देने का कोई स्पष्ट आश्वासन नहीं दिया। कर्ज की विकट परिस्थितियों को देखते हुए, बांग्लादेश की सरकार विभिन्न देशों और वित्तीय संस्थानों से कर्ज की शर्तों में राहत और पुनर्गठन के प्रयास कर रही है, ताकि देश की आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित की जा सके। हां, इस दुस्साहस का बांग्लादेश को यह तात्कालिक फायदा जरूर हुआ है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से यूनुस की मुलाकात हो गई है। मुलाक़ात के दौरान जिनपिंग ने यह भी कहा है कि आपसी भरोसे के आधार पर चीन बांग्लादेश का अच्छा पड़ोसी, अच्छा दोस्त और अच्छा पार्टनर बना रहेगा। दोनों नेताओं ने नौ समझौते पर साइन भी किए हैं। इनमें आर्थिक और तकनीकी सहयोग पर एक समझौता और आठ समझौता ज्ञापन पर हुए हैं। लेकिन ये समझौते आर्थिक या कारोबारी समझौते न होकर प्राचीन ग्रंथों के अनुवाद, प्रकाशन, सांस्कृतिक विरासत, समाचार आदान-प्रदान, मीडिया, खेल और स्वास्थ्य क्षेत्रों में सहयोग से जुड़े हैं। जाहिर है ये भरतू के समझोते हैं। चीनी राष्ट्रपति ने जुबानी जमाखर्च में भले कहा है कि हम अच्छे पड़ोसी, दोस्त और पार्टनर बने रहेंगे, साथ ही जिनपिंग ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को अपना समर्थन देने का भरोसा भी दिलाया है। लेकिन हुए 9 समझौतों में एक भी वह नहीं है जिसके लिए बांग्लादेश चीन से गिड़गिड़ाया है। यूनुस ने चीन से अपील की थी कि चीन लोन पर इंटरेस्ट रेट 3% से कम करके 1-2% कर दे साथ ही चीन की तरफ से फंड किए जा रहे प्रोजेक्ट्स से कमिटमेंट फीस को हटाए। लेकिन चीन ने इन दोनों मांगों को लेकर अभी तक साफ़ साफ़ कुछ नहीं कहा। वास्तव में चीन बांग्लादेश का चौथा सबसे बड़ा कर्जदाता है। जापान, वर्ल्ड बैंक और तीसरे नंबर पर एशियन डेवलपमेंट बैंक के बाद बांग्लादेश 1975 से अब तक चीन से 7.5 अरब डॉलर के कर्ज लिया है। लेकिन मुहम्मद यूनुस और शी जिनपिंग के बीच बीजिंग के ग्रेट हॉल में बैठक के दौरान एक बार भी चीन की तरफ से नहीं कहा गया कि कर्ज देंगे बस जिनपिंग बांग्लादेश को बिना टैक्स दिए चीनी मार्केट में अगले कुछ सालों तक (2028तक) सामान में बेचने छूट दी है। यह अलग बात है कि बांग्लादेश ने इसे भी अपनी एक बहुत बड़ी उपलब्धि के बतौर पेश किया है। संभव है बांग्लादेश के आम और कटहल भी इस साल चीन खरीदे। जाहिर है चीन से यह आर्थिक मदद पाने के लिए यूनुस और उनकी सरकार जिस तरह से पूर्वोत्तर को मोहरा बना रही है, वह न केवल आश्चर्यजनक है बल्कि कूटनीतिक अशिष्टता की हद है। ऐसी बातें न केवल मूर्खतापूर्ण हैं और कुछ पाने के लालच में बहुत कुछ गंवाने वाली हैं। भारत अपनी एकता और अखंडता पर कभी कोई समझौता नहीं करेगा मोहम्मद यूनुस को इतनी समझ होनी ही चाहिए। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मोहम्मद यूनुस के बयान को निंदनीय बताते हुए कहा है कि यूनुस ने जिस तरह पूर्वोत्तर भारत के सात राज्यों को जमीन से घिरा हुआ और बांग्लादेश को उनके महासागर तक पहुंच के संरक्षक के रूप में पेश किया है।

## पंचांग

गुरुवार, 3 अप्रैल 2025

| | |
|---|---|
| विक्रम संवत् | - 2081 |
| शक संवत् | - 1946 |
| ऋतु | - वसंत |
| माह | - चैत्र |
| पक्ष | - शुक्ल |
| तिथि | - षष्ठी 21.42 तक |
| वार | - गुरुवार |
| नक्षत्र | - रोहिणी 07.03 तक |
| योग | - सौभाग्य 24.02 तक |
| करण | - कौलव 10.42 तक |
| सूर्योदय | - 06.32 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - 06.51 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - 06.31 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - 06.57 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - वृषभ 18.23 तक |
| अभिजित् मुहूर्त | - 12.17 से 13.06 |
| राहु काल | - 14.14 से 15.47 |
| व्रत, त्यौहार | - स्कंद षष्ठी, सूर्य षष्ठी, रवियोग 07.03 से 29.52, |
| दिशा शूल | - दक्षिण |

शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल




## नवरात्रि के कन्या पूजन में एक लांगुरा बिठाने की वजह

नवरात्रि का पर्व साल में चार बार मनाया जाता है। दो बार गुप्त नवरात्रि के रूप में और दो बार चैत्र नवरात्रि और शरदीय नवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। नवरात्रि में कन्या पूजन का विशेष विधान है। 8-9 दिन व्रत रहने के बाद लोग कन्या पूजन करते हैं। कन्या पूजन के समय कन्याओं के साथ एक बालक को भी लांगुरा के रूप में बिठाया जाता है। हर घर में इस लांगुरा को बिठाया जाता है पर किसी को इसके पीछे का राज पता नहीं होता।

**कन्या के साथ बिठाते हैं लांगुरा :**

मान्यता है कि नवरात्रि के 9 दिन माता के अलग-अलग स्वरूप की पूजा और व्रत करते हैं। उन पर माता की विशेष कृपा बनी रहती है। मां अपने सभी भक्तों के सब दुख दूर कर देती हैं। कन्या पूजन के बिना नवरात्रि का व्रत और अनुष्ठान संपूर्ण नहीं माना जाता है। अष्टमी अथवा नवमी के दिन लोग अपने घर कन्याओं को बुलाकर पूजन करते हैं। इस पूजन के दौरान कन्याओं के साथ एक बालक को बिठाया जाता है, जिसे लांगुरा कहते हैं।

**मां दुर्गा के पहरेदार हैं भैरव :**

नौ कन्याओं को माता के नौ स्वरूप माना जाता है और उस लंगूर को भैरव बाबा का स्वरूप माना जाता है। नवरात्रि में कन्याओं के साथ लांगुर को बिठाने की एकमात्र वजह है कि भैरव बाबा को मां दुर्गा का पहरेदार माना जाता है। मान्यता है बिना पहरेदार के मां दुर्गा कहीं भी नहीं जाती है।

**लांगुरा के बिना नवरात्रि व्रत पूर्ण नहीं :**

एक कथा के अनुसार आपद नाम का राक्षस लोगों को काफी परेशान करता था। तभी शिवजी ने एक उपाय निकाला, शिवजी ने कहा सभी देवी देवता अपनी अपनी शक्तियों से एक बालक की उत्पत्ति करें। जिससे आपद राक्षस का वध हो सके। सभी देवी देवताओं ने मिलकर यही किया और बालक का नाम बटुक भैरव रखा गया। कन्या पूजन के वक्त जिस लंगूर को बिठाकर पूजन किया जाता है। यह वही बटुक भैरव का रूप माने जाते हैं। देवी स्वरूप कन्याओं के साथ इनका भी पूजन किया जाता है। बिना बटुक भैरव के पूजन के कन्या पूजन और नवरात्रि का पर्व संपन्न नहीं होता है।

## तारीख विशेष

## निर्मल वर्मा

3 अप्रैल, 1929 को जन्मे निर्मल वर्मा हिंदी के आधुनिक साहित्यकारों में से एक थे। हिंदी साहित्य में नई कहानी आंदोलन के प्रमुख ध्वजवाहक निर्मल वर्मा का कहानी में आधुनिकता का बोध लाने वाले कहानीकारों में अग्रणी स्थान है। 'रात का रिपोर्टर', 'एक चिथड़ा सुख', 'लाल टीन की छत' और 'वे दिन' निर्मल वर्मा के चर्चित उपन्यास है। उनका अंतिम उपन्यास 'अंतिम अरण्य' 1990 में प्रकाशित हुआ था। उनकी सौ से अधिक कहानियां कई कहानी संग्रहों में प्रकाशित हुई। निर्मल वर्मा का जन्म तीन अप्रैल 1929 को शिमला में हुआ था। ब्रिटिश भारत सरकार के रक्षा विभाग में एक उच्च पदाधिकारी श्री नंद कुमार वर्मा के घर जन्म लेने वाले आठ भाई बहनों में से पांचवें निर्मल वर्मा की संवेदनात्मक बुनावट पर हिमांचल की पहाड़ी छायाएं दूर तक पहचानी जा सकती हैं। उन्होंने कम लिखा है परंतु जितना लिखा है उतने से ही वे बहुत ख्याति पाने में सफल हुए हैं। उन्होंने कहानी की प्रचलित कला में तो संशोधन किया ही, प्रत्यक्ष यथार्थ को भेदकर उसके भीतर पहुंचने का भी प्रयत्न किया है। हिंदी के महान् साहित्यकारों में से अज्ञेय और निर्मल वर्मा जैसे कुछ ही साहित्यकार ऐसे रहे हैं जिन्होंने अपने प्रत्यक्ष अनुभवों के आधार पर भारतीय और पश्चिम की संस्कृतियों के अंतर्द्वंद्व पर गहनता एवं व्यापकता से विचार किया। दिल्ली के सेंट स्टीफेंस कॉलेज से इतिहास में एम.ए. करने के बाद उन्होंने कुछ दिन तक अध्यापन किया। 1959 से 1972 के बीच उन्हें यूरोप प्रवास का अवसर मिला। वह प्राग विश्वविद्यालय के प्राच्य विद्या संस्थान में सात साल तक रहे। उनकी कहानी 'माया दर्पण' पर 1973 में फ़िल्म बनी जिसे सर्वश्रेष्ठ हिंदी फ़िल्म का पुरस्कार मिला। वे इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ़ एडवांस स्टडीज़ (शिमला) के फेलो (1973), निराला सृजनपीठ भोपाल (1981-83) और यशपाल सृजनपीठ (शिमला) के अध्यक्ष रहे। 1988 में इंग्लैंड के प्रकाशक रीडर्स इंटरनेशनल द्वारा उनकी कहानियों का संग्रह 'द वर्ल्ड एल्सव्हेयर' प्रकाशित हुआ। इसी समय बीबीसी द्वार उन पर एक डाक्यूमेंट्री फ़िल्म भी प्रसारित हुई। 'रात का रिपोर्टर', 'एक चिथड़ा सुख', 'लाल टीन की छत' और 'वे दिन' निर्मल वर्मा के चर्चित उपन्यास है।

### चैत्र नवरात्र पर विशेष

# जीवन को संपूर्णता देता उपवास का अध्यात्मिक विज्ञान

नरेंद्र शर्मा

उपवास करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, जो हमे कई तरह की बीमारियों से बचाती है। उपवास के दौरान सेरोटोनिन और डोपामाइन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर्स की मात्रा संतुलित होती है, जिससे मन शांत रहता है और ध्यान की शक्ति बढ़ती है। मानसिक तनाव और चिंता कम होती है, जिससे आध्यात्मिक ऊर्जा बढ़ती है। उपवास से शरीर के ऊर्जा केंद्र या ऊर्जा चक्र सक्रिय होते हैं, जिससे आत्मविश्वास और इच्छाशक्ति बढ़ती है। जब शरीर में भोजन सीमित होता है, तो शरीर ऊर्जा को पाचन में खर्च करने के बजाय मानसिक और आध्यात्मिक कार्यों की ओर मोड़ता है, जिससे आत्मिक ऊर्जा बढ़ती है। चैत्र नवरात्रि के समय मौसम में परिवर्तन होता है, जिससे शरीर का जैविक चक्र प्रभावित होता है। उपवास इस चक्र को संतुलित करता है और शरीर को नए मौसम के लिए तैयार करता है। इससे भी इम्यून सिस्टम मजबूत होता है, जिससे मेटाबॉलिज्म नियंत्रित रहता है। उपवास के दौरान मन अधिक शांत और केंद्रित होता है। यह व्यक्ति को भावनात्मक संतुलन में रखता है, जिससे जीवन के प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होता है। हमारा आध्यात्मिक और नैतिक विकास होता है। उपवास से व्यक्ति अपनी आवश्यकताओं और इच्छाओं में अंतर समझने लगता है, जिससे मोह और भौतिक आसक्तियों से मुक्ति मिलती है।

उपवास सिर्फ आहार तक सीमित गतिविधि या प्रक्रिया नहीं है बल्कि यह एक गहरी आध्यात्मिक और वैज्ञानिक प्रणाली है, जो आत्मशुद्धि, मानसिक स्थिरता और आत्मसंयम को बढ़ावा देती है। विभिन्न धर्मों और योग परंपराओं में उपवास को आत्म-उन्नति का साधन माना गया है। हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र नवरात्र से नया वर्ष प्रारंभ होता है, साथ ही ऋतु चक्र भी बदलता है, जिससे जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का अवसर मिलता है। क्योंकि इस समय प्रकृति, शरीर और चेतना में एक विशेष समानुपातिक रिश्ता होता है। इसलिए इस समय किया गया उपवास न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि आध्यात्मिक और वैज्ञानिक रूप से भी लाभकारी होता है। क्योंकि यह आत्मिक ऊर्जा को बढ़ाने और शरीर-मन को संतुलित करने का एक प्रभावी माध्यम है। शरीर, मन और आत्मा की शुद्धि की प्रक्रिया उपवास से होकर गुजरती है। इसीलिए उपवास को आत्मशुद्धि की प्रक्रिया कहा जाता है। क्योंकि इसका संबंध केवल शरीर से नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक स्तर पर से भी होता है। जब व्यक्ति उपवास करता है, तो वह इंद्रियों के नियंत्रण और मानसिक शुद्धि की दिशा में बढ़ता है। उपवास हमें अपनी इच्छाओं और वासनाओं पर नियंत्रण रखने की शिक्षा देता है। यह ध्यान और साधना में गहराई लाने में मददगार है, जिससे चेतना का स्तर ऊंचा उठता है। चैत्र के नवरात्र में हम सात्विक भोजन (फल, दूध, साबूदाना, सिंघाड़ा, कुट्टू आटा आदि) करते हैं, जिससे शरीर की ऊर्जा शुद्ध रहती, नकारात्मकता दूर होती है। इससे ध्यान और भक्ति में गहराई आती है, जो आत्मिक ऊर्जा बढाने में मददगार होती है। चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना की जाती है। नियमित उपवास और जप-तप से व्यक्ति अपनी चेतना को दिव्य ऊर्जा से जोड़ता है, जिससे आंतरिक शक्ति और आत्मविश्वास बढ़ता है। इससे ध्यान और प्राण ऊर्जा में वृद्धि होती है। उपवास के दौरान शरीर अधिक ऊर्जा को आंतरिक रूप से आत्मिक विकास में लगाता है। यह ऊर्जा ध्यान, जप, और प्राणायाम में सहायक होती है, जिससे आध्यात्मिक अनुभूति गहरी होती है। शास्त्रों के विधान से किया गया उपवास व्यक्ति को ईश्वर के निकट लाने में सहायक होता है। यह एक साधना की तरह कार्य करता है, जिससे व्यक्ति अपनी आध्यात्मिक यात्रा में प्रगति करता है। चैत्र नवरात्र के वासंतिक मौसम में उपवास से शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है।क्योंकि उपवास से पाचन तंत्र को विश्राम मिलता है, इससे शरीर विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालता है और चयापचय यानी मेटाबोलिज्म को संतुलित करता है, इससे शरीर में ऊर्जा का स्तर बढ़ता है। उपवास करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, जो हमे कई तरह की बीमारियों से बचाती है। उपवास के दौरान सेरोटोनिन और डोपामाइन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर्स की मात्रा संतुलित होती है, जिससे मन शांत रहता है और ध्यान की शक्ति बढ़ती है। मानसिक तनाव और चिंता कम होती है, जिससे आध्यात्मिक ऊर्जा बढ़ती है। उपवास से शरीर के ऊर्जा केंद्र या ऊर्जा चक्र सक्रिय होते हैं, जिससे आत्मविश्वास और इच्छाशक्ति बढ़ती है। जब शरीर में भोजन सीमित होता है, तो शरीर ऊर्जा को पाचन में खर्च करने के बजाय मानसिक और आध्यात्मिक कार्यों की ओर मोड़ता है, जिससे आत्मिक ऊर्जा बढ़ती है। चैत्र नवरात्रि के समय मौसम में परिवर्तन होता है, जिससे शरीर का जैविक चक्र प्रभावित होता है। उपवास इस चक्र को संतुलित करता है और शरीर को नए मौसम के लिए तैयार करता है। इससे भी इम्यून सिस्टम मजबूत होता है, जिससे मेटाबॉलिज्म नियंत्रित रहता है। उपवास के दौरान मन अधिक शांत और केंद्रित होता है। यह व्यक्ति को भावनात्मक संतुलन में रखता है, जिससे जीवन के प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होता है। हमारा आध्यात्मिक और नैतिक विकास होता है। उपवास से व्यक्ति अपनी आवश्यकताओं और इच्छाओं में अंतर समझने लगता है, जिससे मोह और भौतिक आसक्तियों से मुक्ति मिलती है। यह करुणा, दया और सेवा की भावना को प्रबल करता है, जिससे सामाजिक जीवन भी समृद्ध होता है। वैज्ञानिक रूप से, उपवास से कोशिकाओं की मरम्मत की प्रक्रिया तेज होती है, जिससे शरीर अधिक ऊर्जा प्राप्त करता है। आयुर्वेद में कहा गया है कि समय-समय पर उपवास करने से शरीर का ओज) बढ़ता है, जिससे व्यक्ति अधिक ऊर्जावान और उत्साही महसूस करता है। उपवास के दौरान ध्यान और साधना से मन अधिक केंद्रित और शांत होता है। आत्मसंयम और साधना से आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ती है। शरीर और मन के शुद्धिकरण से आध्यात्मिक शक्ति बढ़ती है, जिससे जीवन में सकारात्मकता आती है। इस तरह चैत्र नवरात्रि के उपवास केवल धार्मिक अनुष्ठानभर नहीं हैं, बल्कि आत्मिक ऊर्जा बढ़ाने, शरीर को शुद्ध करने और मानसिक शांति प्राप्त करने का वैज्ञानिक और आध्यात्मिक साधन हैं।



## गीता सार

स्पर्शान्कृत्वा बहिर्बाह्यांश् चक्षुश्चैवान्तरे भ्रुवोः।
प्राणापानौ समौ कृत्वा नासाभ्यन्तरचारिणौ॥
यतेंद्रियमनोबुद्धि र्मुनिर्मोक्षपरायणः।
विगतेच्छाभयक्रोधो यः सदा मुक्त एव सः॥

**हिंदी अर्थ**

बाहर के विषयों को न अनुभव करते, नेत्रों की दृष्टि को दोनों भोहों के बीच में स्थिर कर और नासिका में विचरने वाले प्राण और अपान वायु को सम करके, जीते हुए मन, बुद्धि और इंद्रियों वाला मोक्षपरायण मुनि, जो इच्छा, भय और क्रोध से रहित हो गया है, वह सदा मुक्त ही है।

## बोले तो...



वक्फ विधेयक किसी भी धार्मिक व्यवस्था, किसी भी धार्मिक संस्था या किसी भी धार्मिक प्रथा में किसी भी तरह से हस्तक्षेप नहीं कर रहा है। अगर कोई इस बुनियादी अंतर को समझने में विफल रहता है या जानबूझकर नहीं समझना चाहता है, तो मेरे पास इसका कोई समाधान नहीं है।

- किरेन रिजिजू



चाहे विपक्ष हो या ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड जो रमजान में नमाज के दौरान मस्जिदों में काली पट्टी बांधने की अपील कर रहा है, वे इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहे हैं। बिल में संशोधन पारित होना हाशिये पर पड़े मुसलमानों के लिए सबसे बड़ी 'ईदी' होगी।

- जगदंबिका पाल



मणिपुर में जारी हिंसा का मुख्य कारण अवैध प्रवासन, नशे की समस्या और जंगलों का विनाश है। यह संकट पूरी तरह राजनीतिक नहीं है। यह नशे की लत, अवैध प्रवासन, जंगलों के विनाश और कुछ गुटों की तरफ से सत्ता हासिल करने की साजिश का नतीजा है।

- एन. बीरेन सिंह

### कुछ अलग | अजब गजब

# लाखों की कार पर महिला ने लीप दिया गाय का गोबर, आप भी कहेंगे 'वाह-वाह'

आपने मिट्टी के घरों की दीवारों और फर्श पर गोबर की लेप तो देखी होगी, लेकिन क्या कभी सोचा है कि कोई अपनी लाखों की कार पर भी गोबर पोत सकता है? जी हां, अहमदाबाद की एक हाउस वाइफ, सेजल शाह ने यह कारनामा किया है। दरअसल, उनकी टोयोटा आल्टिस कार इन दिनों इंटरनेट पर खूब चर्चा में है, क्योंकि इस पर मोटी परत में गाय का गोबर लगाया गया है। इस अनोखे कारनामे के पीछे की वजह जानकर आप भी दंग रह जाएंगे। सेजल शाह का कहना है कि जब गांवों में लोग घर की दीवारों और फर्श पर गाय के गोबर का लेप लगाते हैं, जिससे घर गर्मी में ठंडा और सर्दी में गर्म रहता है। बस फिर उन्होंने सोचा कि जब यह घर को ठंडा रख सकता है, तो कार को क्यों नहीं। उन्हें यह आइडिया अपने घर से मिला।

गर्मी के मौसम में कार का तापमान बहुत बढ़ जाता है और लोग एसी का अधिक इस्तेमाल करते हैं, जिससे ईंधन की खपत बढ़ती है और पर्यावरण पर बुरा असर पड़ता है। सेजल शाह का मानना है कि गोबर की परत उनकी कार को नेचुरल तरीके से ठंडा रखती है, जिससे उन्हें एसी चलाने की जरूरत नहीं पड़ती। वह कहती हैं, 'इससे न केवल कार का तापमान कंट्रोल रहता है, बल्कि पर्यावरण को भी नुकसान नहीं पहुंचता। कार के एसी से निकलने वाली हानिकारक गैसें ग्लोबल वार्मिंग को बढ़ाती हैं, इसलिए मैंने इसे रोकने का एक देसी तरीका अपनाया।'



सेजल शाह की कार की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। भारत के ग्रामीण इलाकों में गाय के गोबर का इस्तेमाल सदियों से होता आ रहा है। यह न केवल प्राकृतिक इन्सुलेटर का काम करता है, बल्कि कई वैज्ञानिक स्टडी में भी साबित हुआ है कि यह पर्यावरण के लिए फायदेमंद है। भारतीय घरों में गोबर का लेप फर्श और दीवारों पर लगाया जाता है, जिससे वे गर्मी में ठंडे और सर्दी में गर्म रहते हैं। इसके अलावा, गोबर से बदबू और कीटाणु भी दूर रहते हैं। वायरल फोटो में साफ दिखाई दे रहा है कि कार मालकिन ने अपनी टोयोटा कार को गोबर से रंग दिया है। इस पोस्ट पर लोग सवाल पूछ रहे हैं कि गोबर की दुर्गंध से बचने के लिए कार के अंदर बैठे लोग कैसे बचते हैं। एक अन्य यूजर ने पूछा कि गोबर की कितनी लेयर का इस्तेमाल कार को ठंडा रखने के लिए रंगने में किया गया है।

## पाठक पाती

## नियमों को ताक पर रख लोगों की जान से खिलवाड़

गुजरात में एक पटाखे के गोदाम में लगी आग ने एक बार फिर अग्नि शमन प्रबंधों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आग से 17 लोगों की जान गई जो सोचनीय है। ऐसे गोदाम जहां ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण किया गया है, वहां आग से निपटने के पुख्ता इंतजाम किए जाने चाहिए। यह सरकार की लापरवाही है जो कारखानों और गोदामों में अग्नि शमन यंत्रों की चैकिंग नहीं करती और मालिक अपने पैसे बचाने के लिए लोगों की जान से खिलवाड़ करते हैं। आग लगने पर साइरन बजना, अग्नि शमन यंत्रों की व्यवस्था, स्टाफ को इन्हें चलाने की ट्रेनिंग, आपातकालीन में निकासी द्वार, इन सब का उचित इंतजाम होने चाहिए। कड़े नियम बनाना सरकार की जिम्मेदारी है और इनका पालन करना जनता की।

अभिलाषा गुप्ता, मोहाली

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

# जीत-हार खेल के दो पहलू, जीत मिले ना मिले हर खेल में सीख जरूर मिलती है : मेवाड़ा

## जीपीएल सीजन-2 ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** एनएच 62 के समीप डिंगाई गांव के देवनारायण क्रिकेट ग्राउंड में मंगलवार से ग्रामीण क्रिकेट एसोसिएशन जीपीएल सीजन-2 पांच दिवसीय ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता पूर्व प्रधान हरीशंकर मेवाड़ा एवं महादेवा ग्रुप के मुकेश बारोलिया के सानिध्य में किया गया। पूर्व प्रधान मेवाड़ा ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। जीत हार खेल के दो पहलू होते हैं। खेल में कभी जीत तो कभी हार होती रहती है। खेल में हमें हार जीत की चिंता किए बगैर मैदान में उतरना चाहिए। कोई जरूरी नहीं कि हर बार जीत मिले, पर हर मैच में सीख जरूर मिलती है। और यह सीख जीवन के हर दौर में काम आती हैं। उन्होंने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए नियमित खेलते रहें। बारोलिया ने कहा कि खेल आपसी भाईचारे और सौहार्द को बढ़ावा देते हैं। खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने की प्रेरणा दी। इस मौके पर समाजसेवी वेनाराम परमार, कृपाराम चौधरी, भक्ताराम देवासी, प्रमोद बारोलिया, हरिप्रसाद मीणा बाला, रमेश बंजारा एंदला, भंवरसिंह, विष्णु रावल, शैतानसिंह भाटी, समरसिंह उदावत, दिनेशसिंह राजपुरोहित आदि मौजूद थे।

**बाला टीम ने जीता उदघाटन मैच**



**भवानी भारती बाला ने जीता उदघाटन मैच**

आयोजकों ने बताया कि मुख्य अतिथि मेवाड़ा ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें मैडल पहनाया। इसके बाद मेवाड़ा ने टॉस का सिक्का उछालकर टूर्नामेंट का आगाज किया। उदघाटन मैच मामाजी ि केट क्लब किरवा एवं भवानी भारती बाला के बीस खेला गया। जिसमें भवानी भारती बाला विजेता रहा। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 32 टीमें भाग ले रहीं हैं। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 5 अप्रैल को खेला जाएगा। जिसमें विजेता टीम को 51 हजार नकद व ट्रॉफी व उप विजेता टीम को 21 हजार व ट्रॉफी से नवाजा जाएगा। मैच ऑफ द सीरीज रहे खिलाड़ी को एलइडी टीवी व बेस्ट बेट्समैन को साइकिल व बेट से नवाजा जाएगा। प्रतियोगिता में सभी मैच 8-8 ऑवर के होंगे।



# ग्रामीणों ने की प्रशासन से पुल मरम्मत की मांग

## दुजाना बस स्टैंड पर बांगा नाला पुलिया क्षतिग्रस्त होने से हादसे की आशंका

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** दुजाना बस स्टैंड के पास बांगा नाला नेशनल हाइवे पुलिया बीच में से एक किनारे पर क्षतिग्रस्त होने से सड़क धंसने से हादसे की आशंका को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल मरम्मत करवाने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार पुल के ऊपर से गुजरने वाले वाहन हिचकोले खाते हुए पुल को पार करते हैं। वाहनों को झटके का अहसास होता है। भारी वाहन गुजरते हैं तो पुल का हिस्सा कंपन करता है।



दुपहिया वाहन झटके से अपना बैलेंस भी खो रहे हैं। पुल पर ट्रैफिक का दबाव भी ज्यादा रहता है। पुल के एक तरफ गांव तो दूसरी तरफ स्कूल, चिकित्सालय, ग्राम पंचायत सहित विभिन्न सरकारी विभागों के कार्यालय स्थित है। विद्यार्थियों व ग्रामीणों को रोजाना इस पुल के ऊपर से गुजरना पड़ता है। दो साल पहले भीषण बरसात से पानी के तेज बहाव से वर्षो पुराना पुल क्षतिग्रस्त हो गया। वर्तमान में दो जगह पर बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई है। पुलिया 3-4 इंच नीचे दब गया है। इस पुल के निर्माण के बाद से इसकी मरम्मत नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने बताया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री मोहनलाल सुखाड़िया की कार सहित काफिले को जालोर जिले के दौरे के समय बारिश के मौसम में बांगा नाले में पानी का बहाव ज्यादा होने के कारण करीब एक घंटे तक रूकना पड़ा था। इस पर वर्ष 1972 में सुखाडिया के कार्यकाल में पुल का निर्माण हुआ था। जिससे ग्रामवासियों को आने-जाने में काफी राहत मिली। यह सड़क स्टेट हाइवे घोषित होने पर कुछ वर्षों पहले ही डबल लेन का निर्माण हुआ। वर्तमान में यह सड़क नेशनल हाइवे है। ग्रामीणों की मांग है कि समय रहते क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत करवाई जाए अन्यथा किसी दिन बड़ा हादसा संभव है। पाली किसान कांग्रेस जिला संयोजक शंकरलाल माली, ब्लॉक कांग्रेस सचिव डायाराम मीणा, कस्तूराराम मीणा, सदाराम मेघवाल, कानसिंह परमार, मोहनलाल लौहार, देवाराम मीणा, अनाराम प्रजापत, रमेश दमामी, गलबाराम प्रजापत सहित ग्रामवासियों ने पुलिया का जायजा लिया एवं जर्जर पुलिया की मरम्मत करवाने की प्रशासन से मांग की। साथ ही नेशनल हाइवे गौशाला से लेकर पेट्रोल पंप तक की सड़क की भी मरम्मत करवाने की मांग की।

## तहसीलदार ने कौशल्य लाइब्रेरी का किया निरीक्षण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली/खौड़।** तहसीलदार जितेन्द्र बबेरवाल ने पाली के केशव नगर स्थित सार्वजनिक लाइब्रेरी का मंगलवार को निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने लाइब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र छात्राओं से बातचीत कर सुविधाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर कौशल्य लाइब्रेरी की साफ सफाई व्यवस्था की प्रशंसा भी की। इस दौरान चेनाराम जीनगर, रोशन सोलंकी, वि मसिंह परिहार मीडिया प्रभारी, संदीप खिंवाड़ा पत्रकार संगठन जिलाध्यक्ष, अशोक कुमावत सिरोही जिलाध्यक्ष, पीराराम, ललित गोयल, चेनाराम जीनगर, अरविंद गोयल खौड़, रक्षा, शीतल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। तहसीलदार बबेरवाल ने कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अशोक राजपुरोहित और चेनाराम जीनगर की यह पहल स्वागत योग्य है। इस तरह के प्रयासों से पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को एक उचित स्थान उपलब्ध हो सकेगा। रोशन सोलंकी ने बताया कि लाइब्रेरी में 56 छात्र-छात्राओं के बैठने की व्यवस्था की गई है। इसमें आरओ युक्त पानी, वाइफाइ सुविधा, किड्स रूम, अलग अलग शौचालय, सौ से अधिक प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें, कूलर आदि की व्यवस्था की गई है। पुस्तकालय खुलने का समय सुबह 7 से रात 11 बजे तक रखा गया है।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई 17 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरूवार को प्रातः 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से डीओआइटी कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित की जाएगी। सहायक निदेशक, लोक सेवाएं विमलेन्द्र राणावत ने बताया कि जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं व समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए प्रतिमाह त्रिस्तरीय जनसुनवाई माह अप्रैल 2025 के तृतीय गुरूवार 17 अप्रैल को प्रातः 11 बजे सूचना प्रौद्योगिकी विभाग कलेक्ट्रेट परिसर में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

# जिला कलक्टर ने किया सॉलिड वेस्ट प्लांट का शुभारंभ

**शहर को प्रदूषण से मिलेगी मुक्ति**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** शहर के कचरे का निस्तारण करने के लिए खेतावास स्थित सॉलिड वेस्ट प्लांट का बुधवार को जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने फीता काट व मशीन का बटन दबाकर शुभारम्भ किया। उन्होंने वेस्ट प्लांट की प्र िया की जानकारी ली एवं प्लांट का निरीक्षण किया। नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज ने बताया कि 250 टन कचरे निस्तारण का प्लांट बनाया गया था। राज्य सरकार स्तर पर बैठक होने के बाद बुधवार से इसकी वापस शुरुआत हुई। यहां पर सौ टन कचरे को प्रतिदिन कम्पोस्ट प्रोड्यूस करने की क्षमता है। जिससे आरडीएस और कम्पोस्ट खाद बनेगा जो आरडीएस बनेगा उसे सीमेंट फैक्ट्रियों में जाएगा, जिससे ऊर्जा उत्पादन होगा। उन्होंने बताया कि प्लांट द्वारा कचरा निस्तारण से बनने वाली कम्पोस्ट खाद को विभिन्न सहकारिता संस्थाओं के माध्यम से किसानों को उपलब्ध करवाया जाएगा। साथ ही खाद की गुणवत्ता जांच करने के लिए लैब व ऑफिस चालू कर दिया गया है। कम्पनी के बकाया बिलों की पूर्ति कर दी गई है। प्लांट संचालन से शहर के प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी और कचरे के निस्तारण से ऊर्जा व खाद उत्पादन में काम आएगा। इस दौरान नगर निगम के अधिकारी, कार्मिक एवं कम्पनी के पदाधिकारी मौजूद रहे।



# गुप्तेश्वर महादेव के मेले में उमड़े श्रद्धालु

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** कोटड़ी गांव स्थित गुप्तेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में बुधवार को आयोजित मेले में उमड़े श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की।

मेला कमेटी के अचलाराम प्रजापत के अनुसार मेले की पूर्व संध्या पर मंगलवार रात्रि भजन कार्यक्रम में किशोर राव, दुर्गा म्युजिकल ग्रुप नाडोल के किशन माली, विमला राव, रमेश बागरेचा की ओर से प्रस्तुत भजनों पर नृत्य कलाकार प्रवीण बामणिया, भैरुजी द्वारा प्रस्तुतियां दी गई। मेले में पूर्व ऊर्जा मंत्री पुष्पेन्द्रसिंह राणावत, उप प्रधान मानवेन्द्रसिंह, रूपाराम सीरवी, मोडसिंह बतौर अतिथि शरीक हुए। बुधवार प्रातः 8 बजे पंचायत भवन से बैंड बाजों एवं देव झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई जो प्रमुख मार्गों से होते हुए मेला स्थल पर पहुंच विसर्जित हुई। मेले के दौरान किशोर राव दुर्गा म्युजिकल ग्रुप नाडोल के नरेश राव, कंचन वैष्णव, विनोद गोमती के नृत्य कलाकार खुशी भाटी, पवन सुदामा, अर्जुन छैला, सोनू मारवाडी, निकिल कोमल राव ग्रुप नाडोल ने भजनों व झांकियों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। मेले मे लगे हाट बाजार में मणिहारी, घरेलू वस्तुओं की दुकानों से मेलार्थियों ने जामकर खरीददारी की। बच्चों व युवाओं ने झूले व आइस िम का लुत्फ उठाया। मेले के सफल आयोजन में हंसराज चौधरी, अचलाराम प्रजापत, उम्मेद वैष्णव, राजु राव, जगदीश चौधरी, विमल सुथार, मूलाराम चौधरी, ओगडराम सेन सहित ग्रामवासियों का सहयोग रहा।




# पार्किंग में खड़ी इको गाड़ी स्वाह, बाल-बाल बचा चालक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** आशापुरा माता के दर्शन को लेकर आई पार्किंग में खड़ी इको कार अचानक आग लगने से स्वाह हो गई। लोगों ने सतर्कता दिखाते हुए कार में सो रहे चालक को जैसे तैसे बाहर निकाल कर हादसे का शिकार होने से बचा लिया। बीकानेर जिले के नोहगढ़ जेतपुर गांव के यात्री इको कार लेकर माता के दर्शन के लिए पहुंचे थे। यात्री दर्शन को रवाना हो गए एवं चालक जब्बारखान कार को पार्किंग में खड़ी कर अंदर सो गया। इस दौरान कार में अचानक आग लग गई। आस पास खड़े अन्य वाहन चालकों ने दौड़ कर चालक को बाहर निकाला। हालांकि चालक जलती गाड़ी से कागजात व जरुरी सामान निकालने का प्रयास करने लगा, जिससे उसका हाथ कुछ झुलस गया। सूचना मिलते ही आशापुरा माता मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारी व कार्यकर्ता तत्काल मौके पर पहुंचे एवं आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। लेकिन तब तक गाड़ी स्वाह हो गई। इस बीच मौके पर पहुंचे नाडोल चौकी प्रभारी जाकिर अली सैयद व बीट कांस्टेबल भैरूसिंह ने घायल को चिकित्साल पहुंचा उपचार करवाया। इस दौरान ट्रस्ट व्यवस्थापक लालसिंह शक्तावत, एम्बुलेंस चालक नरसिंह राव, योगेन्द्रसिंह, रमेश सेन आदि का सहयोग रहा।



## शिक्षक जल भागीरथ योजना का शुभारंभ




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा के तत्वावधान में समीपवर्ती सेवाड़ी में शिक्षक जल भागीरथ योजना की शुरुआत की गई।

योजना के संयोजक सुरेंद्रसिंह राणावत के अनुसार कार्य म की अध्यक्षता पाली के संयुक्त निदेशक चंद्रेशपाल सिंह ने की। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरजीतसिंह राठौड़ विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। पंचायत शिक्षा अधिकारी गोपाल पारीक, कविता गहलोत, समाजसेवी मोहनलाल और जिला प्रतिनिधि दिलीपसिंह, उप शाखा अध्यक्ष मूलचंद गर्ग, महेंद्र सरेल, वि म चौधरी, पुखराज गर्ग और जयरूप चंद्र गर्ग का सान्निध्य रहा। मंच संचालन उप जिला शिक्षा अधिकारी (शारीरिक) बलवीरसिंह राणावत ने किया।

## स्कूल में भेंट किया लेपटॉप व प्रिंटर



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नारलाई।** रावला नारलाई महाराज चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से कस्बे के आईमाता स्कूल में एक लेपटॉप व प्रिंटर भेंट किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से इस भेंट के लिए ट्रस्ट का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर रावला मैनेजर रविन्द्रपाल सिंह, रणवीरसिंह, अजयपाल सिंह, नारलाई प्रशासक शेखर मीणा, अर्जुनसिंह कुंपावत, लालाराम देवासी, प्रधानाध्यापक प्रकाश सोलंकी, व्यवस्थापिका रुक्मिणी सोलंकी, शिक्षिका राधिका, इन्द्रा कुमावत, मानसीकंवर भी मौजूद थे।

# बदल गया स्कूलों व सरकारी अस्पताल का समय

**सरकारी स्कूल सुबह 7.30 व अस्पताल 8 बजे खुले**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** नया वित्त वर्ष शुरू होने के साथ ही एक अप्रैल से कई सरकारी विभागों और संस्थानों में कार्य समय बदल दिया है। गर्मी के मौसम के कारण भी यह बदलाव किया गया। मंगलवार से सरकारी स्कूल सुबह 7.30 बजे से खुलें। उप जिला अस्पताल में ओपीडी का समय सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया। उधर, न्यायालय का समय भी बदलेगा, लेकिन यह बदलाव 15 अप्रैल से होगा। यह बदलाव 30 सितंबर तक लागू रहेगा।

### दो पारी वाले स्कूल शाम 6 बजे तक जारी रहेंगे

एक अप्रैल से राजकीय स्कूल सुबह 7.30 बजे से खुलें और दोपहर एक बजे छुट्टी हुई। दो पारी में चलने वाले स्कूलों का समय सुबह 7 से शाम 6 बजे तक रहेगा। प्रत्येक पारी 5.30 घंटे की होगी। 31 मार्च तक एक पारी के स्कूल सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चल रहे थे।

### उप जिला अस्पताल का समय 8 से 2 बजे तक

उप जिला अस्पताल का समय सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक किया गया। यह बदलाव 30 सितंबर तक लागू रहेगा। रविवार और अन्य राजकीय अवकाश के दिनों में ओपीडी का समय सुबह 9 से 11 बजे तक रहेगा। 31 मार्च तक ओपीडी का समय सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक था।

### कोर्ट 15 अप्रैल से सुबह 10 की जगह 8 बजे खुलेंगे

गर्मियों के सीजन में 15 अप्रैल से अपर जिला एवं सेशन न्यायालय, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट व न्यायिक मजिस्ट्रेट का समय भी बदल जाएगा। कोर्ट सुबह 7 बजे से दोपहर एक बजे तक चलेंगे। जबकि कार्यालय का समय सुबह 7.30 बजे दोपहर एक बजे तक का रहेगा। 14 अप्रैल तक कोर्ट का समय सुबह 10 बजे से शाम के 5 बजे तक रहेगा।

# कोट सोलंकिया पंचायत के गांवों को यथावत रखने की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** ग्राम पंचायत कोट सोलंकिया से जुड़े ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी सिद्धार्थ सांदू को ज्ञापन देकर पंचायत के गांवों को यथावत रखने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि नयागांव को ग्राम पंचायत कोट सोलंकिया में यथावत रखा जाए। 25 मार्च को भी इस संबंध में नयागांव को परिसीमन न करने तथा पंचायत कार्यालय कोट सोलंकिया को यथावत रखने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था। इस मामले को लेकर विधायक ने भी दूरभाष के जरिए उपखंड अधिकारी को अवगत कराया था। ग्रामीणों ने मांग के अनुरूप गांवों को यथावत रखवाने का आग्रह किया। इस अवसर पर समाजसेवी शंकरलाल मेघवाल, मदनलाल मेघवाल, रामलाल, मोहनलाल, राणाराम, अशोकनाथ, शिवनाथ, सुरेशकुमार, सुरजनाथ, रतनलाल मेघवाल, वोराराम, दुदाराम देवासी, राणाराम, भावाराम देवासी, कन्याबाई, वेनाराम देवासी, पुखराज सोनी, कानाराम, विमलाकुमारी, केनाराम देवासी, पोनीदेवी, तोलाराम देवासी, छोगाराम मीणा, हिम्मतराम, मोहनलाल, पकाराम समेत कई ग्रामवासी मौजूद थे।



# भगवान महावीर हॉस्पीटल में निशुल्क जोड़-प्रत्यारोपण व हर्निया के ऑपरेशन 12 व 13 को

*गरीबों का होगा निशुल्क उपचार, अन्य मरीजों को मिलेगी रियायत*

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** जवाईबांध रोड स्थित भगवान महावीर हॉस्पीटल में गरीब मरीजों के लिए निःशुल्क एवं अन्य मरीजों के लिए अत्यन्त ही रियायती दरों पर ऑपरेशन करवाने के लिए मरीजों के पंजीयन प्रारम्भ हो चुके है। शिविर का आयोजन 12 व 13 अप्रैल को किया जाएगा। हॉस्पीटल के प्रशासनिक विभाग के अनुसार भामाशाह कंचन सुकनराज पारेख परिवार घाणेराव-हाल मुम्बई के सौजन्य से जोड़-प्रत्यारोपण चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें गरीब मरीजों के लिए निःशुल्क एवं अन्य मरीजों के लिए रियायती दरों पर घुटने, कुल्हे एवं कंधे के जोडों का प्रत्यारोपण ऑपरेशन किए जाएंगे। इसके लिए अस्पताल के नियमित ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. संजय अग्रवाल द्वारा पंजीयन किया जा रहा है। इसी प्रकार जनरल सर्जरी विभाग द्वारा दुरबीन (लेप्रोस्कोपी) की सहायता से सभी प्रकार के हर्निया के ऑपरेशन निःशुल्क किए जाएंगे, जिसका पंजीयन अस्पताल के नियमित जनरल सर्जन डॉ. मेहुत पंचाल एवं डॉ. ऋषि कुमार सिंगोडिया द्वारा किए जा रहे हैं। निःसंतानता से ग्रसित दम्पति के लिए आइवीएफ विभाग द्वारा निःशुल्क परामर्श शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। सभी विभागों में सर्जरी के लिए मुम्बई के विशेषज्ञों द्वारा सेवाएं प्रदान की जाएगी।

# खेड़ादेवी मंदिर पर भजन कीर्तन जारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** नगर सहित उपखंड क्षेत्र में चैत्र नवरात्र के उपलक्ष में माताजी के मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहें हैं। नगर के जाखानगर सहित जाखामाजी व मंगल कलश चौराहा स्थित खेड़ादेवी माता मंदिर में भजन किर्तन जारी हैं। मंगलवार रात्रि खेड़ादेवी मंदिर में शाम की आरती के बाद आस-पास क्षेत्र से बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्रित हुई। ढोलक की थाप पर भजनों के माध्यम से माता की महिमाओं का बखान किया। भजन कीर्तन के बाद प्रसादी का वितरण किया गया। मंदिर पुजारी मुकेश वैष्णव ने बताया कि महिला भजन मंडली द्वारा हर वर्ष नवरात्र पर नौ दिन तक रात्रि में भजन कीर्तन किए जाते हैं।



# बाड़मेर : रेलवे ऑफिसर बना हनीट्रैप का शिकार

## आरोपी युवतियों ने अश्लील वीडियो अफसर की पत्नी को भेजा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बाड़मेर में रेलवे ऑफिसर हनीट्रैप का शिकार हो गया। आरोप है कि दो युवतियों ने उसे मिलने के बहाने बुलाकर बंधक बनाया और उसके अश्लील वीडियो बना लिए। आरोपी युवतियों ने वीडियो उसकी पत्नी को भी भेज दिए। पुलिस को दी एफआईआर के अनुसार ऑफिसर से 10 लाख रुपए की डिमांड भी की गई है। मामला बाड़मेर सदन थाना इलाके के शिव नगर का सोमवार शाम है। दरअसल, बाड़मेर रेलवे स्टेशन के अधिकारी ने मंगलवार को सदर थाने में रिपोर्ट दी। उसने बताया कि करीब दो महीने पहले मेरा संपर्क एक लड़की से हुआ था। तब उसने अपना नाम सुमन (बदला नाम) बताया था। उसने अपना मोबाइल नंबर भी शेयर किया था। हर 5-10 दिन में एक-दो बार टिकट से संबंधित जानकारी के लिए फोन पर बात होती रहती थी।




### वॉट्सऐप पर कॉल कर मिलने बुलाया

रिपोर्ट में बताया गया है कि पांच-छह दिन पहले सुमन का फोन आया था। उसने अपनी एक सहेली से मेरा संपर्क करवाया। मुझे उस लड़की का मोबाइल नंबर दिया। सुमन ने बताया कि यह लड़की आपसे संपर्क कर लेगी। सोमवार की शाम के समय सुमन के बताए अनुसार वॉट्सऐप पर कॉल आया। लड़की ने अपना नाम गायत्री (बदला नाम) बताया। उसने कहा कि आप गांधीनगर, चामुंडा सर्किल तक आ जाओ, वहां पर मैं आपको मिलूंगी। चामुंडा सर्किल पर पहुंचने पर गायत्री ने अपनी स्कूटी से पिकअप किया। फिर वो ऑफिसर को लेकर शिवनगर एरिया के एक मकान पर पहुंची। गायत्री के मोबाइल पर लगातार फोन आ रहे थे।

### 10 लाख रुपए मांगे

एफआईआर के अनुसार कमरे में आते ही दोनों युवकों ने मारपीट शुरू कर दी। मकान में बंधक बना दिया। दोनों लड़कों ने पीड़ित के कपड़े उतार कर मारपीट की और अश्लील वीडियो बनाए। उन्होंने 10 लाख रुपए की डिमांड की और जल्द से जल्द व्यवस्था करने को कहा। इस पर पीड़ित रेलवे कर्मचारी ने कहा- बाड़मेर में तो मेरा कोई नहीं है मैं कुछ समय पहले ही बाड़मेर आया हूं। रुपए नहीं देने पर अश्लील वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर करने की धमकियां दी। साथ ही महिला थाने में मामला दर्ज करवाकर जेल भेजने की भी धमकी दी। इसके बाद बदमाशों ने वॉट्सऐप पर अधिकारी की पत्नी को कॉल किया, साथ ही अश्लील फोटो भेज दिए। इसके बाद पीड़ित को वापस हाईवे पर सूनसान जगह पर छोड़ दिया।

# ढाबे की आड़ में डोडा-पोस्त की सप्लाई, एक गिरफ्तार

**बालोतरा।** बालोतरा जिले की सिणधरी पुलिस ने अलग-अलग जगह कार्रवाई करते हुए 13.09 किलो डोडा पोस्त जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी फरार हो गया। चाय के ढाबे की आड़ में डोडा-पोस्त की बिक्री कर रहे थे। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है। सिणधरी थानाधिकारी देव किशन के अनुसार गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि सिणधरी कस्बे में चाय के ढाबे की आड़ में अवैध डोडा-पोस्त बिक्री की जा रही है। इस पर थानाधिकारी देव किशन ने शनिदेव होटल पर घेराबंदी कर दबिश दी। पुलिस ने सांवलाराम पुत्र खेताराम निवासी टाकुबेरी पुलिस थाना सिणधरी बालोतरा को डिटेन किया। उसके कब्जे से 3.840 किलोग्राम डोडा-पोस्त बरामद किया। इसी तरह दूसरी टीम ने दूसरे चाय के ढाबे पर दबिश दी। कार्रवाई की भनक लगने पर आरोपी सोनाराम पुत्र मुकनाराम निवासी सिणधरी सर्किल, जिला बालोतरा फरार हो गया। उसके ढाबे से 9.250 किलोग्राम अवैध बरामद किया गया। फिलहाल पुलिस आरोपी सोनाराम की तलाश की जा रही है। दोनों कार्रवाई पर दो अलग-अलग मामले थाने में दर्ज किए गए। कार्रवाई में पादरू चौकी प्रभारी एसआई लूणाराम, सिणधरी थाने के एएसआई लूणाराम, हेड कांस्टेबल गोमाराम, कांस्टेबल लाभूराम, हनुमानराम, आईदानराम, जोगेंद्र और सुखदेव शामिल रहे।



■ दूसरा आरोपी बच निकला, 13.09 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त

जसोलधाम में नवरात्र का पांचवां दिन

# मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना, छप्पन भोग और कन्या पूजन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बालोतरा।** जसोल धाम स्थित श्री राणी भटियाणी मंदिर में चैत्र नवरात्रा के पांचवें दिन मां दुर्गा के पंचम स्वरूप मां स्कंदमाता की विशेष पूजा-अर्चना की गई। पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता महंत नारायणगिरी महाराज के सानिध्य में यह पूजन संपन्न हुआ। संस्थान अध्यक्ष रावल किशन सिंह जसोल ने भक्तों की मनोकामना पूर्ति के लिए विधिवत पूजा की। श्री दुधेश्वर वेद विधा पीठ, गाजियाबाद के विद्वान आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन करवाया। इस अवसर पर फलौदी निवासी सुशीला देवी फाफट ने अन्नपूर्णा प्रसादम और छप्पन भोग का आयोजन किया। उन्होंने सभी मंदिरों में भोग अर्पित कर भक्तों में प्रसाद का वितरण किया। कार्यक्रम में मालाणी सांस्कृतिक कला केंद्र के कलाकारों ने गेर नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। लाभार्थी परिवार ने जसोल ग्राम की कन्याओं और बटुकों का पूजन कर उन्हें प्रसाद और दक्षिणा भेंट की। पूरे कार्यक्रम में पारंपरिक रीति-रिवाजों का विशेष ध्यान रखा गया। जसोल धाम के समस्त भक्तों को संबोधित करते हुए महंत श्री नारायणगिरी जी महाराज ने कहा कि चैत्र नवरात्रि की पंचमी तिथि को मां दुर्गा के पंचम स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा का विधान है। मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना करने से नकारात्मक शक्तियां दूर होती है, और कार्यों में हो रही विघ्न-बाधाएं समाप्त होती है।



### मां स्कंदमाता का स्वरूप

मां स्कंदमाता की गोद में भगवान स्कंद (कार्तिकेय) विराजमान है। मां कमल के आसन पर विराजित है, जिसके कारण इन्हें पद्मासना देवी भी कहा जाता है। मां का वाहन सिंह है। मां भगवती के इस पंचम स्वरूप की उपासना करने से संतान संबंधी परेशानियां दूर होती है और भक्तों को सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

# भारत की थिंक टैंक के डीजी पहुंचे बॉर्डर

**जैसलमेर।** मनोहर परिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान (एमपी-आईडीएसए) के डीजी सुजान आर चिनॉय ने सीमा क्षेत्र का दौरा किया। देश के प्रमुख थिंक टैंक मनोहर परिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान के डीजी सुजान आर चिनॉय ने भारत पाक बॉर्डर का दौरा किया। अपनी दो दिवसीय आधिकारिक जैसलमेर दौरे के दौरान क्षेत्रीय मुख्यालय जैसलमेर की सीमा चौकियों का दौरा किया। भारत-पाक सीमा पर सीमा सुरक्षा बल की हथियारों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन कर जानकारी ली। सीमा चौकी पर बीएसएफ डीआईजी नार्थ सेक्टर योगेन्द्र सिंह राठौड़ और कमांडेंट वी पी सिंह ने स्वागत किया। सीमा चौकी पर डीजी सुजान आर चिनॉय ने बॉर्डर पर जवानों और महिला प्रहरी से मुलाकात कर उनकी हौसला अफजाई की। सीमा चौकी पर सीमा सुरक्षा बल में इस्तेमाल किए जा रहे हथियारों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन भी किया। महानिदेशक चिनॉय ने तनोट माता मंदिर में पूजा-अर्चना की और देश में अमन एवं शांति की कामना की। महानिदेशक ने सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों से मुलाकात कर जैसलमेर की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा की सामरिक सुरक्षा व्यवस्थाओं के बारे में चर्चा की।



### हथियारों की प्रदर्शनी देखी

देश के प्रमुख थिंक टैंक मनोहर परिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान के डीजी सुजान आर चिनॉय ने सीमा सुरक्षा बल के तोपखाना रेजिमेंट द्वारा इस्तेमाल होने वाले हथियारों के प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। महानिदेशक चिनॉय ने अपने जैसलमेर दौरे के दौरान सीमा पर विषम परिस्थितियों में निरंतर अपने कर्तव्य का पालन कर रहे सीमा सुरक्षा बल के जवानों की सराहना एवं हौसला अफजाई की। गौरतलब है कि रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान, जो अब मनोहर परिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान के नाम से जाना जाता है, भारत का एक प्रमुख थिंक टैंक है जो रक्षा, सामरिक और सुरक्षा मामलों पर अनुसंधान करता है।

31 साल बाद बढ़ी जोधपुर नगर निगम की सीमा

# जोधपुर उत्तर व दक्षिण निगम के कुल 160 वार्ड खत्म

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर में नगर निगम बनने के 31 साल बाद आखिरकार इसका सीमा क्षेत्र भी बढ़ ही गया। जोधपुर नगर निगम उत्तर व दक्षिण और इनके 80-80 वार्ड खत्म कर एक बार फिर एकीकृत नगर निगम में 100 वार्ड बनाए जा चुके हैं। जोधपुर नगर निगम में दो राजस्व ग्राम नांदड़ी व श्रीयादे गांव को सरदारपुरा विधानसभा क्षेत्र में जोड़ा गया है। नए जोड़े गए राजस्व ग्राम श्रीयादे नगर व नांदड़ी की आबादी को मिलाकर दो नए वार्ड बनाए गए हैं। ऐसे में नए राजस्व गांव से दो वार्ड और शहर, सरदारपुरा व सूरसागर विधानसभा से नगर निगम के नए परिसीमन को अंतिम रूप देने के लिए काफी लंबी मशक्कत चली। इसके नए प्रारूप को मंगलवार को अंतिम रूप देते हुए नए परिसीमन के प्रकाशन के लिए कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने आदेश जारी कर दिए। नगर निगम आयुक्त सिद्धार्थ पलानीचामी के अनुसार परिसीमन का ड्राफ्ट और नक्शा निगम की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाएगा। निगम के 100 वार्डों की सीमा तय करने के बाद प्रशासन ने बुधवार से आपत्तियां मांगनी शुरू कर दी है। यह क्रम 20 दिन तक चलेगा। प्रत्येक वार्ड की आबादी 7000 से 12000 तक रखी गई है। परिसीमन में जनसंख्या के आधार पर सबसे छोटा वार्ड शहर विधानसभा में वार्ड 62 होगा। इसमें 7064 वोटर होंगे। वार्ड की परिधि में जालोरियों का बास, राम चौक, खानिया, शंभु भवन, मियों की मस्जिद व आस-पास के क्षेत्र शामिल होंगे। सबसे बड़ा वार्ड सरदारपुरा विधानसभा का 100 होगा। इसमें किशोर बाग, नरपत पेट्रोल पंप, मां भगवती कॉलोनी से सुसवाणी माता की गलियों सहित आसपास के क्षेत्र शामिल हैं। नए परिसीमांकन में दोनों निगम के 160 वार्डों को तोड़ने के लिए डेढ़ से दो वार्ड एक में मर्ज किए गए हैं। इसमें वार्डों को मर्ज करने में वार्ड बाउंड्री का ख्याल रखा गया है। सीमा में जोड़े गए दोनों गांव को वार्ड 77 व 78 में शामिल किया गया है। इन दोनों वार्डों के जुड़ने से साल 2011 की जनसंख्या के आधार पर जोधपुर की आबादी में 22 हजार से अधिक की वृद्धि हुई है। अब सूरसागर विधानसभा में सर्वाधिक 40 वार्ड बनाए गए हैं। वहीं, सरदारपुरा विस में 31 और शहर विस में 29 वार्ड बनाए गए हैं।



# जैसलमेर : पांच अप्रैल से हीटवेव का येलो अलर्ट

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले में तेज गर्मी के बीच मौसम विभाग ने आगामी दिनों में हीट वेव चलने की चेतावनी दी है। जिले में पिछले चार-पांच दिन से लोग गर्मी से बेहाल है। गर्मी से राहत मिलने के बजाय अब आगामी दिनों में गर्म हवाओं के थपेड़े झेलने पड़ेंगे। मौसम विभाग के अनुसार मौसम वैज्ञानिकों की माने तो अब लगातार तापमान में बढ़ोतरी होगी। आगामी दिनों में दिन का पारा 44 डिग्री पहुंचने की प्रबल संभावना है। कृषि मौसम वैज्ञानिक अतुल गालव ने बताया कि पांच अप्रैल से जिले में हीट वेव चलेगी। जिसको लेकर हीट वेव का येलो अलर्ट भी जारी किया है। पारा पहुंचा 38 डिग्री पार मंगलवार को जैसलमेर में मौसम साफ रहा। सुबह नौ बजे से ही तेज धूप निकली। दोपहर में तेज धूप व गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। मंगलवार को दिन का पारा 38 डिग्री के पार पहुंच गया। गर्मी में इजाफे के साथ ही आइसक्रीम व शीतल पेय पदार्थों की दुकानों पर लोग इकट्ठे होने लगे हैं। दोपहर व शाम के समय आइसक्रीम व शीतल पेय पदार्थ खरीदने के लिए लोगों की भीड़ लगी रहती है। जिससे लोग अपने गले को तर कर कुछ राहत महसूस कर रहे हैं। पांच अप्रैल से लू चलेगी मौसम वैज्ञानिकों ने पश्चिमी जिले में हीट वेव की चेतावनी दी है। कृषि मौसम वैज्ञानिक अतुल गालव ने बताया कि पांच अप्रैल से जिले में हीट वेव चलेगी। हालांकि प्रदेश के दक्षिण-पूर्वी भागों में तीन अप्रैल तक कहीं कहीं बादल छाए रहने व हल्की बारिश की संभावना है। लेकिन इस सिस्टम को असर जैसलमेर में नहीं होगा। न्यूनतम व अधिकतम तापमान में चार से छह डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना है। जिले में अब भीषण गर्मी का दौर शुरू होगा। पांच अप्रैल से पूर्व गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है। वहीं पांच अप्रैल से गर्म हवाएं झकझोर देगी। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो अब लगातार तापमान में बढ़ोतरी होगी। आगामी दिनों में दिन का परा 44 डिग्री पहुंचने की प्रबल संभावना है।

# हाइटेंशन लाइनों से टकराया दुर्लभ प्रवासी गिद्ध

## यूरेशियन ग्रिफॉन गिद्ध के पंख पर आई चोट

**जैसलमेर।** जैसलमेर के धोलिया गांव के वन्य जीव वाले इलाके में एक प्रवासी गिद्ध करंट से घायल हो गया। घायल दुर्लभ यूरेशियन ग्रिफॉन नामक गिद्ध को ग्रामीण धर्मा राम विश्नोई ने देखकर वन्य जीव प्रेमी राधेश्याम विश्नोई को बुलाया। मौके पर पहुंचे वन्य जीव प्रेमी राधेश्याम विश्नोई ने घायल गिद्ध को रेस्क्यू किया। गिद्ध के एक पंख में गंभीर चोट की वजह से वो उड़ नहीं पा रहा था। राधेश्याम विश्नोई ने घायल गिद्ध का इलाज किया और उसको संरक्षण में रखा। अब सही होने के बाद उसे जंगल में छोड़ देंगे। वन्य जीव प्रेमियों ने इलाके से गुजर रही हाईटेंशन लाइनों को भूमिगत करने की मांग की है। वन्य जीव प्रेमी राधेश्याम विश्नोई ने बताया- इलाके से गुजर रही हाइटेंशन लाइनें इन वन्य जीवों के लिए हमेशा के लिए खतरा है। कई बार इनसे टकराकर कई दुर्लभ पक्षियों की मौत हो चुकी है, मगर सरकार इसको भूमिगत नहीं करवा रही है। जिले में कई वन्य जीव बाहुल्य इलाकों में प्रवास करने दुर्लभ पक्षी आए हैं। पक्षियों ने कई इलाकों में अपना डेरा डाला है। इलाके में बिजली के तारों से टकराकर दुर्लभ पक्षियों के मरने का सिलसिला जारी है। इन तारों को भूमिगत करने की मांग काफी समय से उठाई जा रही है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही।



### सर्दियों में प्रवास करता यूरेशियन ग्रिफॉन

पर्यावरण प्रेमी सुमेर सिंह ने बताया कि यूरेशियन ग्रिफॉन नामक दुर्लभ गिद्ध प्रवासी पक्षी है और सर्दियों में यहां प्रवास करता है। राजस्थान में यूरेशियन ग्रिफॉन कजाकिस्तान, अफगानिस्तान और बलूचिस्तान से आते हैं। इनका प्रवास का रास्ता मध्य-पूर्व से दक्षिणी एशिया की ओर है। इस मार्ग को यूरेशियन ग्रिफॉन के अलावा अन्य प्रजातियां भी इस्तेमाल करती हैं। वहां ज्यादा ठंड होने पर ये प्रवास करके हजारों किमी का सफर तय करके गर्म जगहों पर आते हैं। जैसलमेर में ये फतेहगढ़, लाठी आदि इलाकों में जहां पशु विचरण का इलाका ज्यादा है वहां ये ज्यादा पाए जाते हैं।

# व्यापार जगत

# सेंसेक्स 592 अंक चढ़कर 76,617 पर बंद

## निफ्टी भी 166 अंक बढ़ा, 23332 पर पहुंचा

**मुंबई।** शेयर बाजार में दो अप्रैल को बढ़त रही। सेंसेक्स 592 अंक चढ़कर 76,617 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में 166 अंक की बढ़त रही, ये 23,332 के स्तर पर बंद हुआ। सबसे ज्यादा तेजी रियल्टी सेक्टर में रही। निफ्टी रियल्टी इंडेक्स 3.61 चढ़ा। वहीं कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 2.51% की तेजी रही। आईटी, एफएमसीजी, मेटल और फार्मा इंडेक्स में करीब 1% की बढ़त रही।



### बाजार से जुड़े बड़े अपडेट

आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड जल्द ही अपना आईपीओ आएगी। कंपनी ने मंगलवार को मार्केट रेगुलेटर SEBI के पास आईपीओ पेपर्स दोबारा फाइल किए हैं। इस आईपीओ का इश्यू साइज 745 करोड़ रुपए है। पूरी खबर पढ़ें गोल्डमैन सैक्स ने टाटा कंज्यूमर के शेयर की रेटिंग को 'बाय' में अपग्रेड किया है। टारगेट 1,040 से बढ़ाकर 1,200 कर दिया है। इसके बाद बुधवार को शेयर में 8% चढ़कर 1,060 रुपए के पार पहुंच गया है।

### ग्लोबल मार्केट में बढ़त

एशियाई बाजारों में जापान के निक्केई में 0.28% और चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.05% की तेजी रही। वहीं हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.019% गिरकर बंद हुआ। अप्रैल को अमेरिका का डाओ जोंस 0.028% गिरकर 41,989 पर बंद हुआ। नैस्डेक कंपोजिट में 0.87% की तेजी रही जबकि S&P 500 इंडेक्स 0.38% चढ़कर बंद हुआ। अप्रैल को विदेशी निवेशकों ने 5,901 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। वहीं, घरेलू निवेशकों ने 4,322 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

# 1200 तक जा सकता टाटा कंज्यूमर का शेयर !

**मुंबई।** टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स लिमिटेड के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। कंपनी के शेयर बुधवार को बीएसई में सात पर्सेंट से ज्यादा उछलकर 1073.55 रुपए पर पहुंच गए हैं। ग्लोबल ब्रोकरेज हाउस गोल्डमैन सैक्स ने टाटा कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स की रेटिंग अपग्रेड कर दी है और कंपनी के शेयरों का टारगेट प्राइस 15 पर्सेंट से ज्यादा बढ़ा दिया है। टाटा कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 1247.75 रुपए है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 884 रुपए है।

### बाय रेटिंग के साथ 1200 रुपए का टारगेट प्राइस

इंटरनेशनल ब्रोकरेज हाउस गोल्डमैन सैक्स ने टाटा कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स लिमिटेड के शेयरों को खरीदने की सलाह दी है। ब्रोकरेज हाउस ने कंपनी के शेयरों को बाय रेटिंग दी है। गोल्डमैन सैक्स ने पहले कंपनी के शेयरों को न्यूट्रल रेटिंग दी थी। ब्रोकरेज हाउस ने टाटा कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स के शेयरों का टारगेट प्राइस रिवाइज करके 1200 रुपए कर दिया है। गोल्डमैन सैक्स ने पहले कंपनी के शेयरों के लिए 1040 रुपए का टारगेट दिया था। मंगलवार के क्लोजिंग लेवल के मुकाबले टाटा कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स के शेयरों में 21 पर्सेंट का उछाल आ सकता है।



### पांच साल में 300% से ज्यादा चढ़े कंपनी के शेयर

टाटा कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स लिमिटेड के शेयर पिछले पांच साल में 300 पर्सेंट से अधिक उछल गए हैं। टाटा ग्रुप की इस कंपनी के शेयर तीन अप्रैल 2020 को 263.97 रुपए पर थे। कंपनी के शेयर दो अप्रैल को 1073.55 रुपए पर जा पहुंचे हैं। पिछले दो साल में टाटा कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स के शेयरों में 50 पर्सेंट से ज्यादा की तेजी देखने को मिली है। इस साल अब तक टाटा कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स लिमिटेड के शेयरों में 17 पर्सेंट का उछाल आया है।

# एफडी में रिटर्न पर चल गई कैंची

**नई दिल्ली।** बैंकों ने फिक्स्ड डिपॉजिट पर ब्याज दरें कम करना शुरू कर दिया है। ये ब्याज दरें फरवरी में रिजर्व बैंक की ओर से रेपो रेट में कटौती के बाद कम होनी शुरू हुई हैं। फरवरी में रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में 25 बेसिस पॉइंट की कमी की थी। इसी के बाद माना जा रहा था कि बैंक अब एफडी पर ब्याज दरें कम करना शुरू कर देंगे। ब्याज दरें कम होने से इसमें निवेश करने वालों की संख्या में कमी आ सकती है। वह इसलिए क्योंकि निवेशकों को एफडी पर अब कम रिटर्न मिलेगा। प्राइवेट बैंक एफडी पर सरकारी बैंकों की अपेक्षा ज्यादा रिटर्न के लिए जाने जाते हैं। लेकिन अब प्राइवेट बैंकों ने भी एफडी की ब्याज दरों पर कैंची चलाना शुरू कर दिया है। यस बैंक ने कुछ खास समय के लिए एफडी पर ब्याज दरें 0.25% घटा दी हैं। ब्याज दर में यह कमी दिखाती है कि शायद अब बाकी बैंक भी एफडी पर ब्याज दरें कम कर सकते हैं। वहीं एचडीएफसी बैंक ने अपनी स्पेशल एडिशन एफडी स्कीम बंद कर दी है। इस स्कीम में पहले जमा करने वालों को ज्यादा ब्याज मिलता था। आने वाले दिनों में ब्याज दरों में और कमी हो सकती है। यस बैंक आम लोगों को सात दिन से 10 साल तक की एफडी पर 3.25% से 7.75% तक ब्याज दे रहा है। यह ब्याज तीन करोड़ रुपए से कम की एफडी पर मिलेगा। पहले यह दर 3.25% से 8% तक थी। बैंक सबसे ज्यादा 7.75% ब्याज 12 महीने से 24 महीने से कम की एफडी पर दे रहा है। वहीं सीनियर सिटीजन को यस बैंक 3.75% से 8.25% तक ब्याज दे रहा है। यह ब्याज तीन करोड़ रुपए से कम की एफडी पर मिलेगा। पहले यह दर 3.75% से 8.50% तक थी। सीनियर सिटीजन को सबसे ज्यादा 8.25% ब्याज 12 महीने से 24 महीने से कम की एफडी पर मिल रहा है। अगर आप यस बैंक की 181 दिन या उससे कम समय वाली एफडी को समय से पहले तोड़ते हैं, तो आपको 0.75% सालाना का जुर्माना देना होगा।



# सोने-चांदी के दाम में गिरावट

## सोना 194 गिरकर 90,921 पर आया

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी के दाम में दो अप्रैल को गिरावट। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 194 रुपए गिरकर 90,921 रुपए पर आ गया है। इससे पहले सोना 91,115 रुपए पर था। ये इसका ऑल टाइम हाई भी है। एक किलो चांदी की कीमत 549 रुपए गिरकर 99,092 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 99,641 रुपए प्रति किलो था। चांदी ने पिछले हफ्ते 27 मार्च को 1,00,934 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 14,759 रुपए यानी 40% बढ़कर 90,921 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 13,075 रुपए यानी 15% बढ़कर 99,092 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।



# अडानी समूह और एलएंडटी से एक साथ मिले दो बड़े ऑर्डर

## शेयर में तेजी, 67 पर आया भाव

**मुंबई।** एसएमई स्टॉक हर्षदीप हॉर्टिको के शेयर बुधवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर इंट्रा डे में 2% तक चढ़कर 67.80 रुपए के हाई पर आ गए थे। कमजोर मार्केट सेंटिमेंट के बावजूद बीएसई एसएमई स्टॉक में एक महीने से अधिक समय में लगभग 12 प्रतिशत तेजी दर्ज की गई है। पिछले साल फरवरी में लिस्ट होने के बाद से हर्षदीप हॉर्टिको के शेयरों में अब तक 20 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई है। कंपनी ने ऐलान किया है कि उसे आगामी नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फूलों के गमलों की सप्लाई के लिए लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) और नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे प्राइवेट लिमिटेड (अडानी समूह) से दो महत्वपूर्ण ऑर्डर मिले हैं। एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, लगभग 43.50 लाख और 96.45 लाख के ऑर्डर 30 जून तक डिलीवर किए जाने हैं। कंपनी ने एक अप्रैल को एक विज्ञप्ति में कहा, "यह विकास पिछले साल मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे लिमिटेड (64.90 लाख रुपए) और मंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (21.7 लाख रुपए) को अनुकूलित प्लांटर्स की आपूर्ति के लिए 86.6 लाख रुपए के ऑर्डर हासिल करने में कंपनी की पिछली सफलता के बाद हुआ है, दोनों ही अडानी समूह द्वारा संचालित हैं।



# आप का राशिफल 3 अप्रैल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। प्रेमभाव बढ़ेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। शुभांक-3-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। यात्रा का योग बनेगा। शुभांक-5-7-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-5-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। वाहन चालन में सावधानी बरतें। शुभांक-5-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती हैं। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-4-6

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मातृपक्ष के लोगों का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। शुभांक-6-8-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों में प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-6-7-9

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। शुभांक-7-8-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-2-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र हैं। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-3-5

## भालू के हमले से महिला घायल



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** मोरडू में बुधवार सवेरे घर की चारदीवार में प्रवेश कर भालू ने एक महिला पर हमला कर उसे घायल कर दिया। शोरगुल सुनकर भालू जंगल की तरफ भाग गया। घायल महिला को उपचार के लिए उपजिला चिकित्सालय ले जाया गया। जानकारी के अनुसार तलहटी क्षेत्र के मोरडू पेट कोलरफली में निवासी बबली पत्नी भीखा सवेरे उसके घर की चारदीवारी पर खड़ी थी। इसी दौरान अचालक भालू ने उन पर हमला बोल दिया। जिससे महिला गंभीर रुप से घायल हो गई। महिला की चीख सुनकर लोग मौके पर पहुंचे। लोगों को आते देख व शोरगुल सुनकर भालू जंगल में भाग गया। घायल महिला को उपचार के लिए आकराभटटा उप जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां उसका उपचार किया गया।

## विद्युतकर्मियों ने किया निजीकरण का विरोध



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले अतिरिक्त ऊर्जा सचिव राजस्थान सरकार जयपुर को सहायक अभियंता के मार्फत एवं मुख्यमंत्री को उपखंड अधिकारी के मार्फत ज्ञापन देकर निजीकरण का विरोध किया। ज्ञापन में स्पष्ट लिखा है समय रहती सरकार इस नियमों में संशोधन नहीं करती है तो उपखंड के शत प्रतिशत कर्मचारी आंदोलन करेंगे। जिला मंत्री पुखराज एवं जोधपुर विद्युत वितरण श्रमिक संघ के जिला महामंत्री वीराराम दहिया, कर्मचारी दिनेश पालीवाल, निरंजन गुर्जर, दिनेश पुरोहित, प्रवीण, रमेश, पूनमाराम, प्रकाश कुमार, यशपालसिंह, धीरज भाटी, सदाराम एवं प्रदीप कुमार आदि मौजूद थे।

## एवीएम में अभिभावक सम्मेलन का आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक नांदिया में मंगलवार को अभिभावक सम्मेलन अमराराम देवासी, चौथाराम देवासी, प्रबंध समिति अध्यक्ष रमेश प्रजापत, व्यवस्थापक अमृतलाल, कोषाध्यक्ष बदाराम, संरक्षक डासूराम, वनाराम, सांकलाराम, सोमवाराम एवं प्रधानाचार्य रमेश कुमार भाटी की उपस्थिति में आयोजित किया गया मुख्य वक्ता सोमाराम ने विद्यार्थियों के विकास में अभिभावकों की भूमिका, शिक्षा और संस्कारों का महत्व, आचरण की जानकारी दी। लक्ष्मण सेन, प्रवीण गर्ग, हितेश कुमार, नारायण माली, रामाराम, अशोक कुमार, दरजाराम, अशोक प्रजापत, दलजीत, मनीषा, कृष्णा कुंवर, रणजीत गर्ग, मदनलाल, तेजाराम और सेविका गुड़िया देवी उपस्थित रहे।

## माधव विवि में प्रवेश प्रक्रिया शुरु



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** माधव विश्वविद्यालय ने अकादमी सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। विवि के विभिन्न रसायन विज्ञान होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, फिजियोप्लास्टिक, पेरा मेडिकल, नेचुरपैथिक योगा, इंजीनियरिंग, विधि, अर्थशास्त्र और उद्यम, फायर एंड बिजनेस, शिक्षा, शारीरिक शिक्षा, विशेष शिक्षा, विज्ञान और कला सहित विभिन्न संकायों में नामांकन की प्रक्रिया जारी है। विवि के लेबल डॉ. भावेश कुमावत ने बताया कि माधव विवि हमेशा के छात्रों को सर्वांगीण विकास और उनके उज्ज्वल भविष्य को देशभक्ति देता है। संस्थान उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और नवीनतम शिक्षण प्रशिक्षण कोकर अपने छात्रों को व्यावहारिक और आधुनिक ज्ञान से लैस करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि विवि में अनुभवी प्रोफेसरों और विशेषज्ञ पेशेवरों की टीम छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें प्रतिस्पर्धी दुनिया के लिए तैयार करती है। विवि में आधुनिक पुस्तकालय, पुस्तकालय और डिजिटल पाठ्यपुस्तक की सुविधा भी उपलब्ध है। जिससे छात्रों को पूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलता है। नए सत्र में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है। जहां उन्हें अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी राजनीति को मजबूत बनाने का अवसर मिलता है। विवि की ओर से छात्रों के लिए क्रिश्चियन मार्गदर्शन और शैक्षिक संस्थानों पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ी विस्तृत जानकारी के लिए विद्यार्थी माधव विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रवेश कर सकते हैं या नामांकित से संबंधित सहायता के लिए विश्वविद्यालय के प्रवेश विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

# बत्तीसा नाला बांध से अन्य गांवों को भी पेयजल सुलभ करवाने की मांग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सरूपगंज।** भाजपा जिला मंत्री भुवनेश पुरोहित ने बुधवार को जन स्वास्थय अभियांत्रिकी कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी को ज्ञापन देकर बत्तीसा नाला बांध परियोजना को पेयजल परियोजना मे परिवर्तित करवाने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि सिरोही जिले के 36 गांव एवं 3 शहरों के लिए 270 मिटर घन फीट पानी आरक्षित है। पेयजल के लिए जिन 36 गावों का चयन किया गया है। उन गांवों के मध्य में बहुत से गांव इस परियोजना से वंचित रह गए है। जहां पानी का टीडीएस लगभग 900 से 1200 के मध्य हैं। जो पेयजल के लिए उपयोगी नहीं हैं। परियोजना से वंचित गांवों की ओर से लगातार इस परियोजना से उनके गांवों को पेयजल के लिए जोड़ने के लिए मांग की गई। अतः सिंचाई के लिए आरक्षित जल को यदि पेयजल के लिए उपयोग किया जाता हैं तो यह जनहित में होगा। इस दौरान पिंडवाड़ा आबू विधायक समाराम



गरासिया, भाजपा जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी, पूर्व सांसद देवजी पटेल, उप प्रधान विनोद दवे, भाजपा जिला महामंत्री नरपतसिंह राणावत, दिनेश कुमार सहित क्षेत्र के ग्रामीण मौजूद रहे।

## भारतीय किसान संघ की संभागस्तरीय बैठक आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडार।** भारतीय किसान संघ पाली संभाग कि बैठक जालमपुरा में आयोजित की गई। भारतीय किसान संघ प्रदेश महामंत्री तुलाराम सीयोर के आतिथ्य, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद धारणीया, प्रांत अध्यक्ष माणकराम परिहार, प्रांत महामंत्री विजयसिंह घिटाला के सानिध्य में आयोजित की गई। प्रदेश महामंत्री तुलाराम सियोर ने कहा कि भारतीय किसान संघ संभाग पाली का अभ्यास वर्ग 22 से 23 अप्रैल को जालोर के सुंधामाता में आयोजित होगा। जिसमें अपेक्षित पदाधिकारी व कार्यकर्ता 21 अप्रैल को शाम को ही सुंधा माता पहुंचे। जिसमें संभाग कार्यकारिणी जिला कार्यकारिणी व संभाग में निवास करने वाले प्रांत व प्रदेश के पदाधिकारी भाग लेंगे। प्रान्त उपाध्यक्ष सोमाराम चौधरी, प्रांत बिज प्रमुख नाथूराम लुहार, संभाग अध्यक्ष मोडाराम पटेल, संभाग मंत्री सुजानसिंह वडवज, प्रांत कार्यालय प्रमुख गोवर्धनराम सिहाग, प्रांत युवा प्रमुख खिमसिंह जालोर, कैलाश, संभाग उपाध्यक्ष परबतसिह राजपुरोहित, नरपतसिंह ओवलोज, गणेशाराम चोधरी, प्रांत कोषाध्यक्ष गणपतलाल, संभाग सदस्य राणसिंह देवल, हरजीराम चौधरी, सांचोर जिला मंत्री सवाराम पुरोहित, जिवाराम चौधरी, हरीराम जालोर, जिला अध्यक्ष रतनसिंह कोलीवाड़ा, पाली जिलाध्यक्ष जोधाराम पटेल, सांचौर जिलाध्यक्ष छोगाराम पटेल, सिरोही जिला उपाध्यक्ष गणपतसिंह देवड़ा, डागराली जिला मंत्री उत्तमसिह राठौड़ आदि मौजूद थे।

## एवीएम में मनाया वार्षिकोत्सव

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** नवीन आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। संस्था प्रधान मदनलाल रावल ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य वक्ता अभयदास, मुख्य अतिथि अल्ट्राटेक प्लांट यूनिट हेड सीपीएस चौहान, कार्यक्रम अध्यक्ष विधायक समाराम गरासिया, विद्या भारती जिला सचिव लकाराम चौधरी, जिला सह व्यवस्थापक रमेश पटेल, अध्यक्ष धरमाराम गहलोत, सह व्यवस्थापक ईश्वरसिंह, कोषाध्यक्ष गोपालराम, शैक्षिक प्रमुख मनोहरलाल दहिया, सदस्य दानाराम प्रजापत, सेवा प्रमुख सांकलाराम, संपर्क प्रमुख अचलाराम, प्राथमिक प्राधानाचार्य सोमाराम एवं सहायक प्रधानाचार्य राजेन्द्र घांची का सानिध्य रहा। मुख्य वक्ता अभयदास ने कहा कि देश में शिक्षा के साथ साथ संस्कार व देशप्रेम भी बहुत आवश्यक है। उन्होंने देश विरोधी गतिविधियों से बचने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि चौहान ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के ऐसे केन्द्रों को कम्पनी समय समय पर सहयोग करती रहती है और ऐसे संस्कार युक्त शिक्षा केन्द्रों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। विद्या मन्दिर के विद्यार्थियो ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक व शारीरिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी।



## बालिकाओं ने जानी कलक्ट्रेट एवं परिषद की कार्यप्रणाली



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की बालिकाओं ने बुधवार को नगर परिषद, जिला कलेक्ट्रेट, जिला कोषालय, तहसील कार्यालय, पीएफए का अवलोकन किया। प्रधानाचार्य श्रीमती हीरा खत्री व व्यवस्था सहयोगी गोपाल सिंह राव के अनुसार पीएमश्री योजना के नागरिकता कौशल संवैधानिक मूल्य एवं 21वीं सदी की शिक्षा और सूचना गतिविधि के तहत शहर के शासन और प्रशासन के प्रमुख कार्यालयों को दिखाया गया। नगर परिषद के सभी कार्य की जानकारी हरिश गोस्वामी ने दी। जिला कोषाधिकारी श्रीमती अलका राव ने बालिकाओं को कार्यालय कार्य पालिका से संबंधित प्रश्न पूछे। बालिकाएं जिला कोषाधिकारी श्रीमती अलका राव से मिलकर कर हर्षित हुई तथा ग्रुप फोटो खिंचवाई। पीएफए का अवलोकन सचिव चन्द्रभान मोटवानी के साथ किया। जीव जन्तुओं पेड़ पौधों को देखकर अनेकानेक प्रश्न किए। प्रभारी श्रीमती अनिता चौहान, व्याख्याता तृप्ति डाबी समेत बालिकाएं मौजूद थी।

## गलती से खाते में आए 20 हजार, वापस लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** गलती से खाते में आए 20 हजार रुपए उसके असल मालिक को लौटाकर शहर के व्याख्याता ने ईमानदारी का परिचय दिया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तेलपुर में कार्यरत समाजशास्त्र के व्याख्याता इंदर पुरोहित ने बताया कि उनके खाते में फोनपे के माध्यम गलती से बीस हजार रुपए जमा हो गए। गलती ऐसे हुई कि जो राशि मोबाइल नंबर 9667651096 पर ट्रांसफर करनी थी उसकी। जगह यह राशि इंदर पुरोहित के मोबाइल नम्बर 9667651069 के खाते में जमा हो गई। जब बैंक में जाकर इंदर पुरोहित ने मालूम किया कि तब वास्तव में उनके खाते में गलती से केरल के एक फैक्ट्री के श्रमिक की राशि 20 हजार रुपए जमा हो गए। इस पर पुरोहित ने बुधवार को बैंक मैनेजर से चर्चा कर राशि फिर से उसी श्रमिक के खाते में जमा कराई। पुरोहित ने बताया कि श्रमिक ने कहा कि यह राशि श्रमिक ने फैक्ट्री मालिक से उधार में ली थी।

## बैठक में की भाजपा स्थापना दिवस की चर्चा




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रेवदर।** भाजपा मंडल रेवदर द्वारा आगामी भाजपा स्थापना दिवस को लेकर भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष हरीश लोहार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें मंडल स्तर व मंडल स्तर के हर बुथ पर स्थापना दिवस कार्य म को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान भाजपा मंडल महामंत्री दशरथ सोनी, मंडल उपाध्यक्ष कालूराम पुरोहित, मंडल मंत्री धनराज पुरोहित, विष्णु जोशी, मंडल मीडिया प्रभारी तरूण अग्रवाल, सोशियल मीडिया प्रभारी ईश्वर घांची, शक्ति केन्द्र संयोजक अशोक माली, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष भरत चौधरी, भाजपा कार्यकर्ता रमेश कोली रानाडी, कानाराम चौधरी, महेंद्र पुरोहित, देवाराम प्रजापत राजगढ़ मौजूद रहे।

## खेत में लगी आग, बड़ा हादसा टला

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** जोयला मार्ग स्थित माताजीवाला कृषि कुएं पर अज्ञात कारणों से आग लग गई। मौके पर पहुंचे लोगों के सहयोग से आग पर जल्द काबू पा लिया। जिससे कोई नुकसान नहीं हुआ। महेन्द्रसिंह पुत्र रीडमलसिंह देवड़ा ने बताया कि गेहूं की खड़ी फसल में आग लगने की सूचना पर शिवगंज से आए दमकल एवं अन्य वाहनों से पानी डाला गया। जितेंद्र बोराणा, महेंद्र देवासी, राजवीरसिंह, विक्रमसिंह, जय किशन, राजरतन ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाया।



## बाबा रामदेव मंदिर का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** आजाद मैदान स्थित बाबा रामदेव मंदिर का वार्षिकोत्सव बुधवार को आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 54 वर्ष पूर्व बाबा रामसापीर धाम रूणीसा से निकला बाबा का कपड़े का घोड़ा चैत्र शुक्ल पंचमी को यहां आया था। उस दिन से आज



तक उत्सव मनाया जाता है। यहां मंदिर का निर्माण करवाया गया है। मेले में कस्बे सहित क्षेत्र के लोग ने मंदिर में पूजा अर्चना कर धोक लगाकर खुशहाली की कामना की। शाम को गेर नृत्य का आयोजन हुआ।

## न्यूज़ ब्रीफ

### परिहार प्रवासी संघ के प्रदेश महासचिव नियुक्त

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिला प्रवासी महासंघ सूरत के प्रदेश उपाध्यक्ष भारत रावल ने महेंद्रसिंह परिहार को प्रवासी संघ के प्रदेश महासचिव पद पर नियुक्त किया है। उन्होंने पत्र में लिखा कि प्रवासी भाइयों के लिए हमेशा कार्य करने के लिए तत्पर रहेंगे और उनके हमेशा कार्य में भागीदार बनेंगे।



### स्वच्छता अभियान का सीइओ अग्रवाल ने किया निरीक्षण




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचन्द्र अग्रवाल ने बुधवार को पिंडवाड़ा पंचायत समिति के अधीन ग्राम पंचायतों का दौरान किया। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। सीईओ अग्रवाल ने सबसे पहले नया सानवाड़ा ग्राम पंचायत का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने स्वच्छता अभियान को लेकर गांव के गली-मोहल्लों के साथ भूराराम कॉलोनी का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। सीईओ ने नया सानवाड़ा स्कूल में ग्राम पंचायत की ओर से बनाए गए पिंक टॉयलेट को देखा। सीईओ ने तकनीकी रूप से सही नहीं बनाने को लेकर निकासी वाले भाग को तोड़कर फिर से नए सिरे से बनाने के निर्देश सीईओ के साथ विकास अधिकारी नवलाराम चौधरी, अतिरिक्त विकास अधिकारी खगाराम देवासी, ग्राम विकास अधिकारी नैनाराम लोहार, सरपंच अलका रावल, उप सरपंच कालुराम देवासी, वार्डपंच लीला मेघवाल एवं मनोहरसिंह राणावत आदि मौजूद थे।

### महादेव युवा मंडल ने शुरु किया परिंड़ा अभियान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**दांतराई।** कस्बे के जागेश्वर कोठार मन्दिर परिसर में माया महादेव युवा मंडल दांतराई ग्रुप की ओर से पंक्षियों के लिए महंत ऋषिगिरी के सानिध्य में पंरिड़े लगाने का अभियान शुरु किया गया। इस दौरान मंदिर में परिंडें लगाकर उसमें नियमित पानी भरने का संकल्प लिया गया। महंत ने कहा कि पक्षियों के लिए भीषण गर्मी में पेयजल कि व्यवस्था करना पुण्य परोपकार और परमार्थ का कार्य है। जीवदया प्रेमी जितेश, उनाराम प्रजापत, परबतसिंह राजपूत, सोहनलाल लुहार, पिटा त्रिगर, गणेश देवासी आदि मौजूद थे।

### झोंगरेश्वर खवीजी मेले में उमड़ा जनसैलाब, की खरीदारी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**गोयली।** झोंगरा राठौड़ कृषि फार्म पर स्थित झोंगरेश्वर खवीजी बावसी मंदिर में बुधवार को मेले का आयोजन किया गया। गोयली, जावाल, सिरोही समेत आस-पास के ग्रामीणों ने भाग लिया। बच्चों ने मेले में खरीदारी की। बच्चों के खेलने एवं मनोरंजन के लिए झूला चरखी भी लगाए। श्रद्धालु अपने परिजनों के साथ मेले में झोंगरेश्वर खवीजी बावसी मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। भक्तों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। प्रवीण माली ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। धर्म प्रेमियों ने गौ रक्षा और गायों की सेवा का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने मेला कमेटी की तरफ से झोंगरेश्वर खवीजी बावसी मेला का आयोजन किया गया था। जिसमें विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए मेला कमेटी एवं पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

### लोकसभा और विधानसभा में 33 फीसदी आरक्षण की मांग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राजस्थान महिला कांग्रेस की ओर से बुधवार को राष्ट्रपति के नाम जिला कलक्टर के मार्फत ज्ञापन सौंपकर लोकसभा और विधानसभा में 33 फीसदी आरक्षण की मांग की। ज्ञापन में बताया कि संसद की ओर से पारित नारी शक्तिवंदन अधिनियम शीघ्र लागू किया जाए। इसके अलावा महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 फीसदी आरक्षण शीघ्र दिया जाए। इस दौरान महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष हेमलता शर्मा, जिला उपाध्यक्ष मीरा देवी रावल, जिला महासचिव रेणुलता व्यास, नगर अध्यक्ष पिंकी रावल, ब्लॉक अध्यक्ष सुन्दर माली मौजूद थी।

# जीत के ट्रैक पर लौटना चाहेगी कोलकाता और हैदराबाद

नई दिल्ली। तीन में से दो मैच हार चुकी गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स और पिछले साल फाइनल खेलने वाली सनराइजर्स हैदराबाद बृहस्पतिवार को आईपीएल मैच में आमने सामने होंगी तो उनका लक्ष्य जीत की राह पर लौटने का होगा। केकेआर के कप्तान रहाणे ने सत्र के पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू से मिली हार के बाद कहा था कि अभी घबराने की कोई जरूरत नहीं है। तीन मैचों में दो हार के बाद अब टीम का मनोबल थोड़ा गिरा होगा। फोकस एक बार फिर ईडन गार्डंस की पिच पर होगा चूंकि आरसीबी से सात विकेट से मिली हार के बाद इसकी काफी आलोचना हुई है। केकेआर के पूर्व सलामी बल्लेबाज साल्ट और कोहली ने 175 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सिर्फ 51 गेंद में 95 रन की साझेदारी करके आरसीबी को जीत दिलाई थी।

### खिलाड़ी कर रहे दमदार प्रदर्शन

- केकेआर ने जिन चार खिलाड़ियों को नीलामी से पहले रिलीज किया था , उन सभी ने आईपीएल के पहले दस दिन में शानदार प्रदर्शन किया है। इनमें पूर्व कप्तान श्रेयस अय्यर (पंजाब किंग्स), उपकप्तान नीतिश राणा (राजस्थान रॉयल्स), फिल साल्ट (आरसीबी) और तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क (दिल्ली कैपिटल्स) शामिल हैं। स्टार्क के जाने से केकेआर की तेज गेंदबाजी काफी कमजोर हुई है। वहीं स्टार्क ने दिल्ली के लिए सनराइजर्स के खिलाफ 35 रन देकर पांच विकेट लिए। स्टार्क की जगह आए स्पेंसर जॉनसन प्रभावित नहीं कर सके हैं जबकि एनरिच नॉर्किया चोट के कारण बाहर हैं।

### हैदराबाद को चुनौतियों का करना होगा हल

वहीं पहले मैच में छह विकेट पर 286 रन बनाने वाली सनराइजर्स पिछले दो मैचों में 200 रन भी नहीं बना पाई। बेहद आक्रामक बल्लेबाजी की रणनीति नाकाम रही है और पिछले दो मैचों में लखनऊ सुपर जाइंट्स और दिल्ली कैपिटल्स ने उसे हराया। पैट कमिंस की टीम को पिछले आईपीएल फाइनल में मिली हार का बदला चुकता करने के लिए अपने प्रदर्शन में काफी सुधार करना होगा।

**दोनों टीमों के स्क्वॉड**

- सनराइजर्स हैदराबाद: पैट कमिंस (कप्तान), ट्रैविस हेड, ईशान किशन, हेनरिक क्लासेन, अभिषेक शर्मा, सचिन बेबी, मोहम्मद शमी, एडम जाम्पा, अनिकेत वर्मा, अभिनव मनोहर, राहुल चाहर, ईशान मलिंगा, हर्षल पटेल, कामिंडु मेंडिस, वियान मुल्डर, नितीश कुमार रेड्डी, अथर्व तायडे, ब्रायडन कार्स, सिमरजीत सिंह, जयदेव उनादकट, जीशान अंसारी।
- कोलकाता नाइट राइडर्स: अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, क्विंटन डिकॉक, रहमानुल्लाह गुरबाज, अंगकृष रघुवंशी, रोवमैन पावेल, मनीष पांडे, लवनिथ सिसोदिया, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, मोईन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, एनरिच नॉर्किया, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडेय, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और वरुण सकारिया।



स्पिनर्स का रहेगा बोलबाला

बंगाल क्रिकेट संघ पर दबाव है कि स्पिनरों से भरी केकेआर टीम के अनुकूल पिच बनवाई जाए। केकेआर के पास सुनील नारायण, मोईन अली और वरूण चक्रवर्ती जैसे धुरंधर स्पिनर हैं। पिछले

### स्पिन फ्रेंडली हो सकती है पिच

महीने चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करके आए स्पिनर चक्रवर्ती ने आरसीबी के खिलाफ 10.75 प्रति ओवर की दर से रन दिए। रिपोर्ट की मानें तो ईडन गार्डंस के पिच क्यूरेटर सुजन मुखर्जी ने पहले मैच में स्पिनरों की मददगार पिच बनाने का केकेआर का अनुरोध खारिज कर दिया था और यह फैसला टीम पर भारी पड़ गया। चक्रवर्ती ने उस मैच में 45 रन दिये। मुखर्जी ने अपने फैसले को सही ठहराया लेकिन अब कैब अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली खुद क्यूरेटर के साथ पिच का मुआयना कर रहे हैं जिससे आगामी मैचों में पिच में बदलाव देखा जा सकता है।

# आईपीएल के बीच यशस्वी का अहम फैसला



नई दिल्ली। युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के लिए आईपीएल 2025 अभी तक अच्छा नहीं रहा है। राजस्थान के इस बल्लेबाज ने तीन मैचों में 11.33 की औसत से सिर्फ 34 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने एक हैरान करने वाला फैसला लिया है। रिपोर्ट्स की मानें तो जायसवाल ने मुंबई क्रिकेट छोड़ने का फैसला लिया है और वो अब गोवा के लिए खेलते नजर आएंगे। रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल ने मंगलवार को मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को एक ईमेल लिखकर अगले सीजन से अपनी क्रिकेट राज्य टीम को मुंबई से गोवा में बदलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की मांगा की है। क्रिकबज की मानें तो, जायसवाल को एनओसी मिल भी गई और वो भी मेल भेजने के सिर्फ एक घंटे में। जिस गति से पूरी प्रक्रिया हुई, उसने मुंबई और आईपीएल क्रिकेट हलकों में कई लोगों को हैरान कर दिया। रिपोर्ट की मानें तो गोवा क्रिकेट एसोसिएशन (जीसीए) ने उन्हें कप्तानी की पेशकश की है। मुंबई में कई स्टार खिलाड़ियों के रहने के चलते, उन्हें कप्तानी नहीं मिलती। मुंबई टीम का नेतृत्व अजिंक्य रहाणे (लाल गेंद) और श्रेयस अय्यर (सफेद गेंद) कर रहे हैं। गोवा एक पश्चिमी राज्य है लेकिन यह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) क्षेत्रीय प्रणाली में दक्षिण क्षेत्र के अंतर्गत आता है। 23 साल की उम्र में, यह जयसवाल के लिए एक बड़ा कदम है।

## लखनऊ की हार बर्दाश्त नहीं कर पा रहे संजीव गोयनका



नई दिल्ली। आईपीएल 2025 के 13वें मैच में पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपरजायंट्स को आठ विकेट से हरा दिया। लखनऊ को टूर्नामेंट में एक और हार नसीब हुई। मैच में लखनऊ की हर के बाद टीम के मालिक संजीव गोयनका एक बार फिर मैदान पर पहुंचे और इस बार उन्होंने बिल्कुल वैसा ही काम किया जैसे उन्होंने पिछले साल केएल राहुल के साथ किया था। मैदान पर पहुंचकर संजीव गोयनका, ऋषभ पंत के साथ गंभीर बातचीत करते हुए नजर आए और साथ ही टीम के मालिक टीम के सबसे महंगे खिलाड़ी की ओर उंगली करके कुछ बात करते हुए भी नजर आए हैं जिसके बाद फैन्स सोशल मीडिया पर इस बात को लेकर रिएक्ट करते नजर आए। बता दें कि आईपीएल मेगा ऑक्शन में लखनऊ सुपरजायंट्स ने पंत को 27 करोड़ में खरीदकर अपनी टीम में शामिल किया था।


## नसीम शाह ने बल्ले से मचाया गदर, वनडे में रचा इतिहास

नई दिल्ली। दूसरे वनडे में न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान को 84 रनों से हार का सामना करना पड़ा लेकिन पाकिस्तान के गेंदबाज नसीम शाह ने एक खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। इस बार नसीम शाह ने गेंदबाजी से नहीं बल्कि बल्लेबाजी करते हुए रिकॉर्ड बनाया है, जो यकीनन एक अनोखी बात है। बता दें कि इस मैच में 293 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 208 रन ही बना सकी। पाकिस्तान 84 रन लक्ष्य से पीछे रह गई। लेकिन पाकिस्तान की पारी के दौरान नसीम ने नंबर 11 पर बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक जमाया और 51 रन बनाकर आउट हुए। ऐसा कर नसीम शाह वनडे क्रिकेट के इतिहास में नंबर 11 पर सबसे बड़ी पारी खेलने वाले दुनिया के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। वनडे में नंबर 11 बल्लेबाजी क्रम पर सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड पाकिस्तान के ही मोहम्मद आमिर के नाम है। मोहम्मद आमिर ने साल 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे मैच में नंबर 11 पर बैटिंग करते हुए 58 रन की पारी खेली थी। सबसे दिलचस्प बात ये है कि वनडे में नंबर 11 पर सबसे बड़ी पारी खेलने वाले टॉप तीन बल्लेबाज पाकिस्तान से ही हैं। इस मामले में तीसरे नंबर पर शोएब अख्तर हैं जिन्होंने 2003 में इंग्लैंड के खिलाफ नंबर 11 पर बल्लेबाजी करते हुए 43 रन बनाए थे। वनडे में नंबर 11 पर बल्लेबाजी करते हुए सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बैटर 58



**ऐसा रिकॉर्ड बनाने वाले दुनिया के केवल दूसरे खिलाड़ी बने**

- मोहम्मद आमिर (पाक) VS इंग्लैंड, 2016
- 51-नसीम शाह (पाक) VS न्यूजीलैंड, 2025
- 43-शोएब अख्तर (पाक) VS इंग्लैंड, 2003
- 42-मखाया नतिनि (साउथ अफ्रीका) VS न्यूजीलैंड, 2004
- 37-जोएल गार्नर (वेस्टइंडीज) VS न्यूजीलैंड, 2004



# श्रेयस अय्यर का बतौर कप्तान आईपीएल में धमाका, धोनी का महारिकॉर्ड तोड़ मचाई खलबली

नई दिल्ली। आईपीएल 2025 के 13वें मैच में पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपरजायंट्स को आठ विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही कप्तान श्रेयस अय्यर ने एक खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। अय्यर ने धोनी के एक रिकॉर्ड को कप्तान के तौर पर धराशायी कर दिया है। अय्यर आईपीएल के इतिहास में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा लगातार मैच जीतने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। ऐसा कर उन्होंने धोनी के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। धोनी ने बतौर कप्तान 2013 आईपीएल सीजन में लगातार सात मैच जीते थे। वहीं अय्यर 2024 और 2025 के आईपीएल सीजन में अबतक लगाकर आठ मैच जीत गए हैं। वहीं, आईपीएल में कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा लगातार मैच जीतने का रिकॉर्ड गौतम गंभीर के नाम है। गंभीर ने 2014-15 आईपीएल सीजन में लगातार 10 मैच जीते थे।

- 10 – गौतम गंभीर (2014-15)
- 8 – शेन वॉर्न (2008)
- 8 - श्रेयस अय्यर (2024-25)
- 7 - एमएस धोनी (2013)

मैच की बात करें तो पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को आठ विकेट से हराकर अपनी दूसरी जीत दर्ज की। इस शानदार जीत में कप्तान श्रेयस अय्यर, नेहल वढेरा और ओपनर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह की जोरदार पारियों ने अहम भूमिका निभाई। प्रभसिमरन सिंह ने विस्फोटक अंदाज में 34 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्कों की मदद से 69 रनों की पारी खेली, जिसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

## म नो रं ज न




## अप्रैल में ओटीटी पर धूम मचाएंगी ये सात फिल्में और सीरीज

### नेटफ्लिक्स, प्राइम वीडियो, जियोहॉटस्टार और सोनीलिव पर देंगी दस्तक

अप्रैल में हिंदी सिनेमा और वेब सीरीज के प्रशंसकों के लिए ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर ढेर सारी नई रिलीज आने वाली हैं। नेटफ्लिक्स, अमेजॉन प्राइम वीडियो, जियोहॉटस्टार और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर रहस्य और रोमांच से लेकर कॉमेडी तक का छौंक लगने वाला है। वैसे भी बॉलीवुड सिनेमाघरों में निराश कर रहा है, लेकिन कुछ ऐसी ही फिल्में ओटीटी पर आएंगी जिन्होंने सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। आइए जानते हैं ओटीटी पर अप्रैल में किस तरह की धूम मचने वाली है।

**1. लवयापा, जियोहॉटस्टार**

- जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म भी ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। इस रोमांटिक कॉमेडी को चार अप्रैल को जियोहॉटस्टार पर देखा जा सकेगा। आधिकारिक तौर पर इसका ऐलान किया जाना बाकी है।

**2. छोरी 2, अमेजॉन प्राइम वीडियो**

- नुसरत भरुचा की फिल्म 'छोरी 2' की डरावनी दुनिया एक बार फिर वापस आ गई है। इस फिल्म को 11 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर देखा जा सकेगा।

**3. छावा, नेटफ्लिक्स**

- विक्की कौशल, विनीत कुमार सिंह, आशुतोष राणा और रश्मिका मंदाना की 'छावा' 11 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो सकती है। हालांकि इसका अभी तक ऐलान नहीं किया गया है।

**4. ज्वेल थीफ, नेटफ्लिक्स**

- सैफ अली खान और जयदीप अहलावत की 'ज्वेल थीफ' चोरी और रोमांच से भरी कहानी है, जो 25 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

**5. अदृश्यम सीजन 2, सोनीलिव**

- अंडरकवर ऑफिसर की इस कहानी को चार अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनीलिव पर रिलीज किया जा रहा है।

**6. यू: द फाइनल सीजन, नेटफ्लिक्स**

- नेटफ्लिक्स की लोकप्रिय वेब सीरीज 'यू का फाइनल सीजन' 24 अप्रैल को रिलीज होगा। ये एक साइको किलर की कहानी है और इसे दुनिया भर में खूब पसंद भी किया गया है।

**7. द लेजेंड ऑफ हनुमान सीजन 6, जियोहॉटस्टार**

- 'द लेजेंड ऑफ हनुमान' का ये छठा सीजन है और इसे दर्शकों का खूब प्यार भी मिलता है। एक बार फिर राम और रावण का युद्ध देखने को मिलेगा। ये सीरीज 11 अप्रैल को रिलीज हो रही है।

## 'साउथ ने हमसे सीखा और हमें ही पछाड़ दिया'



सनी देओल ने अपनी आने वाली एक्शन फिल्म जाट के लिए कमर कस ली है, जो कि 10 अप्रैल को सिनेमा घर में रिलीज होने जा रही है। 90 दशक के दमदार सुपरस्टार रहे सनी देओल ने अपने करियर में घायल (1990), सलाखें (1998), डर (1993) और बॉर्डर (1997) जैसी सुपरहिट फिल्में दे चुके हैं। एक लंबे अरसे से फ्लॉप फिल्मों के चलते सनी देओल एक बुरे दौर से गुज़र रहे थे। जिसके बाद 2023 की उनकी ब्लाक्बस्टर फिल्म 'गदर 2' ने इस फ्लॉप फिल्मों की लिस्ट पर फुल स्टॉप लगाया। आपको बता दें, कि इस फिल्म ने 82 करोड़ के बजट पर 620.05 करोड़ की बंपर कमाई की थी। हाल ही में मशहूर फिल्म क्रिटिक कोमल नहाटा को सनी देओल ने एक इंटरव्यू दिया। इंटरव्यू के दौरान सनी ने अपनी आने वाली फिल्मों की रिलीज के बारे में बात की। उन्होंने बॉलीवुड की वर्तमान स्थिति के बारे में भी चर्चा की, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि साउथ फिल्म्स इंडस्ट्री ने हमारी ही फिल्मों से सीखा और अब उन्होंने ही हमें पीछे छोड़ दिया है। सनी ने बॉलीवुड की आलोचना करते हुए आगे कहा, जिस प्रकार का पैशन हमारी फिल्मों में पहले हुआ करता था, वो अब खोता जा रहा है, जिसकी वजह से हम आज उनकी फिल्मों का रीमेक करते जा रहे हैं। सनी देओल ने यह भी कहा कि आज के समय में उन्हें एक्टर्स, डायरेक्टर्स और निर्माताओं में पहले वाला पैशन नहीं दिखता, जिसकी कमी के चलते बॉलीवुड की फिल्मों का स्तर गिरता जा रहा है और हिट फिल्मों की संख्या भी लगातार कम होती जा रही है।

## जब प्रियंका चोपड़ा ने अभिषेक बच्चन के फोन से रानी को किया था मैसेज



अभिषेक बच्चन और रानी मुखर्जी ने 2000 के दशक की शुरुआत कई फिल्मों में साथ काम किया और उस दौर में पसंद की जाने वाली ऑनस्क्रीन कपल में से एक थे। कपल ने बंटी और बबली, लागा चुनरी में दाग, कभी अलविदा ना कहना और युवा जैसी बेहतरीन फ़िल्में दी हैं। अब प्रियंका चोपड़ा का एक पुराना इंटरव्यू फिर से सामने आया है, जिसमें एक्ट्रेस ने अभिषेक बच्चन के साथ शरारत करने की बात कबूल करती हुई सुनाई दे रही हैं। प्रियंका चोपड़ा और अभिषेक बच्चन ने ब्लफ़मास्टर और दोस्ताना जैसी फ़िल्मों में काम किया है। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्होंने अभिषेक के फ़ोन से रानी को एक मैसेज भेजा था, ताकि वे उससे बदला ले सकें क्योंकि अभिषेक ने पहले भी उनके साथ शरारत की थी। 2006 में सिमी ग्रेवाल के साथ बातचीत में प्रियंका ने कहा, मैंने रानी को एक मैसेज लिखा था, 'मुझे तुम्हारी याद आ रही है, तुम कहां थीं? क्या तुम आना चाहती हो?' जब उनसे पूछा गया कि रानी का रिएक्शन क्या था, तो प्रियंका ने बताया कि उस समय उन्हें इसका पता नहीं चला। वह बस घबरा गई, फोन वैनिटी वैन में ही छोड़ दिया और रितेश देशमुख के साथ चली गई, जो ब्लफ़मास्टर में काम कर रहे थे। हालांकि, प्रियंका ने खुलासा किया कि रानी ने मैसेज का जवाब दिया था, जिसमें कहा गया था, हाय एबी, आपको क्या हो गया है? प्रियंका ने बताया कि अभिषेक ने ही पहले उनसे शरारत की थी। उन्होंने प्रियंका का फोन छीन लिया था, उसे बंद कर दिया था और उस पर बैठ गए थे, ताकि वह प्रियंका को ना मिले। काफी देर तक खोजने के बाद वह मिला। अभिषेक ने उनका फोन वापस कर दिया था। वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिषेक को आखिरी बार 'आई वांट टू टॉक' और 'बी हैप्पी' में देखा गया था। प्रियंका को आखिरी बार 2023 की फिल्म 'लव अगेन' में देखा गया था। वह हेड्स ऑफ स्टेट, द ब्लफ और सिटाडेल के दूसरे सीजन में नजर आएंगी। साथ ही महेश बाबू के साथ एसएस राजामौली की 'SSMB29' में भी नजर आने वाली हैं।


## रानी की तरह जिंदगी जीती सिकंदर की रश्मिका मंदाना




रश्मिका मंदाना अपनी अदाओं से साउथ इंडियन मूवीज में जादू चलाने के बाद अब बॉलीवुड पर भी छा चुकी हैं। 'एनिमल' और उसके बाद 'सिकंदर' के जरिए रश्मिका मंदाना ने हिंदी भाषी दर्शकों को भी अपना दीवाना बना लिया है। करियर के मामले में देखा जाए तो रश्मिका मंदाना अब तक के सबसे बेहतरीन दौर से गुजर रही हैं। जो साउथ के स्टार्स के काम करने के बाद बॉलीवुड के भी बड़े-बड़े सितारों की फेवरेट एक्ट्रेस बन चुकी हैं। अपनी कामयाबी के साथ रश्मिका मंदाना साउथ इंडियन सिनेमा की हाइएस्ट पेड एक्ट्रेस बन चुकी हैं। जो किसी रानी की तरह जिंदगी जीती हैं। चलिए जानते हैं उनकी नेटवर्थ और उनकी लग्जरी लाइफ के बारे में। रश्मिका मंदाना तेलुगू और कन्नड़ फिल्मों में काफी काम करती हैं। जिसकी वजह से वो बेंगलुरू में ज्यादा वक्त बिताती हैं। इस शहर में उनका आलीशान बंगला है। जिसकी कीमत करीब आठ करोड़ रुपए है। इस बंगले में बेहतरीन वुडन फिनिशिंग करवाई गई है। साथ ही बड़ा सा गार्डन भी है। बेंगलुरु की इस बेशकीमती प्रॉपर्टी के अलावा रश्मिका मंदाना की कुर्ग, हैदराबाद में भी प्रॉपर्टी है। साथ ही गोआ में भी उनका एक बंगला बताया जाता है। जब से रश्मिका मंदाना को हिंदी फिल्मों में काम मिलना शुरू हुआ है, तब से वो मुंबई में भी काफी समय रहती हैं। इसलिए मुंबई में भी उन्होंने एक घर खरीद लिया है। रश्मिका कारों की भी काफी शौकीन हैं। उनके कारकेड में कई लग्जरी कार्स शामिल हैं। जिसमें से एक है रेंज रोवर स्पोर्ट्स इस लग्जरी एसयूवी की कीमत इंडिया में एक करोड़ 84 लाख रुपए है। इसके अलावा रश्मिका मंदाना के पास एक ऑडी क्यू 3 भी है। जो करीब 40 लाख रुपए की कीमत की है। पचास लाख रुपए की मर्सिडीज बेंज भी उनके काफिले का हिस्सा हैं। बता दें कि रश्मिका एक फिल्म की फीस चार से आठ करोड़ रुपए के बीच लेती हैं। उनकी नेटवर्थ 66 करोड़ रुपए बताई जाती है।

सिद्धिविनायक मंदिर ने कमाई का तोड़ा रिकार्ड

# मंदिर की सालाना आय 133 करोड़



▶▶ पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 16% अधिक

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई का प्रसिद्ध श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर एक बार फिर अपनी ऐतिहासिक कमाई को लेकर चर्चा में है। मंदिर ट्रस्ट ने बताया कि हाल ही में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 में मंदिर की कुल आय 133 करोड़ तक पहुंच गई, जो पिछले वित्तीय वर्ष (2023-24) की तुलना में 16% अधिक है। मंदिर की कमाई में सबसे बड़ा योगदान श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए दान और चढ़ावे का रहा। इसके अलावा, पूजा और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों से 20 करोड़ की आय हुई। मंदिर को विभिन्न स्रोतों से आय प्राप्त होती है, जिनमें दान पेटियां, ऑनलाइन भुगतान, धार्मिक अनुष्ठान, प्रसाद बिक्री और सोना-चांदी की नीलामी शामिल हैं। ट्रस्ट के एक अधिकारी के अनुसार, पिछले वर्ष की तुलना में प्रसाद में इस्तेमाल होने वाले लड्डू और नारियल वड़ी की बिक्री में 32% की वृद्धि दर्ज की गई। मंदिर प्रशासन रोजाना करीब 10,000 लड्डू भक्तों को वितरित करता है।

**दान का समाज कल्याण में उपयोग**

मंदिर ट्रस्ट अपनी आय का 20% सामाजिक कल्याण कार्यों पर खर्च करता है। इसमें मेडिकल सहायता, डायलिसिस सेंटर का संचालन, 18 प्रकार की गंभीर बीमारियों से ग्रस्त मरीजों की आर्थिक सहायता जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा, ट्रस्ट कॉलेज के छात्रों के लिए बुक बैंक सुविधा प्रदान करता है और मंदिर परिसर के पास एक अध्ययन कक्ष भी संचालित करता है।

**गुड़ी पड़वा पर सोना-चांदी से रिकॉर्ड कमाई**

ट्रस्ट के अनुसार, इस वर्ष गुड़ी पड़वा के अवसर पर सोना-चांदी की नीलामी से रिकॉर्ड 1.33 करोड़ की कमाई हुई, जो पिछले वर्ष के 75 लाख की तुलना में लगभग दोगुनी है। श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर ट्रस्ट की मुख्य कार्यकारी अधिकारी वीणा पाटिल ने बताया कि मंदिर में भक्तों की बढ़ती संख्या और प्रशासनिक सुधारों के कारण आय में यह उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने यह भी अनुमान लगाया कि चालू वित्तीय वर्ष (2025-26) में मंदिर की कुल आय 154 करोड़ तक पहुंच सकती है

**भविष्य में और बढ़ेगी कमाई**

मंदिर ट्रस्ट को उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में भक्तों की संख्या में और अधिक वृद्धि होगी, जिससे आय में और भी इजाफा होगा। इसके साथ ही, प्रशासनिक सुधारों और तकनीकी सुविधाओं के विस्तार से मंदिर की सेवाओं को अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनाया जा रहा है।

**दान का समाज कल्याण में उपयोग**

मंदिर ट्रस्ट अपनी आय का 20% सामाजिक कल्याण कार्यों पर खर्च करता है। इसमें मेडिकल सहायता, डायलिसिस सेंटर का संचालन, 18 प्रकार की गंभीर बीमारियों से ग्रस्त मरीजों की आर्थिक सहायता जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा, ट्रस्ट कॉलेज के छात्रों के लिए बुक बैंक सुविधा प्रदान करता है और मंदिर परिसर के पास एक अध्ययन कक्ष भी संचालित करता है। ट्रस्ट उन किसानों के बच्चों की शिक्षा का खर्च भी उठाता है, जिनके परिवार के सदस्य आत्महत्या कर चुके हैं। वीणा पाटिल ने कहा, "हम यह सुनिश्चित करते हैं कि भक्तों द्वारा दिया गया दान और चढ़ावा समाज के कल्याण के लिए उपयोग किया जाए।"

## कुणाल कामरा को तीसरा नोटिस जारी

**मुंबई।** स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा को पुलिस ने पूछताछ के लिए पांच अप्रेल को पेश होने और अपना बयान दर्ज करवाने के लिए कहा गया है। हालांकि, मुंबई पुलिस ने कहा कि इससे पहले भी कुणाल कामरा को दो बार पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन वो दोनों ही बार पेश नहीं हुए। कुणाल कामरा ने हाल ही में अपने एक शो का सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में दावा किया गया है कि उन्होंने महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की। इसी के चलते उन पर एकनाथ शिंदे के समर्थकों ने एफआईआर दर्ज कराई। उन्हें अब पूछताछ के लिए बुलाया जा रहा है, लेकिन अब तक जारी किए गए 2 नोटिस पर वो पेश नहीं हुए थे।



बुलढाणा में सड़क हादसा

## पांच की मौत, 24 घायल

▶▶ बस-एसयूवी की भीषण टक्कर

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बुलढाणा।** महाराष्ट्र के बुलढाणा में बुधवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बुधवार सुबह पूर्वी महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में एक बस और स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि 24 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। घायलों का इलाज खामगांव के सरकारी अस्पताल में चल रहा है। इस दुर्घटना ने इलाके में हड़कंप मचा दिया है। खामगांव-शेगांव राजमार्ग पर सुबह करीब साढ़े पांच बजे एक तेज रफ्तार बोलेरो कार महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की बस से टकरा गई। इसके तुरंत बाद एक प्राइवेट बस ने दोनों वाहनों को टक्कर मार दी। प्राइवेट बस के आगे के केबिन को भारी नुकसान हुआ है। क्षतिग्रस्त हिस्से से चालक को निकालने के प्रयास जारी हैं। हादसा इतना भीषण था कि तीनों वाहन चकनाचूर हो गए। फिलहाल बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।



## मानसून के पहले पूरे करें सभी विकास कार्य: सरनाईक

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भायंदर।** मीरा भायंदर मनपा परिसर में किए जा रहे विकास कार्यों का जायजा लेते हुए परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने सभी कार्यों को मानसून के पहले पूर्ण कर लिए जाने के निर्देश दिए। मनपा परिसर के वर्सोवा ब्रिज से घोड़बंदर गांव खाड़ी के किनारे को समय रहते विकसित करने के साथ ही वॉक वे ,साइकिल ट्रैक के कार्यों को प्रधानता से किए जाने के निर्देश सरनाईक ने दिए। उनहोंने कहा कि मानसून के पहले सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाएं ताकि जनता को परेशानियों का सामना ना करना पड़े। सरनाईक के साथ मनपा आयुक्त राधाबिनोद शर्मा सहित अन्य मनपा अधिकारी मौजूद रहे। परिवहन मंत्री ने हिंदू श्मशान में लगाए जाने वाले इलेक्ट्रिक शव दाहिनी का की जानकारी ली। विभिन्न समाज के लिए बनाए जाने वाले समाज भवन के कार्यों की जानकारी मनपा अधिकारियों ने दी। मंत्री सरनाईक ने पालिका क्षेत्र के जलतरण तलाव, जिमनॅस्टिक सेंटर, ट्रैफिक पार्क, स्वर्गीय लता दीनानाथ मंगेशकर संगीत विद्यालय, सिंधुताई संकपाल तिरंदाजी केंद्र, सायकल व जॉगिंग ट्रॅक, घोडबंदर किले के कामों को समय रहते पूर्ण करने के दिशा निर्देश दिए।



मीरा भायंदर के विकास कार्यों का परिवहन मंत्री ने लिया जायजा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

## सीवरेज लाइन शुल्क जनता पर आर्थिक बोझ : रवि व्यास

**भायंदर।** मीरा भायंदर महानगरपालिका क्षेत्र में इन दिनों प्राइवेट सोसाइटी के सीवरेज सिस्टम को पाइपलाइन के जरिए नजदीकी एसटीपी प्लांट से जोड़ने का काम ठेकेदार के जरिए किया जा रहा है। जिसके लिए मनपा ने पहले सोसाइटी पर इस सुविधा का लाभ लेने के लिए कुल 25 हजार रुपए का शुल्क लगाया था। लेकिन अब मनपा इसके साथ ही सोसाइटी से पाइप लाइन, उसे बिछाने और जोड़ने का खर्च भी सोसाइटी से वसूल रही है। भाजपा नेता एड. रवि व्यास ने मनपा की इस नीति का विरोध किया है। उनका कहना है की पालिका इसके जरिए सोसाइटी और आम जनता पर अतिरिक्त बोझ लाद रही है। साथ ही शहर मे 50 प्रतिशत सोसाइटी मे ये काम पहले ही किया जा चुका है और अब बची हुई सोसाइटी से इस खर्च की भरपाई अन्यायपूर्ण है। रवि व्यास का कहना है की नगरपालिका और ठेकेदारों की देरी की वजह से आम जनता पर इस तरह से नुकसान वसूले जाने की नीति असंगत है। उन्होंने मनपा आयुक्त को पत्र लिखकर इस विषय की तरफ उनका ध्यान आकर्षित करवाया है और इस नये नियम को वापस लेने की मांग की है। गौरतलब है कि कई सोसाइटी और आम जनता मे भी मनपा की इस नीति को लेकर असंतोष देखने को मिल रहा है।





■ **मुंबई।** गुजरात के मेहसाणा जिले के भाजपा जिलाध्यक्ष गिरीश राजगौर के मुंबई आगमन पर गौसेवक समाजसेवी चतराराम पुरोहित वाली के निवास पर पुष्पगुच्छ देकर सत्कार करते दिलीप लूंभावास,मासमा उपाध्यक्ष गणपत खिरोड़ी, मश्रसिंह खिरोड़ी, पुखराज रतनपुरा, भेराराम वाली, भावाराम चौधरी आदि सदस्यगण मौजूद थे।

## छत्रपति संभाजीनगर के राजू शिंदे का उद्धव गुट से इस्तीफा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** शिवसेना के गढ़ छत्रपति संभाजीनगर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में ठाकरे गुट को बड़ा झटका लगा है। छत्रपति संभाजीनगर के पश्चिम विधानसभा अध्यक्ष राजू शिंदे ने अपने पद और पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे को पत्र लिखकर अपना इस्तीफा सौंप दिया है। राजू शिंदे ने अपने इस्तीफे में पूर्व सांसद चंद्रकांत खैरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। राजू शिंदे ने अपने इस्तीफे में पूर्व सांसद चंद्रकांत खैरे के प्रति अपनी कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि वह चंद्रकांत खैरे के लगातार हस्तक्षेप और व्यवहार के कारण इस्तीफा दे रहे हैं। राजू शिंदे के साथ कुछ सहकर्मियों ने भी इस्तीफा दे दिया है। बीएमसी चुनाव से पहले ठाकरे गुट के लिए यह बड़ा झटका है। राजू शिंदे ने पत्र में लिखा है कि मैं उद्धव ठाकरे और अंबादास दानवे पर विश्वास रखते हुए पार्टी में शामिल हुआ। आपने मुझ पर भरोसा किया और मुझे विधान सभा के लिए नामांकित किया। मैं और मेरे सहकर्मी इसके लिए आभारी हैं, लेकिन किसी कारणवश तथा पूर्व सांसद चंद्रकांत खैरे से मेरी नाराजगी के कारण मैंने अपने सभी समर्थकों व साथियों के साथ शिवसेना पार्टी व विधानसभा अध्यक्ष के पद से इस्तीफा देने का निर्णय लिया है। राजू शिंदे ने पत्र में कहा है कि इसे स्वीकार किया जाना चाहिए।



## महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव 10 को

**मुंबई।** श्रमण भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव 10 अप्रेल को सुबह 9:30 बजे दादर (पूर्व) में स्थित स्वामी नारायण मंदिर के योगी सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन, कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, गजेंद्र शेखावत और महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर जैसे प्रमुख अतिथि एवं मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके अलावा, महाराष्ट्र सरकार में कैबिनेट गिरीश महाजन, मंगलप्रभात लोढ़ा, राज्यसभा सांसद मिलिंद देवड़ा, पूर्व कैबिनेट मंत्री राज पुरोहित और जैन माइनॉरिटी फेडरेशन के अध्यक्ष ललित गांधी विशेष अतिथि भी मौजूद रहेंगे। यह जानकारी भारत जैन महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीसी डांगी ने दी।

## जालोर भाजपा जिलाध्यक्ष कल मुंबई में

▶▶ जसराज राजपुरोहित का अभिनंदन समारोह

सुरेश पाडीव/जागरूक टाइम्स

**मुंबई।** जालोर बीजेपी के नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित के मुंबई आगमन पर चार अप्रेल की शाम चार बजे लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण के माधवबाग स्थित एसी हॉल में भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष बनने के बाद यह उनका पहला मुंबई दौरा होगा, जिसे लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं और प्रवासी राजस्थानियों में जबरदस्त उत्साह है। जसराज राजपुरोहित के सम्मान में शॉल,स्मृति चिह्न और पुष्पगुच्छ भेंटकर भव्य अभिनन्दन किया जाएगा। पुराराम चौधरी पूर्व विधायक भीनमाल, नारायण सिंह देवल पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक रानीवाड़ा, मेहसाणा भाजपा जिलाध्यक्ष गिरीश भाई राजगौर भी इनके साथ आ रहें है।



**स्वागत की भव्य तैयारी पूरी**

समारोह में महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष एड. राहुल नार्वेकर,मलबार हिल विधायक व महाराष्ट्र सरकार के केबिनेट मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा, महाराष्ट्र के पूर्व कैबिनेट मंत्री राज के.पुरोहित समेत कई वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी, समाजसेवी,व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि और प्रवासी राजस्थानी समुदाय के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

**राजपुरोहित रखेंगे अपने विचार**

इससे पहले भी, आत्मविश्वास और आत्म-नियंत्रण का मूल मंत्र हैं। सभी युवाओं को समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।" संभवतः मुंबई के इस अभिनंदन समारोह में भी वे शिक्षा और क्षेत्र के विकास पर अपने विचार साझा करेंगे।

**भाजपा कार्यकर्ताओं और समाज में उत्साह**

मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं और राजस्थानी समाज के छत्तीसकौम के लोगों में इस समारोह को लेकर भारी उत्साह हैं। अभिनन्दन समारोह मे बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना हैं, जिससे यह आयोजन एक स्मरणीय क्षण बनने जा रहा हैं।

## केंद्र सरकार को सौंपी जाएगी मेनन की 14 संपत्तियां

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने साल 1993 में मुंबई में हुए सीरियल बम धमाकों के कथित मास्टरमाइंड टाइगर मेमन की 14 संपत्तियां को केंद्र सरकार को सौंपने का आदेश दिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, ये संपत्तियां मेमन और उसके परिवार के सदस्यों के नाम पर है और टाडा अदालत के आदेश के बाद साल 1994 से बॉम्बे हाईकोर्ट के कब्जे में थीं। केंद्र सरकार को सौंपी जाने वाली 14 संपत्तियों में बांद्रा (पश्चिम) में एक फ्लैट, माहिम में एक दफ्तर परिसर, माहिम में प्लॉट, सांताक्रूज (पूर्व) में एक खाली प्लॉट और एक फ्लैट, कुर्ला में दो फ्लैट, मोहम्मद अली रोड पर एक कार्यालय, डोंगरी में एक दुकान और एक प्लॉट, मनीष मार्केट में तीन दुकानें और मुंबई के शेख मेमन स्ट्रीट पर एक इमारत शामिल है।

■ 1993 के मुंबई धमाकों का आरोपी टाइगर मेमन

महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी पुरस्कार

## सम्मानित साहित्यकारों का 'नगर सत्कार'

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई में आयोजित महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के वर्ष 2024-25 के पुरस्कार समारोह में सम्मानित होने वाले नागपुर के मूर्धन्य साहित्यकारों के नगर सत्कार का गरिमापूर्ण समारोह अकादमी की उपाध्यक्षा और नागपुर प्रतिनिधि प्रियंका शक्ति ठाकुर की अध्यक्षता में विदर्भ हिंदी साहित्य सम्मेलन के साकेत सभागार में संपन्न हुआ। इस समारोह में मीरा जोगलेकर की सरस्वती वंदना के बाद अकादमी की उपाध्यक्ष प्रियंका ठाकुर का स्वागत रूबी दास 'अरु' ने किया। संचालनकर्ता साहित्यकार अविनाश बागड़े ने अकादमी द्वारा पुरस्कृत और जिन्हें इस वर्ष सम्मान नहीं मिल सका, ऐसे व्यक्तियों की प्रतिक्रियाओं को एक सहज मानवीय प्रवृति बताया। मुख्य कार्यक्रम में नागपुर के वरिष्ठ साहित्यकारों इंदिरा किसलय, कृष्ण नागपाल, प्रभा ललित सिंह, सत्येंद्र प्रसाद सिंह, माधुरी मिश्रा और संतोष बादल ने अकादमी द्वारा सम्मानित तीनों सत्कार मूर्तियों का सत्कार किया। इस अवसर पर आभा सिंह, डॉ. मनोज पाण्डे, वरिष्ठ साहित्यकार रामकृष्ण सहस्त्रबुद्ध, अकादमी की उपाध्यक्षा प्रियंका ठाकुर एवं टीकाराम साहू आजाद ने अपने विचार व्यक्त किए। आभार प्रदर्शन एस पी. सिंह ने किया। इस आयोजन में किशन शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार नीरज श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार अजय पांडे, मुकेश कुमार सिंह, पूनम मिश्रा, देवयानी बनर्जी, बनर्जी सर, सिंह साहब, रामटेके सर, रुचिता, डॉ. सुमिता कोंडबतुनवार, मंजूषा किंजवड़ेकर और उमाशंकर नामदेव ने प्रमुख भूमिका निभाई।



## महाराष्ट्र में नई गाड़ी लेने पर मिलेगी टैक्स में छूट

**मुंबई।** महाराष्ट्र में महायुति की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने मंगलवार (1 अप्रेल) को मंत्रिमण्डल की बैठक के बाद तय किया कि जो लोग पुरानी गाड़ी अपनी मर्जी से स्क्रैप में देते हैं, उन्हें वैसी ही नई गाड़ी खरीदते समय टैक्स में 15 परसेंट की छूट दी जाएगी। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से कहा गया है कि रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपेज फेसिलिटी (आरवीएसएफ) में रजिस्टर्ड आठ साल के अंदर की गाड़ियां स्वेच्छा से स्क्रैप में देने पर 10 फीसदी की रियायत दी जाएगी। इसके अलावा, 15 साल के अंदर गैर-परिवहन वाहनों को भी स्क्रैप में दिए जाने पर भी टैक्स में 10 प्रतिशत की रियायत दी जाएगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में तय किया गया है कि परिवहन और गैर-परिवहन वाहनों को एकमुश्त कर के अधीन 15 प्रतिशत टैक्स रियायत दी जाएगी। वहीं, ट्रांसपोर्ट कैटेगरी में आने वाले वाहन, रजिस्ट्रेशन डेट से 8 साल के अंदर के हों, तो उन्हें स्क्रैप में देने पर 15 परसेंट टैक्स रिबेट मिलेगा। इसके अलावा, गैर-परिवहन कैटेगरी में आने वाले वाहन रजिस्ट्रेश डेट से लेकर 15 साल तक वार्षिक कर के अधीन आते हैं, उनमें 15 प्रतिशत वार्षिक कर में छूट दी जाएगी। आरवीएसएफमें गाड़ियों को स्क्राप में देने के बाद ओनर को जो सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट दिया जाएगा।

## अनुयायी का हालचाल लेने नानावटी अस्पताल पहुंचे आचार्य

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई आगमन के दौरान पद्मश्री से सम्मानित आचार्य विजय नित्यानंद सूरीश्वर महाराज ने अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। आध्यात्मिक व सामाजिक कार्यों में निरंतर सक्रिय रहते हुए भी वे अपने अनुयायियों के प्रति जिस आत्मीयता का परिचय देते हैं, उसका प्रत्यक्ष प्रमाण तब मिला जब उन्होंने बीच यात्रा में नानावटी अस्पताल पहुंचकर अपने साधारण भक्तों की कुशलक्षेम पूछी। आचार्य श्री के मुंबई प्रवेश पर उनके अनुयायियों में हर्ष की लहर थी। इसी बीच, उन्हें ज्ञात हुआ कि उनके कुछ भक्त अस्वस्थ हैं और अस्पताल में उपचाराधीन हैं। बिना किसी औपचारिकता की चिंता किए, उन्होंने नानावटी अस्पताल जाने का निर्णय लिया। वहां पहुंचकर उन्होंने न केवल भक्तों से आत्मीय संवाद किया, बल्कि उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना भी की। उनकी इस संवेदनशीलता और सरल स्वभाव ने वहां मौजूद सभी लोगों को प्रभावित किया। उच्च आध्यात्मिक स्थान पर विराजमान होते हुए भी उनका अपने अनुयायियों के प्रति यह स्नेहिल व्यवहार उनके महान व्यक्तित्व को दर्शाता हैं। यह घटना इस बात की पुष्टि करती हैं कि सच्चा संत वही होता हैं जो न केवल धर्म और शिक्षा का प्रचार करता हैं, बल्कि अपने अनुयायियों के सुख-दुःख में भी समान रूप से सहभागी बनता हैं।



■ पद्मश्री आचार्य विजय नित्यानंद सूरीश्वर ने भक्तों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की

■ सच्चा संत वही जो अनुयायियों के सुख-दुःख में सहभागी हो

पगारिया जेबीएन महाकुंभ-2025

## व्यापार के महासंगम का शुभारंभ छह जून से

महाकुंभ का आयोजन जीतो मुंबई जोन के नेतृत्व में




सुरेश भंसाली/जागरूक टाइम्स

**मुंबई।** व्यापार और नेटवर्किंग की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए जीतो मुंबई जोन द्वारा आयोजित "पगारिया जेबीएन महाकुंभ-2025" का भव्य अनावरण बुधवार को वर्ली, मुंबई के जेड बॉलरूम में संपन्न हुआ। महाकुंभ-2025 का आयोजन छह से आठ जून तक मुंबई में आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश-विदेश के हजारों जैन व्यापारी अपने व्यावसायिक विस्तार और नेटवर्किंग को नई दिशा देने के लिए एक मंच पर जुटेंगे। जीतो मुंबई जोन के नेतृत्व में इस महाकुंभ के आयोजन में जीतो गोवालिया टैंक का विशेष सहयोग रहा हैं। इस अवसर पर जीतो गोवालिया टैंक चैप्टर मुंबई के संयोजक हार्दिक शाह ने पूरे जैन समाज को इस महाकुंभ का हिस्सा बनने का खुला निमंत्रण दिया। कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने में जीतो मुंबई जोन के चेयरमैन विनय जैन, वाइस चेयरमैन अशोक मेहता, चीफ सेक्रेटरी विजय जैन, जेबीएन कन्वीनर हार्दिक शाह सहित जीतो अपेक्स के प्रेसीडेंट विजय भंडारी, चेयरमैन कैलाश गोलेच्छा, डायरेक्टर इंचार्ज महावीर लुणावत, चीफ सेक्रेटरी सीए अजय जैन तथा गोवालिया टैंक चैप्टर के चेयरमैन जयेश भंसाली और चीफ सेक्रेटरी महेंद्र शाह का विशेष योगदान रहा। इस अनावरण समारोह में 'पगारिया जेबीएन महाकुंभ-2025' के आधिकारिक 'लोगो' का भी अनावरण किया गया। जीतो अपेक्स मुंबई के चेयरमैन पृथ्वीराज कोठारी ने अपने संबोधन में इस आयोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह महाकुंभ न केवल गोवालिया टैंक या मुंबई जोन तक सीमित हैं, बल्कि यह संपूर्ण जैन समाज के वैश्विक व्यापारिक बंधुओं के लिए एक ऐतिहासिक अवसर हैं।

**व्यापार और नेटवर्किंग का स्वर्णिम अवसर**

■ इस महाकुंभ का उद्देश्य केवल व्यापारिक लेन-देन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म होगा जहां विचारों का आदान-प्रदान, नई संभावनाओं की खोज और सहयोग की असीमित संभावनाएं विकसित होंगी। व्यापार की दुनिया में आगे बढ़ने के इच्छुक उद्यमियों के लिए यह आयोजन एक मील का पत्थर साबित होगा।

**आयोजन में व्यापरियों से सीधा संवाद**

■ जो व्यापारी अपने व्यवसाय को नए स्तर पर ले जाना चाहते हैं, उनके लिए यह महाकुंभ अनमोल अवसर हैं। मुंबई में होने वाले इस भव्य आयोजन का हिस्सा बनकर देश-विदेश के दिग्गज व्यापारियों और निवेशकों के साथ सीधा संवाद स्थापित करेंगे। यह सिर्फ एक इवेंट नहीं, बल्कि संभावनाओं का सागर हैं-इसमें डूबने के लिए तैयार रहें।

**विशेष सूचना**

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष की मुलाकात





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

इस अवसर पर शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष को दुपट्टा ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान दोनों के बीच विधायी प्रक्रियाओं, सुशासन और राज्यों के मध्य आपसी सहयोग सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

## जयपुर में इस बार आईपीएल देखना हुआ महंगा

### टिकटों में 3000 रुपए तक की बढ़ोतरी, ऑफलाइन बिक्री 5 अप्रैल से, स्टूडेंट्स के लिए 500 रुपए में टिकट

**जयपुर।** जयपुर में इस बार आईपीएल के मैच देखना महंगा हो गया है। राजस्थान रॉयल्स ने अपनी टिकटों की रेट में 3000 रुपए तक की बढ़ोतरी की है। वहीं स्टूडेंट्स को राहत दी है। जयपुर में आईपीएल के 5 मैच होंगे।

पहले मैच के लिए ऑफलाइन टिकटों की बिक्री 5 अप्रैल से शुरू हो जाएगी। ये टिकटें राजस्थान रॉयल्स मैनेजमेंट द्वारा 13 अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और राजस्थान रॉयल्स के बीच होने जा रहे पहले मुकाबले के लिए काउंटर पर बेचीं जाएंगी। इसमें स्टूडेंट्स के लिए आईडी दिखाने पर 1000 रुपए का डिस्काउंट दिया जाएगा। उन्हें 1500 रुपए का टिकट महज 500 रुपए में मिलेगा। वहीं अन्य कैटेगरी में टिकटों की दरें डिमांड के अनुसार बढ़ाई जाएंगी। राजस्थान रॉयल्स मैनेजमेंट ने हर मैच में टिकटों प्राइज अलग-अलग होने के संकेत दिए हैं।

# राइजिंग राजस्थान पर गहलोत बोले, खूब प्रचार और विदेशों के दौरे किए

## बोले, मैंने तो पहले ही कहा था, जितना प्रचार किया जा रहा है उतना निवेश नहीं होगा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राइजिंग राजस्थान में इन्वेस्टमेंट को लेकर पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने तंज कसते हुए कहा मैंने पहले ही आशंका जाहिर कर दी थी कि जितना प्रचार कर रहे है उतना निवेश नहीं हो पाएगा।

दरअसल, झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में बुधवार को युवा कांग्रेस की ओर से मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया। इस फेयर में 186 से अधिक बड़ी कंपनियां हिस्सा ले रही हैं। इस कार्यक्रम में पूर्व सीएम अशोक गहलोत,, भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लावारू और राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब भी मौजूद थे।



### » बोले- 10-12 हजार करोड़ भी आते तो स्वागत करते

राइजिंग राजस्थान को लेकर पूर्व सीएम ने कहा- भाजपा की सरकार ने खूब प्रचार किया था। विदेशों के दौरे किए और 33 लाख करोड़ के एमओयू होने के दावे किए। अगर उनमें से 10-12 हजार करोड़ भी आते है तो हम इसका स्वागत करेंगे कि निवेश कुछ आया, लेकिन, अब मुख्यमंत्री ही कह रहे हैं कि निवेशक फोन नहीं उठा रहे, ईमेल का जवाब नहीं दे रहे है। आगे से अधिकारियों को भी इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि उन्हीं से एमओयू करे, जो फोन उठाए। पूर्व सीएम बोले मैंने तो पहले से ही इसकी आशंका व्यक्त कर दी थी कि जिस तरह का प्रचार किया जा रहा है उतना निवेश नहीं हो पाएगा। मोदी सरकार अमीर दोस्तों का ही भला कर रही है।

### » बोले, गली-गली लगने चाहिए रोजगार मेले

वहीं रोजगार मुद्दे पर भी पूर्व सीएम गहलोत ने कहा केंद्र की भाजपा सरकार और प्रदेश की सरकारों ने युवाओं से रोजगार के खूब बड़े-बड़े वादे किए लेकिन रोजगार नहीं दिया। उन्होंने युवा कांग्रेस के इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि अच्छी बात है कि युवा कांग्रेस ने राहुल गांधी के संदेश को अमली जामा पहनाया है। लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। मैं समझता हूं कि ऐसे रोजगार मेले गली गली में लगने चाहिए। बड़ी-बड़ी कंपनियां आई हैं और लोगों को हाथों-हाथ रोजगार मिल रहा है।

### » इंटरव्यू के बाद सिलेक्ट कैंडिडेट को दिया जॉइनिंग लेटर

रोजगार मेले में 10वीं, 12वीं से लेकर उच्च शिक्षा तक के बेरोजगार युवाओं का मौके पर ही रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। इंटरव्यू के बाद सिलेक्ट उम्मीदवारों को तुरंत ज्वाइनिंग लेटर दिए जा रहे हैं। आयोजकों का दावा है कि पहले चरण में करीब 2000 युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। कृष्णा अल्लावारू ने कहा केंद्र की मोदी सरकार ने हर साल 2 करोड़ रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन पिछले 50 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी मोदी सरकार के कार्यकाल में ही है। हमने युवाओं को रोजगार देने की पहल राजस्थान से शुरू की है और जिस तरह का रिस्पांस युवाओं का मिला है उसको देखते हुए हम अब हर राज्य में इसे लागू करेंगे। का दावा है कि शाम 5 बजे तक ढाई से तीन हजार युवाओं को जॉइनिंग लेटर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अभी पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर इसे राजस्थान में इसकी शुरुआत की गई है। अब जिला और ब्लॉक लेवल पर भी इस तरह के आयोजन किए जाएंगे।

## जयपुर में 2 हिस्ट्रीशीटरों से सात लाख के 43 मोबाइल बरामद

**जयपुर।** एसएमएस थाना पुलिस ने 7 लाख रुपए के 43 मोबाइलों के साथ 2 हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। ये बदमाश एसएमएस अस्पताल के आसपास के इलाकों में मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम दिया करते थे। रिकवर हुए मोबाइलों को ये बदमाश अपराध करने वाले लोगों को बेचा करते थे। डीसीपी ईस्ट तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 1 अप्रैल को दीपक कुमार ने एसएमएस थाने पर लिखित रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उनकी माताजी का इलाज एसएमएस अस्पताल में चल रहा है। वह एडवांस आईसीयू में भर्ती है। 28 मार्च को रात 1 बजे जब वह सोया और सुबह 4 बजे जब उठा तो देखा की मोबाइल गायब था। आसपास के लोगों से मोबाइल के बारे में पूछा तो किसी को भी जानकारी नहीं थी।

**सीसीवी टीवी फुटेज से जांच की थी:-** इसके बाद मोबाइल चोरी को लेकर में एसएमएस थाने में रिपोर्ट दी जिस पर पुलिस टीम ने पीड़ित की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने घटना वाली जगह पर लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जिस के बाद पुलिस टीम ने कुछ संदिग्धों को डिटेन कर पूछताछ की जिस पर आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार किया और लूटे और चोरी किए गए मोबाइल रिकवर हुए।

# प्रदेश में 5 हजार करोड़ की लागत से नेशनल हाइवे बनेगें : उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी

## राज्य योजना में सड़कों के लिए 17 हजार 384 करोड़ का प्रावधान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया कि प्रदेश में 21 नेशनल हाईवे परियोजनाओं के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा लगभग 5 हजार करोड़ की लागत की नई परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके तहत् नागौर नेत्रा सड़क के 4 लेन का कार्य, रायपुर जस्साखेड़ा, गंगापुर सिटी बाईपास, करौली बाईपास सहित विभिन्न सड़कों का निर्माण सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा करवाया जायेगा । इसके साथ ही दुर्घटना सम्भावित 13 ब्लैक स्पाट्स के सुधार का कार्य भी करवाया जायेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गड़करी का इस स्वीकृति के लिए धन्यवाद दिया है।



### गत वर्ष राज्य योजना में 12620 करोड़ खर्च, अब तक का सर्वाधिक

उपमुख्यमंत्री ने कहा है की मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन सरकार विकास के नये प्रतिमान स्थापित कर रही है। गत वर्ष में राज्य योजना में सड़क, पुल/आरओबी/आरयूबी निर्माण हेतु 12 हजार 620 करोड़ रूपये व्यय किये गए जो कि अब तक का सर्वाधिक है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष सड़क विकास के बजट में ऐतिहासिक वृद्धि करते हुए 17 हजार 384 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। गौरलतब है कि राज्य योजना में ग्रामीण सड़क, वृहद् जिला सड़क (एमडीआर), स्टेट हाईवे सहित विभिन्न निर्माण करवाये जाते है।

### सीआरआईएफ में 1300 करोड़ खर्च, अब तक का सर्वाधिक

केंद्रीय सड़क आधारभूत निधि से प्रदेश में गत वर्ष में लगभग 1300 करोड़ की लागत की सड़कों का निर्माण करवाया गया है। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता ने बताया की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के प्रयासों एवं प्रभावी मॉनिटरिंग से सीआरआईएफ में पूर्व के वर्षों मे संचयी राशि में से राशि प्राप्त करते हुए अब तक की सर्वाधिक राशि गत वर्ष में खर्च की गई है।

## डिस्कॉम्स की समीक्षा बैठक

### गर्मी के मौसम में आमजन को सुनिश्चित हो निर्बाध विद्युत आपूर्ति

# विद्युत तंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए डिस्कॉम्स उठाएं प्रभावी कदमः सीएम भजनलाल शर्मा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गर्मी के मौसम में आमजन को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि डिस्कॉम्स के अधिकारी बिजली आपूर्ति की सतत् मॉनिटरिंग करें और लाइनों में सुधार, ट्रांसफार्मर और जीएसएस स्थापित करने से संबंधित कार्यों को समय पर पूरा करें। साथ ही, डिस्कॉम्स बिजली छीजत घटाने को प्राथमिकता देते हुए इसे न्यूनतम करने का लक्ष्य प्राप्त करें।

शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर जयपुर, जोधपुर और अजमेर विद्युत वितरण निगमों (डिस्कॉम्स) की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डिस्कॉम्स उन ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत तंत्र को सुदृढ़ करें, जहां गत वर्ष विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं थी। टीएण्डडी और एटीएण्डसी लॉसेज को न्यूनतम करने के लिए फीडर्स लेवल मॉनिटरिंग की जाए। साथ ही, खराब मीटर्स का रिपेयर और रिप्लेसमेंट सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने ऊर्जा उत्पादन निगम को पीक टाइम से पहले मेंटेनेंस पूरा करने के लिए भी निर्देशित किया।

बैठक में ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री) आलोक गुप्ता, डिस्कॉम्स चैयरमेन आरती डोगरा, राजस्थान ऊर्जा विकास निगम के प्रबंध निदेशक ओम कसेरा, राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम के प्रबंध निदेशक नथमल डिडेल, जोधपुर विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. भंवरलाल, अजमेर विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक केपी वर्मा उपस्थित रहे। वहीं सभी जिलों के कलक्टर वीसी के माध्यम से बैठक से जुड़े।

### पीएम कुसुम योजना में लाएं गति

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान (पीएम कुसुम) ए तथा सीकम्पोनेन्ट्स मील का पत्थर साबित होंगे। इन कम्पोनेंट में अपेक्षित गति लायी जाए। उन्होंने कहा कि विद्युत तंत्र के सुदृढ़ीकरण में आरडीएसएस योजना की अहम भूमिका है। इस योजना की प्रभावी क्रियान्विति से घरेलू एवं अघरेलू उपभोक्ताओं को सुचारू बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी और उन्हें ट्रिपिंग की समस्या से भी निजात मिलेगी। जयपुर, जोधपुर और अजमेर डिस्कॉम्स इस योजना की प्रभावी रूप से क्रियान्वित करें। जो कॉन्ट्रेक्टर्स योजना के कार्यों को संपादित करने में अनावश्यक देरी कर रहे हैं, उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

### मुफ्त बिजली योजना को त्वरित क्रियान्वित करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री नि:शुल्क बिजली योजना के लाभान्वित परिवारों को सोलर प्लांट लगाते हुए नि:शुल्क 150 यूनिट्स बिजली प्रतिमाह उपलब्ध कराएगी। जिन अल्प आय वर्ग के घरों पर सोलर प्लांट का स्थान उपलब्ध नहीं है, वहां पर सामुदायिक सोलर प्लांट स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने इस योजना की त्वरित क्रियान्विति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### लंबित कृषि कनेक्शन्स को प्राथमिकता से जारी करें

शर्मा ने डिस्कॉम्स को लंबित घरेलू एवं अघरेलू कनेक्शन शीघ्र जारी करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा किलंबित कृषि कनेक्शन्स को प्राथमिकता से निस्तारित किया जाए। डिस्कॉम्स के अधिकारी प्रतिदिन कृषि कनेक्शन जारी करने की रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को भेंजे। मुख्यमंत्री ने पीएचईडी कनेक्शनों को जारी करने की स्थिति, 33 और 11 केवी जीएसएस के निर्माण औरखराब ट्रांसफार्मर के रिप्लेसमेंट की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।


## देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाना ने उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा का जताया आभार

**जयपुर।** उच्च शिक्षा आयुक्तालय द्वारा छात्रवृत्ति एवं स्कूटी वितरण योजना के आवेदन संबंधी प्रक्रिया में निर्देश जारी करते हुए विद्यार्थियों के आक्षेप पूर्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 9 अप्रैल 2025 की गई। इसमें वर्ष 2024-25 के लिए काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी वितरण योजना, देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण एवं प्रोत्साहन राशि योजना, विधवा एवं परित्यक्ता मुख्यमंत्री बीएड संबल योजना, मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना, बोर्ड एवं विश्वविद्यालय में प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण, जनजाति प्रतिभावान छात्रों को आर्थिक सहायता, जनजाति छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता, सहरिया जनजाति छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता, सहरिया छात्र-छात्राओं को बीएड प्रशिक्षण के लिए आर्थिक सहायता एवं मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन करने वाले अनेक छात्र-छात्राओं का आवेदन पत्र में ऑनलाइन पोर्टल पर तकनीकी समस्या होने के कारण संशोधन नहीं किया जा सका। इससे अंतिम वरीयता सूची में नाम नहीं जुड़ सका। आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि 31 मार्च को समाप्त हो जाने के कारण ये विद्यार्थी संशोधन करने से वंचित रह गए थे।



## जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को दिये निर्देश

# आईपीएल के आयोजन के लिए समस्त आवश्यक इंतजाम हों सुनिश्चित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जयपुर में आईपीएल के आयोजन के दौरान दर्शकों की सुरक्षा सहित आयोजन से जुड़े सभी इंतजामों के लिए समस्त निर्धारित मानदंडों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर की अध्यक्षता में आईपीएल के आयोजन के संबंध में बैठक हुई।

जिला कलक्टर ने अधिकारियों को दर्शकों के लिए नि:शुल्क पेयजल व्यवस्था करने के निर्देश दिये। जिला रसद अधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को मैच के आयोजन के दौरान परोसे जाने वाले भोजन एवं अन्य खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता जांच करने एवं अस्थाई रसोईयों में साफसफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।

बैठक में जिला कलक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों को आपसी सहयोग एवं समन्वय स्थापित करते हुए सुरक्षा एवं बचाव की प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने एवं क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को स्टेडियम में एंबुलेंस मय प्रशिक्षित चिकित्सकीय दल की तैनाती करने, अलग-अलग स्थानों पर मेडिकल कियोस्क स्थापित करने, नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों की तैनाती करने, निर्बाध विद्युत आपूर्तिए दर्शकों की सघन तलाशी करने, आयोजन स्थल पर पर्याप्त मात्रा में अग्निशमन वाहनों एवं यंत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित करनेए दर्शकों को नियमों की जानकारियों के लिए प्रचार प्रसार के लिए निर्देशित किया।

बैठक में सुरक्षा विशेषज्ञ फूलचंद चौधरी ने जानकारी दी कि आईपीएल के आयोजन के लिए जिला कलक्टर के निर्देश पर पहली बार आपात कालीन स्थिति में दर्शकों के बचाव एवं निकास के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है साथ ही ब्लॉकवार निकास योजना एवं बचाव स्थल का भी चिन्हीकरण किया गया है। 24 हजार की दर्शक क्षमता वाले सवाई मान सिंह स्टेडियम में सुरक्षा के लिए लिहाज से 291 सीसीटीवी कैमरे एवं एक केंद्रीयकृत नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया।

साथ ही बैठक में जानकारी दी गई कि आईपीएल के दौरान भीड़ नियंत्रणए आपत स्थिति में बचाव कार्य सहित अन्य जरूरी व्यवस्था बनाये रखने के लिए चप्पे-चप्पे पर 477 सुरक्षा गार्डों की तैनाती की जाएगी। वहीं अमरूदों के बाग, एसएमएस इंवेस्टमेंट सेंटर, रामबाग सर्किल पर सुबोध पार्किंग सहित विशिष्ट अतिथियों के लिए अलग से पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

## जयपुर में वक्फ बिल का विरोध मुस्लिम संगठनों का प्रदर्शन

**जयपुर।** लोकसभा में पेश किए गए वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ मुस्लिम संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। जयपुर समेत राजस्थान के कई जिलों में संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। राजधानी जयपुर के एमडी रोड पर सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया ने प्रदर्शन किया। संगठन का कहना है कि यह संशोधन लोकतंत्र के विरुद्ध है। उनकी मांग है कि इस बिल को लोकसभा और राज्यसभा में पेश न किया जाए। प्रदर्शन के दौरान पुलिस बल तैनात रहा। जमाते इस्लामी हिंद के केंद्रीय सहायक सचिव डॉ. इकबाल अहमद ने बिल को मुस्लिम समाज के साथ अन्याय बताया। उन्होंने कहा कि यह संविधान का उल्लंघन है। उनका आरोप है कि सरकार वक्फ संपत्तियां हड़पना चाहती है। इसलिए बिल को जल्दबाजी में लाया गया है। द मुस्लिम संगठनों की मांग है कि अगर वक्फ में संशोधन करना है, तो देवस्थान विभाग सहित अन्य धार्मिक बोर्डों में भी संशोधन किया जाए।

# लोन नहीं मिलने पर बैंक से लूटा 13 करोड़ का सोना

## मनी हाइस्ट सीरीज से आया आइडिया फिर यूट्यूब वीडियो देखकर बनाया प्लान, 6 आरोपी गिरफ्तार



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के दावणगेरे जिले के एक शख्स ने लोन नहीं मिलने पर बैंक से 17 किलो सोना लूट लिया। पुलिस ने बताया चोरी का मुख्य आरोपी विजयकुमार (30 साल) आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। उसने अगस्त 2023 में एसबीआई बैंक में 15 लाख रुपए के लोन के लिए अप्लाई किया था, लेकिन उसका एप्लिकेशन रिजेक्ट हो गया। इससे नाराज होकर उसने बैंक से 13 करोड़ रुपए का सोना लूटा। पुलिस ने बताया कि आरोपी विजयकुमार को स्पैनिश क्राइम ड्रामा सीरीज 'मनी हाइस्ट' से चोरी का आइडिया आया। इसके बाद उनके यूट्यूब वीडियो देखकर 6 -9 महीने में बैंक लूट की प्लानिंग की। बैंक लूटने में उसने भाई अजयकुमार, बहनोई परमआनंद और तीन अन्य साथी अभिषेक, चंद्रु और मंजूनाथ की भी मदद ली। पुलिस ने फिलहाल सभी 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### पुलिस ने कई राज्यों में की आरोपियों की तलाश

चोरी के बाद गैंग ने चोरी किए गए सोने को को बेचना शुरू कर दिया। इससे मिले पैसे को बिजनेस और घर खरीदने के लिए इस्तेमाल किया। इधर, पुलिस की इन्वेस्टिगेशन टीम ने नवंबर से फरवरी के बीच गुजरात, राजस्थान, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में सर्च ऑपरेशन किए।

**बैंक चोरी का बनाया सटीक प्लान, कई बार प्रैक्टिस की:-** पुलिस ने बताया कि आरोपी विजयकुमार ने बैंक लूटने से पहले अपने 5 साथियों के साथ मिलकर कई महीने प्लानिंग की। विजयकुमार और चंद्रू ने कई बार बैंक की रेकी की। उन्होंने रात को सुनसान खेतों से बैंक तक जाने की मॉक ड्रिल की ताकि पुलिस और आम लोगों की मूवमेंट का अंदाजा ना हो सके।

इसके बाद गैंग ने खिड़की से बैंक में एंट्री ली। साइलेंट हाइड्रोलिक आयरन कटर और गैस-कटिंग टूल्स का इस्तेमाल करके बैंक के लॉकर तोड़े। किसी ने भी फोन का इस्तेमाल नहीं किया। सीसीटीवी का डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर (डीवीआर) भी साथ ले गए। जिससे पुलिस के लिए कोई सुराग नहीं बचा। विजयकुमार ने सिक्योरिटी बैरियर काटने के लिए इस्तेमाल किए गए ऑक्सीजन सिलेंडर के सीरियल नंबर भी मिटा दिए। गैंग ने मिर्च पाउडर स्ट्रॉन्ग रूम और मैनेजर के केबिन समेत पूरे बैंक में फैला दिया ताकि पुलिस के लिए जांच करना मुश्किल हो जाए।

स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-6766677, 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com